You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-96 ❒ बुधवार, 06 मई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



मां काली और मां कामाख्या की पवित्र भूमि में जो विजय श्री मिली है इसके लिए आज मां काली के दर्शन करके माथा टेकने आए हैं। मां काली, माँ कामाख्या और दुर्गा हम सभी को आशीर्वाद दें ताकि बंगाल और असम सहित पूरे देश के विकास में हम अपने राष्ट्र नायक नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम करें।
नितिन नवीन

भारत और जापान ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने पर बल दिया 11

बिहार में सम्राट चौधरी मंत्रिमंडल का 7 मई को होगा विस्तार 12

## संक्षेप

### भाजपा ने शाह को बंगाल और नड्डा को असम के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को बंगाल और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को असम के लिए पर्यवेक्षक बनाया। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में श्री शाह पश्चिम बंगाल में पार्टी के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे। वहीं ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सह पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे। श्री सिंह ने बताया कि श्री नड्डा ओडिशा में पार्टी के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे। वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सह पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे। गौरतलब है कि सोमवार को घोषित हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों के अनुसार भाजपा स्पष्ट बहुमत के साथ बंगाल में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। वहीं असम में जीत की हैट्रिक लगाते हुए पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी।

### सेना के लिए जमीन आधारित मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली की खरीद का अनुबंध

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए जमीन आधारित पांच मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली की खरीद के उद्देश्य से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, हैदराबाद के साथ 1,476 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि इस प्रणाली में कम से कम 72 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया जाएगा। यह अनुबंध ' खरीदो (भारत में डिजाइन, विकसित और विनिर्मित) श्रेणी के अंतर्गत किया गया है। इस अनुबंध पर मंगलवार को यहां कर्तव्य भवन-2 में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। यह प्रणाली भारतीय सेना की इकाइयों का आधुनिकीकरण करेगी और देश के स्वदेशी रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बनाएगी। यह अनुबंध सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक-इन-इंडिया' पहल के प्रति प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करता है।

### मऊ में आईएस-191 मुख्तार अंसारी गैंग के 118 सदस्यों/सहयोगियों का सत्यापन

**मऊ।** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में संगठित एवं पेशेवर अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए आईएस-191 मुख्तार अंसारी गैंग से जुड़े सदस्यों/सहयोगियों का व्यापक सत्यापन किया गया। पुलिस के अनुसार जनपद में थानावार चिन्हित कुल 161 सदस्यों/सहयोगियों में से 118 अपराधियों का सत्यापन कर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थानों की 9 पुलिस टीमों का गठन कर एक साथ कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

# 'हम चुनाव हारे नहीं, हराया गया'

## लोकभवन जाकर नहीं दूंगी इस्तीफा : ममता

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की निवर्तमान मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को जबरन हराया गया है और वह लोकभवन जाकर इस्तीफा नहीं देंगी।

सुश्री बनर्जी ने विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के एक दिन बाद मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि चुनाव आयोग और केंद्र सरकार ने तृणमूल कांग्रेस को जबरन हराया है। उन्होंने कहा, ''हम हारे नहीं हैं, हमें हराया गया है।''

उन्होंने कहा, ''इस चुनाव में चुनाव आयोग ने एक 'विलेन' के रूप में काम किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गलत तरीके से चुनाव जीता है। नैतिक रूप से हमारी जीत हुई है। सुश्री बनर्जी ने आरोप लगाया कि उन्हें और उनके चुनाव एजेंटों को मतदान केंद्रों से जबरन बाहर निकाला गया। उन्होंने अपने साथ धक्का-मुक्की होने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि वह लोकभवन जाकर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगी। तृणमूल प्रमुख ने कहा कि वह इंडिया गठबंधन के साथ बनी रहेंगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव तथा कई अन्य दलों के नेताओं ने उनसे फोन पर बात की है और कहा है कि वे तृणमूल कांग्रेस के साथ हैं। ममता बनर्जी ने कहा, ''मैं इस्तीफा नहीं दूंगी, मैं हारी नहीं हूं, मैं राजभवन नहीं जाऊंगी... इसका सवाल ही नहीं उठता। नहीं। अब, मैं यह भी कहना चाहती हूं कि हम चुनाव नहीं हारे हैं। यह



❒ विधानसभा चुनाव में आयोग ने खलनायक की तरह काम किया

❒ हमने फैसला किया है कि 5 सांसदों समेत 10 लोगों की एक फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी बनाई जाएगी

हमें हराने की उनकी कोशिश है। आधिकारिक तौर पर, चुनाव आयोग के जरिए, वे हमें हरा सकते हैं, लेकिन नैतिक तौर पर हम चुनाव जीत गए हैं।'' ममता ने दावा किया कि यह चुनाव परिणाम जनता का वास्तविक जनादेश नहीं, बल्कि एक साजिश का नतीजा है। ममता बनर्जी ने आगे कहा कि इस लड़ाई में उनके साथ इंडिया अलायंस के भी साथी हैं। उन्होंने कहा, ''सोनिया जी, राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, हेमंत सोरेन ने मुझे फोन किया। इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगियों ने मुझसे कहा कि वे पूरी तरह से और बिल्कुल मेरे साथ हैं। मुझे लगता है कि आने वाले दिनों में हमारी एकजुटता और मज़बूत होगी।'' ममता बनर्जी ने आगे कहा, ''अखिलेश यादव ने मुझसे पूछा कि क्या वह आज ही आ सकते हैं, लेकिन मैंने उनसे कल आने को कहा है। तो, वह कल आएंगे। एक-एक करके सब आएंगे। तृणमूल नेता ने कहा, ''मेरा लक्ष्य बहुत साफ है। मैं ञ्राक्क्ष टीम को मज़बूत करूंगी, ठीक एक आम इंसान की तरह। अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, इसलिए मैं एक आम नागरिक हूं। तो, आप मुझसे यह नहीं कह सकते कि मैं आपकी कुर्सी का इस्तेमाल कर रही हूं। अब मैं एक आजाद पंछी हूं। मैंने अपनी पूरी जिंदगी लोगों की सेवा में लगा दी, इन 15 सालों में भी मैंने पेंशन का एक पैसा भी नहीं निकाला है।

मैं सैलरी का भी एक पैसा नहीं ले रही हूं। लेकिन अब, मैं एक आजाद पंछी हूं। इसलिए, मुझे कुछ काम करना है, और मैं उसे कर लूंगी। ममता ने ये भी आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में चुनाव के इस खेल में चुनाव आयोग ही सबसे बड़ा विलेन है, जिसने एकतरफा काम किया। उन्होंने कहा कि ये बांग्ला का काला इतिहास है। इसके साथ ही टीएमसी चीफ ने कहा कि हमारी लड़ाई जारी रहेगी लेकिन उन्होंने अभी अपनी रणनीति का खुलासा नहीं किया। उन्होंने कहा कि TMC दफ्तर को घेरने और उस पर कब्जा करने की कोशिश की गई है। उन्होंने मतगणना केंद्र पर मारपीट करने के भी आरोप लगाए और कहा कि उन्हें काउंटिंग सेंटर में घुसने नहीं दिया गया।

### मेरे साथ मतगणना केंद्र में मारपीट हुई : ममता बनर्जी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव प्रक्रिया पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि मतगणना केंद्र के अंदर उनके साथ मारपीट की गयी। सुश्री बनर्जी ने हार के बाद अपनी पहली संवाददाता सम्मेलन में मंगलवार को कहा, ''जब मैं मतगणना केंद्र में दाखिल हुई, तो उन्होंने मेरे पेट और पीठ पर लात मारी और फिर मुझे गालियां दीं। उन्होंने कहा, ''मैं वहीं बैठी रही। मैंने कहा कि जब तक शांति बहाल नहीं हो जाती, मैं नहीं हिलूंगी। फिर उन्होंने मुझे मतगणना केंद्र से बाहर धकेल दिया। मैं एक महिला हूं। मैं समझती हूं कि अगर वे मेरे साथ ऐसा कर सकते हैं, तो वे अन्य उम्मीदवारों के साथ क्या करेंगे। सुश्री बनर्जी ने व्यापक अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने 2026 के विधानसभा चुनाव वास्तव में नहीं हारे हैं, बल्कि उन्हें साजिश के तहत हराया गया है।

# बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना अस्वीकार्य : पीएम

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा ऑयल इंडस्ट्रीज जोन पर हुए ड्रोन हमले की कड़ी निंदा की। इस हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए थे। उन्होंने नागरिकों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना ''अस्वीकार्य'' बताया और क्षेत्र में स्थिरता बहाल करने के लिए कूटनीतिक प्रयासों के प्रति भारत के समर्थन को दोहराया।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जारी एक बयान में कहा, ''यूएई में हुए इन हमलों की मैं कड़ी निंदा करता हूं, जिनमें तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। नागरिकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना अस्वीकार्य है।'' उन्होंने आगे कहा कि भारत ''यूएई के साथ पूरी तरह से एकजुट है''। उन्होंने ''संवाद और कूटनीति के माध्यम से सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान'' की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने होर्मुज जलडमरूमध्य से निर्बाध समुद्री आवागमन सुनिश्चित करने के रणनीतिक महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि ''सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करना क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और वैश्विक ऊर्ज़ा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ईरान से शुरू हुए इस हमले के कारण संयुक्त अरब अमीरात के पूर्वी तट पर स्थित एक प्रमुख ऊर्ज़ा केंद्र फुजैरा में तेल संयंत्र में आग लग गई। हालांकि स्थानीय अधिकारियों ने अभी तक आधिकारिक तौर पर किसी को भी इस हमले के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया है, लेकिन यह घटना पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच हुई है, जहां रणनीतिक बुनियादी ढांचा लगातार तनाव का केंद्र बनता जा रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा है कि भारत सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए सभी तरह के प्रयासों का समर्थन करता है।

प्रवक्ता ने मंगलवार को अपने बयान में कहा, '' फुजैरा पर हुआ हमला, जिसमें तीन भारतीय नागरिक घायल हुए, पूरी तरह से अस्वीकार्य है। हम इन शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों और नागरिक बुनियादी ढांचे तथा निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने की तुरंत समाप्ति की मांग करते हैं। भारत स्थिति से निपटने के लिए संवाद और कूटनीति का समर्थन करता रहा है, ताकि पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता बहाल हो सके। हम अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप होर्मुज़ जलडमरूमध्य के माध्यम से मुक्त और निर्बाध नौवहन और व्यापार की भी अपील करते हैं। भारत सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए हर संभव प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है।




❒ मोदी ने यूएई में ड्रोन हमले की निंदा की, पश्चिम एशिया में कूटनीति और समुद्री सुरक्षा का किया समर्थन

# इंडिगो फ्लाइट में पावर बैंक में धमाका

एजेंसी

चंडीगढ़। शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, चंडीगढ़ पर मंगलवार दोपहर उस समय अफरा तफरी मच गई, जब इंडिगो की फ्लाइट 6क108 के लैंड होने के तुरंत बाद विमान के अंदर अचानक धुआं फैल गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, विमान में सीट नंबर 39-40 के पास रखे एक पावर बैंक में विस्फोट होने से यह हादसा हुआ, जिसके बाद कुछ ही पलों में धुआं पूरे कैबिन में फैल गया और यात्रियों में दहशत का माहौल बन गया।

स्थिति को बिगड़ता देख विमान में मौजूद एयर होस्टेस और क्रू मेंबर्स ने तुरंत फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग और धुएं पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकिस विमान के भीतर धुआं भरने और घबराहट के कारण यात्रियों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। इसके बाद विमान को पार्किंग बे पर खड़ा कर इमरजेंसी गेट खोले गए और यात्रियों को इमरजेंसी स्लाइडर के जरिए तेजी से नीचे उतारा गया। इस दौरान स्लाइडर से उतरते समय 5 से 6 यात्री घायल हो गए, जिनमें कुछ वरिष्ठ नागरिक भी शामिल बताए जा रहे हैं। घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। एक यात्री सौरभ ने बताया कि वह अपनी पत्नी, बेटे और बेटी के साथ ● शेष पेज 11 पर



❒ पंजाब के मोहाली एयरपोर्ट पर हादसा, पांच यात्री घायल, हैदराबाद से चंडीगढ़ आए सभी 198 यात्रियों को इमरजेंसी गेट से निकाला

# यूपी पुलिस के चार सिपाही और वादी की मौत

जालौन। अपहरण के एक मामले में कार्रवाई करने हरियाणा गई कोतवाली उरई पुलिस टीम मंगलवार सुबह भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। नूंह जनपद के तावडू सदर थाना क्षेत्र में हुए इस हादसे में चार पुलिसकर्मियों समेत एक वादी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार, कोतवाली उरई में दर्ज एक अपहरण मामले में अपहृत व्यक्ति की बरामदगी के लिए पुलिस टीम हरियाणा रवाना हुई थी। टीम आरोपियों की तलाश में तावडू क्षेत्र पहुंची थी, तभी मंगलवार सुबह करीब 10 बजे उनकी गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि ओवरटेक के दौरान वाहन अनियंत्रित हो गया और सामने से आ रहे वाहन से टकरा गया, जिससे यह दर्दनाक दुर्घटना हुई। हादसे में उपनिरीक्षक सत्यभान सिंह, उपनिरीक्षक मोहित कुमार यादव, आरक्षी प्रदीप कुमार (सर्विलांस सेल) और आरक्षी अशोक कुमार (कोतवाली उरई) ● शेष पेज 11 पर

# नये हमलों के बीच ईरान-अमेरिका युद्धविराम वार्ता खतरे में, होर्मुज में बढ़ा तनाव

एजेंसी

वाशिंगटन/तेहरान। ईरान और अमेरिका के बीच हुआ युद्धविराम अब होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर खतरे में पड़ता नजर आ रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान के ताजा प्रस्ताव को खारिज करने और होर्मुज से जहाजों के पारगमन में मदद के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' शुरू करने के बाद तनाव चरम पर है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा पेट्रोलियम उद्योग क्षेत्र पर ईरान के ड्रोन हमले के बाद स्थिति और भी गंभीर हो गई है। इस हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। यूएई ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे तनाव बढ़ाने वाला कदम बताया है। इस घटना ने उस शांति को खत्म कर दिया है जो अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बाद से बनी हुई थी। दोनों देशों के बीच आठ अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा हुई थी, जिसे 22 अप्रैल को आगे बढ़ाया गया था। इस बीच राजनयिक माध्यमों से प्रस्तावों का आदान-प्रदान जारी है। हालांकि, श्री ट्रंप ने चेतावनी दी है कि यदि ईरानी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य या फारस की खाड़ी में कहीं भी अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाने का दुस्साहस किया, तो उन्हें 'धरती से मिटा दिया जाएगा। ईरान की प्रतिक्रिया भी उतनी ही आक्रामक रही है। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालीबाफ ने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर युद्धविराम के उल्लंघन और नाकाबंदी कर सुरक्षित नौवहन को खतरे में डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका के लिए मौजूदा स्थिति को सहन करना असंभव होगा और चेतावनी दी कि ईरान के पास अभी भी कई बड़े विकल्प मौजूद हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की पुष्टि की है। इसमें लगभग 15,00 अमेरिकी सैनिक, मिसाइल विध्वंसक जहाज, 100 से अधिक विमान और मानव रहित प्लेटफॉर्म तैनात किए गए हैं। शीर्ष अमेरिकी कमांडर एडमिरल ब्रैडली कूपर के अनुसार, अभियान के पहले दिन दो अमेरिकी झंडे वाले जहाजों को सैन्य सुरक्षा में सफलतापूर्वक पार कराया गया। इस दौरान अमेरिकी नौसेना ने जहाजों को निशाना बनाने वाली ईरानी क्रूज मिसाइलों को बीच में ही मार गिराया और हमला करने की कोशिश कर रही ईरान की छह छोटी नावों को नष्ट कर दिया। वहीं, यूएई ने कहा कि उसने ईरान की ओर से दागी गई कई मिसाइलों को नाकाम कर दिया है, हालांकि फुजैरा के पेट्रोलियम केंद्र में भीषण आग लग गई है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह इस हमले का जवाब देने का ● शेष पेज 11 पर




## पश्चिम बंगाल के नतीजों पर बोले मुख्यमंत्री, गुंडों को प्रश्रय और सनातन का अपमान करने वालों का यही हश्र होगा

# जनता की उपेक्षा करने वालों का सूपड़ा साफ होना तय : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव परिणाम के लिए वहां की जनता का अभिनंदन करते हुए इसे जन उपेक्षा करने वाले राजनीतिक दलों के लिए बड़ा सबक बताया है। उन्होंने कहा कि जो भी जनता की उपेक्षा करेगा, विकास के पैसे पर डकैती डालेगा, गुंडों को प्रश्रय देगा और सनातन का अपमान करेगा, उसका सूपड़ा साफ होना तय है। पश्चिम बंगाल की जनता ने ऐसा करके दिखा भी दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अब पश्चिम बंगाल 'सोनार बांग्ला' बनेगा।

सीएम योगी मंगलवार दोपहर बाद जंगल बेनी माधव में नवनिर्मित कल्याण मंडपम (कन्वेंशन सेंटर) का उद्घाटन तथा गोरखपुर के विकास से जुड़ी 612.32 करोड़ रुपये की 71 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी सरकार ही अच्छा परिणाम लाती है। अच्छी सरकार न होने पर परिणाम पश्चिम बंगाल जैसा होता है। यूपी व गोरखपुर में वर्ष 2017 के बाद से जारी विकास व जनकल्याण कार्यों का उल्लेख करते हुए सीएम ने कहा कि जब नीयत साफ, नीति स्पष्ट और कुछ करने का दृढ़ संकल्प हो तो सार्थक परिणाम भी आते हैं। आज यही परिणाम गोरखपुर समेत उत्तर प्रदेश में दिख रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर का बंद खाद कारखाना कांग्रेस, सपा सरकारों के भ्रष्टाचार का स्मारक बना हुआ था। आज यह खाद कारखाना शानदार तरीके से चल रहा है। नकहा से फर्टिलाइजर फैक्टरी व स्पोर्ट्स कॉलेज जाने के लिए ओवरब्रिज बन गया है। बरगदवा से नकहा होते हुए मोहद्दीपुर तक फोर-लेन सड़क बन गई है। महेश्वर में मुख्य मार्ग फोर-लेन होने से अब जाम नहीं लगता। महेसरा से लखनऊ जाने के लिए जल्द ही माधोपुर, हार्बर्ट बंधा होते हुए राजघाट तक के लिए फोर-लेन कनेक्टिविटी मिल जाएगी। तब महेसरा से राजघाट जाने में महज पांच मिनट लगेंगे, फोर-लेन बनने से तटबंध भी सुदृढ़ होगा। पहले गोरखपुर से लखनऊ जाने में 8-9 घंटे लगते थे, आज यह दूरी तीन-साढ़े तीन घंटे में पूरी हो जाती है। वाराणसी जाने में लगने वाला समय भी घटकर ढाई घंटे हो गया है। जंगल कौड़िया से जगदीशपुर तक बन रहे फोर-लेन बाईपास से महेसरा होकर कुशीनगर जाने में सिर्फ आधा घंटा लगेगा।

सीएम योगी ने कहा कि गति जितनी तेज होगी, विकास भी उतना ही तेज होगा। विकास जितना तेज होगा, उतनी ही तेजी से व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की समृद्धि होगी। इसी समृद्धि के लिए गोरखपुर का विस्तार किया जा रहा है और जंगल कौड़िया, जगदीशपुर बाईपास रोड इस विस्तार का आधार बनेगी। एम्स, बीआरडी की सुदृढ़ता, आयुष विश्वविद्यालय और अनेक नई सुविधाओं के विकास से लोगों को राहत मिली है। युवाओं के लिए रोजगार, महिलाओं की आत्मनिर्भरता, कारोबार में वृद्धि हो रही है। जब नए निवेश आएंगे तो रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के बाद उनकी सरकार ने गोरखपुर की छवि को बदला। पहले गोरखपुर की पहचान मच्छर व माफिया से थी। अब माफिया और मच्छर, दोनों गायब हैं। अब गोरखपुर की पहचान सुरक्षा, स्वच्छता, समृद्धि और मजबूत सड़कों से है। अब यहां का नौजवान पहचान का मोहताज नहीं, बल्कि सीना तानकर बताता है कि वह गोरखपुर का है। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि जिनकी कार्यप्रणाली भ्रष्ट थी, जो माफिया पालते थे, अराजकता फैलाते थे, उन्होंने प्रदेश की ● शेष पेज 11 पर

### योगी बोले

❒ गोरखपुर में कल्याण मंडपम सहित 612.32 करोड़ रुपये की लागत वाली 71 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया मुख्यमंत्री ने

❒ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अब पश्चिम बंगाल बनेगा 'सोनार बांग्ला'




## मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर में शिक्षा मित्रों का किया सम्मान

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 से पहले की सरकारों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने बिना नियम-कानून के शिक्षामित्रों को सहायक शिक्षक के रूप में मान्यता देने का कुत्सित प्रयास किया, जो पूरी तरह नियम-विरुद्ध था। उनकी इस गलती के कारण सुप्रीम कोर्ट ने सभी शिक्षामित्रों की सेवाएं समाप्त करने का आदेश दिया। ऐसे में हमारे सामने बड़ी चुनौती थी। डेढ़ लाख परिवार सड़कों पर भूखों मरने की नौबत पर आ सकते थे। ये लोग 18-19 वर्षों से सेवाएं दे रहे थे। उम्र के इस पड़ाव में वे कहां जाते ? तब हमने मंत्रिमंडल में फैसला किया कि इनकी सेवाएं समाप्त नहीं करेंगे, बल्कि इनका सहयोग लेंगे। 2017 में ही सरकार ने शिक्षामित्रों का मानदेय 3,500 रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपये कर दिया था। अब इसे और बढ़ाते हुए 18 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है, जो अप्रैल महीने से लागू भी हो गया है।

मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को गोरखपुर में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय शिक्षामित्र सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आह्वान किया कि अब ट्रेड यूनियन वाली सोच और नकारात्मक वृत्ति को पूरी तरह त्याग देना होगा। ● शेष पेज 11 पर

❒ शिक्षामित्रों का मानदेय साढ़े तीन हजार से बढ़ाकर 10 हजार और अब 18 हजार रुपये प्रतिमाह किया

# आयुष्मान योजना के मामले में बागपत प्रदेश में नंबर वन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के प्रभाव से प्रदेश के लाखों परिवारों को अब बीमारी के समय आर्थिक संकट से जूझना नहीं पड़ता। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सुरक्षा का अभूतपूर्व अध्याय लिखा जा रहा है।

बागपत जनपद इस दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए प्रदेश में नंबर वन है, जहां लक्ष्य के सापेक्ष 94 प्रतिशत से भी अधिक परिवारों को योजना से जोड़ा जा चुका है।

डबल इंजन सरकार की इस पहल ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए इलाज को सुलभ बना दिया है। अब पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज सरकारी और निजी दोनों अस्पतालों में उपलब्ध हो रहा है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि आयुष्मान कार्ड आज लोगों के लिए उम्मीद और सुरक्षा का प्रतीक बन चुका है। इससे न केवल इलाज संभव हुआ है, बल्कि लोगों का आत्मविश्वास भी बढ़ा है। इसके अंतर्गत साढ़े तीन लाख से ज्यादा लोगों को योजना के दायरे में लाया गया है। बागपत में आयुष्मान योजना के तहत 123 करोड़ रुपये से अधिक का क्लेम दर्ज किया गया है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि योजना केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर लोगों के जीवन को बदल रही है। बड़ौत की रहने वाली श्वेता कूल्हे की गंभीर समस्या से जूझ रहीं थीं। चलना-फिरना लगभग बंद हो चुका था और 2 लाख रुपए का ऑपरेशन कराना उनके परिवार के लिए संभव नहीं था। तभी आयुष्मान कार्ड ने उनकी जिंदगी बदल दी। सूचीबद्ध अस्पताल में उनका ऑपरेशन निःशुल्क हुआ और आज वे सामान्य जीवन जी रही हैं।

# पहले बड़े मंगल पर 'जीरो वेस्ट' भंडारों की पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल पर शहर में आस्था के साथ सेवा का माहौल दिखा, जहां सैकड़ों स्थानों पर भंडारे आयोजित हुए। इस दौरान नगर निगम ने 'जीरो वेस्ट भंडारा' को लेकर विशेष अभियान चलाया और आयोजकों व श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। नगर निगम में पंजीकृत 470 भंडारों पर गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण के लिए अलग डस्टबिन लगाए गए। आयोजकों को सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने और दोना-पत्तल व कुल्हड़ के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया, साथ ही साफ-सफाई पर विशेष निगरानी रखी गई। शहर के सभी जोनों में जोनल सेनेटरी ऑफिसर की निगरानी में अभियान चलाया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 79 स्थानों पर पानी के टैंकर लगाए गए और जलापूर्ति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त टैंकर भी तैनात रहे। 'जीरो वेस्ट इवेंट' के तहत हर भंडारे में हरे-नीले डस्टबिन, बैनर और फ्लायर के जरिए स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वच्छता वालंटियर्स ने लोगों को जागरूक किया और स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत फीडबैक भी लिया गया। हजरतगंज में सामाजिक संस्थाओं और नगर निगम की संयुक्त पहल से विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जहां भंडारा स्थलों के आसपास स्वच्छता और कचरा प्रबंधन पर ध्यान दिया गया। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने अधिकारियों को भंडारा स्थलों की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि आगामी भंडारों के लिए टोल फ्री नंबर 1533 या 'लखनऊ वन' ऐप के जरिए पंजीकरण अवश्य कराएं।

## लखनऊ में 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विभूतिखंड थाना पुलिस ने क्राइम ब्रांच व सर्विलांस की मदद से 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। वह एक लूट के मुकदमें में वांछित था। अपर पुलिस उपायुक्त अपराध किरन यादव ने मंगलवार को बताया कि थाना विभूतिखंड में एक दर्ज मुकदमें में वांछित अपराधी की तलाश में टीमें लगी थी। पुलिस ने हनीमैन चौराहे से रेलवे लाइन की ओर जाने वाले रास्ते से अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान लखनऊ के चिनहट निवासी सलमान खान के रूप में हुई है। वह पांच अप्रैल को गुजरात के एक व्यापारी से लाखों रुपये लूट की वारदात में वांछित था। पुलिस ने 10 अप्रैल को उसके छह साथियों को गिरफ्तार कर करीब 47 लाख रुपये बरामद किए थे। अन्य साथियों के बारे में पुलिस तलाश में थी। इसी क्रम में अभियुक्त सलमान की सूचना मिली और पुलिस ने उसे धर दबोचा। विभूतिखंड थाना पुलिस उसके खिलाफ अग्रिम कार्रवाई कर रही है।


**उत्तर रेलवे**

**ई—निविदा सूचना**

**No.: 44-EnHM-Fire Safety-NRDH-25** **दिनांक: 04.05.2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (ईएनएचएम एण्ड डीएम), लखनऊ के द्वारा ई टेंडर संख्या 44-EnHM-Fire Safety-NRDH-25 के अंतर्गत एकल निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके बंद होने की तिथि व समय 25.05.2026 15:00 बजे तक है जो उसी दिन 15:30 बजे वैबसाइट पर खोला जाएगा। बोली लगाने वाले अपनी मूल या संशोधित बोलियां सिर्फ समाप्ति दिनांक एवं समय तक ही जमा कर पाएंगे। इस टेंडर के अन्तर्गत मैनुअल आफर स्वीकार्य नहीं होंगे तथा मैनुअल ऑफर मिलने पर उसे नजर अंदाज कर दिया जाएगा। इस टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। टेंडेरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य या ईएमडी का भुगतान IREPS पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन माध्यम जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट/क्रेडिट कार्ड इत्यादि तरीकों से करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, कैश डिपॉजिट रसीद वगैरह के जरिए मैनुअल/ऑफलाइन पेमेंट की अनुमति नहीं है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | प्रोविजन ऑफ फायर फाइटिंग अरेंजमेन्टस एट नार्दन रेलवे डिवीजनल हॉस्पिटल लखनऊ एस पर द गाइडलाइन्स ऑफ फायर डिपार्टमेंट लखनऊ | | |
| टेण्डर का प्रकार | खुली निविदा | निविदा पद्धति | ओपेन बिड सिस्टम |
| टेण्डर समाप्ति दिनांक एवं समय | 25.05.2026 15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 05.05.2026 |
| प्री बिड (येस/नो) | नहीं | प्री बिड कुएरी डेट एवं टाइम | नाट अप्लीकेबल |
| प्रकाशित मूल्य (रु. में) | 1,85,91,561.71 रुपए (जीएसटी सहित) | टेण्डरिंग सेक्शन | टेण्डर ओएफ (ईएन एचम एण्ड डीएम) |
| निविदा का तरीका | सिंगल रेट फार फाइनल आइटम | बिडिंग यूनिट | %ऊपर/नीचे/एट पार |
| धरोहर राशि (रु.) | 3,71,800.00 | ऑफर की वैधता (दिनों में) | 45 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | Nil | निविदा प्रारम्भ तिथि | 12.05.2026 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1491/26


# शिक्षामित्रों का मान-सम्मान सरकार की प्राथमिकता: शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार शिक्षा मित्रों के मान सम्मान को प्राथमिकता देती है।

श्री शर्मा ने यहां शिक्षा मित्र सम्मान समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि उनकी सरकार सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर कार्य कर रही है। शिक्षामित्र बुनियादी शिक्षा की नींव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आज का यह कार्यक्रम न केवल उनके बढ़े हुए मानदेय के वितरण का उत्सव है, बल्कि उनके प्रति सरकार के विश्वास और सम्मान का प्रतीक भी है।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से किए गए प्रदेश व्यापी कार्यक्रम के सजीव प्रसारण से हुई। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में शिक्षामित्रों के धैर्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग, विशेषकर शिक्षा जगत से जुड़े कर्मियों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण और सम्मान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बढ़े हुए मानदेय का वितरण मुख्यमंत्री ने डिजिटल बटन दबाकर मानदेय हस्तांतरित कर किया। मऊ के कम्युनिटी हॉल में उपस्थित शिक्षामित्रों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ए.के. शर्मा द्वारा शिक्षामित्रों को प्रतीकात्मक मानदेय चेक वितरित किया गया।

## अतिक्रमण और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ नगर निगम सख्त



वाराणसी। शहर की सड़कों पर अतिक्रमण और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ नगर निगम ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। इस क्रम में मंगलवार को वरुणापार क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान रैना विला रोड पर गिट्टी और बालू गिराकर रास्ता बाधित करने और नाली जाम करने के आरोप में नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने दो व्यक्तियों पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

साथ ही तत्काल सड़क से निर्माण सामग्री न हटाने पर संबंधितों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और आवागमन बाधित करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

नगर आयुक्त सबसे पहले वरुणापार क्षेत्र के भक्ति नगर पहुंचे। यहां नालों की सफाई का कार्य उन्हें संतोषजनक मिला। वहीं सफाई के बाद निकाला गया कूड़ा और सिल्ट सड़क किनारे देख उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने सामान्य विभाग के अधिशासी अभियंता से नाला सफाई के 24 घंटे के भीतर हर हाल में सिल्ट का उठान सुनिश्चित कराने का सख्त निर्देश दिया ताकि क्षेत्रीय जनता को दुर्गंध और गंदगी से निजात मिल सके।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बरवलिया कुर्मी, विकास खण्ड हलधरमऊ जिला गोण्डा

**पत्रांक – मेमो राज्य वित्त आयोग, वा, 15 वां वित्त आयोग, पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड, निविदा वर्ष 2026–27** **दिनांक: 5.05.2026**

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरवलिया कुर्मी विकासखंड हलधरमऊ में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण,आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 13.05.26 को पूर्वाहन 11 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक 13.05.26 अपराहन 4 बजे निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**

**राम जियावान** **यमुना प्रसाद**


## यूपीआरएनएन के अधिकारियों ने ठेकेदार व कंपनी के मालिक के खिलाफ दर्ज मुकदमा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** माँ पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय, बलरामपुर के अति–महत्वपूर्ण निर्माण कार्य में वातानुकूलन (इए) संबंधी कार्य पूर्ण न करने और भुगतान लेकर भी काम अधर में लटकाने का गंभीर आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड (यूपीआरएनएन) के अधिकारियों ने ठेकेदार कंपनी के मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया हैं परियोजना प्रबंधक (विद्युत) सुनील कुमार यादव के अनुसार, उप्र राजकीय निर्माण निगम द्वारा संचालित विश्वविद्यालय का कार्य मई 2026 में उद्घाटन के लिए प्रस्तावित है। उपसंविदाकार मेसर्स न्यू रिजेन्ट ट्रेडिंग कंपनी ने मेसर्स क्रेस्ट एंड कोर प्राइवेट लिमिटेड अर्जुनगंज, लखनऊ को इए कार्य सौंपा था। कंपनी के मालिक बैद्यनाथ झा ने साइट पर उपलब्ध सामग्री से अधिक भुगतान लेने के बावजूद कार्य पूरा नहीं किया। इससे शासकीय परियोजना में गंभीर बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया गया है कि बैद्यनाथ झा ने व्यक्तिगत रुचि न लेते हुए शासकीय कार्य में जानबूझकर बाधा डाली। उन्होंने अपर परियोजना प्रबंधक (विद्युत) श्री निशांत अग्रवाल और सहायक लेखाधिकारी अमित कुमार वर्मा के साथ कार्यालय कक्ष में हाथापाई का प्रयास किया तथा जान से मारने की धमकी दी। निगम के उच्चाधिकारियों को भी इसकी प्रतिलिपि भेजी गई है। प्रभारी निरीक्षक सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया की मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## नामजद वांछित अभियुक्त सूरज कुमार गिरफ्तार

**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के कुशल नेतृत्व मे थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0–0184/2026 धारा 108 बी0एन0एस0 थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित नामजद वांछित अभियुक्त सूरज कुमार पुत्र लल्लू प्रसाद साहू निवासी इन्द्रा चौक बेतिया थाना सदर बेतिया जिला पश्चिमी चम्पारण बिहार उम्र करीब 32 वर्ष को आज दिनांक 05.05.26 समय 12.15 बजे, डीएम कम्पाउण्ड के पास वाली गली फुलवरिया थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया।

# यूपी के 18 मंडलों में 'स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम' की मेरठ से हुई शुरुआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पशुपालन से जुड़े किसान और डेयरी सेक्टर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की प्राथमिकता में शामिल हैं। आज डेयरी क्षेत्र उत्तर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुका है। इसी क्रम में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश के 18 मंडलों पर 'स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम' आयोजित करने की मेरठ से शुरुआत हो गई है। अपर मुख्य सचिव पशुधन, मत्स्य एवं दुग्ध विकास मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि डेयरी क्षेत्र को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए मंडल स्तर पर यह कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसका भव्य समापन जून में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शहर गोरखपुर में होगा।

उन्होंने बताया कि मेरठ में मंगलवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अटल सभागार में 'स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम' आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य दुग्ध विकास विभाग के 50 वर्ष पूरे होने पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और डेयरी क्षेत्र को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि 'स्वदेशी उन्नत गोवंश, समृद्ध निवेश, सुरक्षित भविष्य-खुशहाल उत्तर प्रदेश' थीम पर आधारित इस आयोजन में मेरठ-सहारनपुर मंडल के किसान, पशुपालक और निवेशक एक मंच पर जुटे। कार्यक्रम में निजी एवं सहकारी डेयरी जैसे भारत स्किर, मधुसूदन, आनन्दा, मदर डेयरी, हरित प्रदेश, केएसएस डेयरी, अरविन्द डेयरी और पराग जैसे बड़े ब्रांड्स के स्टॉल लगाकार अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए दुग्धशाला विकास विभाग द्वारा संचालित नंद बाबा दुग्ध मिशन, उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध प्रोत्साहन नीति-2022 के प्रचार-प्रसार और प्रदेश के डेयरी सेक्टर में पूंजी निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से संपूर्ण मंडलवार डेयरी कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में दुग्ध आयुक्त धनलक्ष्मी के. ने बताया कि उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है और इस स्थिति को बनाये रखने के राज्य सरकार द्वारा अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से किसानों को सुनिश्चित बाजार, पारदर्शी मूल्य निर्धारण और स्थायी आय प्रदान की है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार प्राप्त हुआ है। दुग्ध आयुक्त धनलक्ष्मी के. ने बताया कि वर्ष 2023 से विभाग द्वारा दुग्ध विकास क्षेत्र में कुल 28,000 करोड़ से अधिक के 796 एमओयू किए गये हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सोनवार, विकास खण्ड हलधरमऊ जिला गोण्डा

**पत्रांक – मेमो राज्य वित्त आयोग, वा, 15 वां वित्त आयोग, पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड, निविदा वर्ष 2026–27** **दिनांक: 5.05.2026**

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सोनवार विकासखंड हलधरमऊ में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण,आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 13.05.26 को पूर्वाहन 11 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक 13.05.26 अपराहन 2 बजे निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**

**जनक नंदिनी** **यमुना प्रसाद**


### ज्ज्वला लाभार्थियों को गैस नहीं मिली, सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत

# वंशिका इंडेन और कृपा शंकर एजेंसियों पर जांच लंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता





(कोरांव), प्रयागराज। प्रयागराज जनपद में उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों सहित सैकड़ों गैस उपभोक्ताओं को बुकिंग के बावजूद गैस सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। वंशिका इंडेन गैस एजेंसी और कृपा शंकर इंडेन गैस एजेंसी के खिलाफ मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (1076) पर शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिनकी जांच जिला पूर्ति अधिकारी के पास लंबित है। कोरांव तहसील क्षेत्र के लेडियारी निवासी उज्ज्वला गैस कनेक्शन धारक शांति देवी पत्नी सीनोद ने बताया कि उन्होंने 15 अप्रैल 2026 को गैस बुक की थी, लेकिन उन्हें न तो डीएसी कोड मिला और न ही एलपीजी गैस। गैस न मिलने के कारण उन्हें लकड़ी से खाना बनाना पड़ रहा है, जिससे उनकी आंखों में परेशानी हो रही है। उन्होंने 26 अप्रैल 2026 को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत (संदर्भ संख्या 92617500047790) दर्ज कराई है। देवीबांध गांव की मालती देवी ने भी कई दिनों से गैस बुक कराई है, लेकिन उन्हें आज तक गैस नहीं मिली। उन्होंने वंशिका इंडेन गैस एजेंसी, लेडियारी के लगभग दस चक्कर लगाए, पर कोई समाधान नहीं हुआ। इसी तरह, लेडियारी के चंद्रमा प्रसाद केशरी ने भी गैस बुक की थी, लेकिन डीएसी कोड नहीं आया। उन्हें दोबारा गैस बुक करने को कहा गया, फिर भी डीएसी कोड नहीं मिला।। उपभोक्ताओं का आरोप है कि वंशिका इंडेन गैस एजेंसी सैकड़ों कनेक्शन धारकों को गुमराह कर रही है और उन्हें परेशान किया जा रहा है। एजेंसी द्वारा होम डिलीवरी नहीं की जा रही है, जिससे ग्राहकों को लाइन में लगकर गैस लेनी पड़ रही है। उपभोक्ताओं ने एजेंसी के ग्राहक सेवा और व्यवहार को खराब बताया है। इसी प्रकार, विकास खंड कोरांव के अयोध्या स्थित कृपा शंकर इंडेन गैस एजेंसी में भी भारी अनियमितताएं सामने आई हैं। बरहुला गांव के राजेश प्रसाद दुबे , सूर्य नाथ दुबे ने बताया कि उनके पास गैस बुकिंग का डीएसी कोड होने के बावजूद, उन्हें 15 दिनों से गैस नहीं मिली है और वे लगातार एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं। इन अनियमितताओं से परेशान उपभोक्ताओं ने एरिया मैनेजर, जिलाधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी लाल जी पाल, कोरांव ने कहा कि शिकायतों की जांच कराई जाएगी और सत्यता के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नहवापरसौरा, विकास खण्ड हलधरमऊ जिला गोण्डा

**पत्रांक – मेमो राज्य वित्त आयोग, वा, 15 वां वित्त आयोग, पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड, निविदा वर्ष 2026–27** **दिनांक: 5.05.2026**

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नहवापरसौरा विकासखंड हलधरमऊ में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण,आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 13.05.26 को पूर्वाहन 11 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक 13.05.26 अपराहन 12 बजे निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**

**कमला देवी** **यमुना प्रसाद**

# बड़े मंगल पर नगर निगम के भंडारे में शामिल हुईं महापौर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। ज्येष्ठ माह के पावन 'बड़े मंगल' के अवसर पर नगर निगम लखनऊ द्वारा श्री महावीर जी मेला पौशाला समिति के तत्वावधान में भंडारे व धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर महापौर सुषमा खर्कवाल शामिल हुईं और पूजन-अर्चन कर शहर की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः सुंदर कांड पाठ से हुई, इसके बाद भंडारा शुरू हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने स्वयं प्रसाद वितरित कर आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि 'बड़े मंगल' सेवा, समर्पण और आस्था का प्रतीक है, जो समाज में भाईचारा और सद्भाव बढ़ाता है। उन्होंने सभी नगरवासियों को शुभकामनाएं देते हुए ऐसे आयोजनों को सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत बताया। इस अवसर पर पार्षद दल के उपनेता सुशील तिवारी 'पम्मी', समिति के महामंत्री शशि कुमार मिश्रा, नगर निगम के अधिकारी, समिति पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने रातों-रात की अंबेडकर प्रतिमा स्थापित, पुलिस ने हटाया

## पुलिस ने हटवाई प्रतिमा विरोध कर रहे ग्रामीणों को समझाकर कराया शांत, गांव में पुलिस बल तैनात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के कोटवा गांव के बाहर स्थित तिराहे पर बिना प्रशासनिक अनुमति डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किए जाने का मामला मंगलवार को सामने आया। तड़के कुछ लोगों ने रातों-रात पक्का चबूतरा बनाकर उस पर प्रतिमा स्थापित कर दी। सुबह होते ही प्रतिमा लगाए जाने की खबर गांव और आसपास के इलाकों में तेजी से फैल गई, जिससे मौके पर लोगों की आवाजाही बढ़ गई और चर्चा का माहौल बन गया।

मंगलवार सुबह करीब 11:30 बजे पुलिस को सूचना मिली, जिसके बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बख्शी का तालाब थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र का जायजा लिया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रतिमा को कब्जे में लेकर वहां से हटवा दिया। प्रतिमा हटाए जाने की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण व महिलाए बड़ी संख्या में तिराहे पर एकत्र हो गए और विरोध जताने लगे। कुछ





समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने संयम बरतते हुए स्थिति को बिगड़ने नहीं दिया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उन्हें नियम-कानून की जानकारी दी और शांत रहने की अपील की। समझाने के बाद धीरे-धीरे लोग मौके से हट गए और स्थिति सामान्य हो गई।

घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल एहतियाती कदम उठाए। तिराहे और आसपास और गांव में ल पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस लगातार गश्त कर रही है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।मौके पर एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह, महिला थाना प्रभारी मेनका सिंह सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे और पूरे घटनाक्रम की निगरानी करते रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना प्रशासनिक अनुमति किसी भी सार्वजनिक स्थल पर प्रतिमा स्थापित करना नियमों के विरुद्ध है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाती है। पुलिस का कहना है कि इस प्रकरण में प्रतिमा स्थापित करने वालों की पहचान की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य या प्रतिमा स्थापना करने से पहले संबंधित विभाग से अनुमति अवश्य लें, ताकि कानून-व्यवस्था प्रभावित न हो और अनावश्यक विवाद की स्थिति न उत्पन्न हो।

### पहले भी हो चुका है विवाद

सितंबर 2022 में भी कोटवा गांव में इसी तरह प्रतिमा स्थापित किए जाने को लेकर विवाद हुआ था। उस दौरान प्रतिमा हटाने के दौरान हालात बिगड़ गए थे और पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। इसी अनुभव को देखते हुए इस बार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर स्थिति को बिगड़ने नहीं दिया।

### अन्य स्थान पर भी हुआ था बवाल

अप्रैल 2025 में महिंगवा थाना क्षेत्र के खंतारी गांव में भी ग्रामीणों द्वारा रात के समय प्रतिमा स्थापित किए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया था। प्रतिमा हटाने को लेकर पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प हुई थी, जिसमें कई पुलिसकर्मी और ग्रामीण घायल हो गए थे। इन घटनाओं के मद्देनजर प्रशासन इस तरह के मामलों में विशेष सतर्कता बरत रहा है।

# सीएमएस कानपुर रोड ने जीती इंटर-स्कूल स्केटिंग प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोमती नगर विस्तार स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय इंटर-स्कूल स्केटिंग प्रतियोगिता ग्लाइड टू ग्लोरी का सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रतियोगिता में सिटी मॉन्टेसरी स्कूल (सीएमएस) कानपुर रोड शाखा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की।प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रूपम सलूजा ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी डी. एस. राठौर और अध्यक्ष संदीप भटनागर ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि लखनऊ के खिलाड़ी आगामी प्रतियोगिताओं में भी शानदार प्रदर्शन कर शहर और देश का नाम रोशन करेंगे।लखनऊ मंडल के कोऑर्डिनेटर नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन नॉर्थवेस्ट स्पोर्ट्स अकादमी के सहयोग से किया गया, जिसमें सीएमएस, डीपीएस, मॉडर्न स्कूल, एसकेडी एकेडमी सहित 50 से अधिक स्कूलों के 500 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।कार्यक्रम में राष्ट्रपति पदक से सम्मानित सिविल डिफेंस लखनऊ के सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा ने कहा कि ऐसे खेल आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं।

प्रतियोगिता में डीपीएस गोमती नगर के आयुष्मान सिंह को बॉयज वर्ग का सर्वश्रेष्ठ स्केटर और डीपीएस इंदिरानगर की आमलिया को गर्ल्स वर्ग का सर्वश्रेष्ठ स्केटर चुना गया। इसके अलावा समृद्धि, शताक्षी, अश्मित, रिद्धिमा, शिवांग, कबीर और आयुष्मान ने भी शानदार प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के दौरान मेरठ से आए अंकुर गुप्ता, राहुल, आदित्य बाजपेई, वंश, अर्जुन, अमित, अभिषेक, लक्ष्मी त्रिपाठी, हर्ष, कुलदीप, रवि, चेतन, गौरव, राजेंद्र वर्मा और अभय दीक्षित ने रेफरी के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# विशाल भंडारे का आयोजन, पुलिसकर्मियों ने श्रद्धा के साथ परोसा प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ ज्येष्ठ के प्रथम मंगलवार पर रहमान खेड़ा पुलिस सहायता केंद्र पर उमड़ा जनसैलाब
- ❒ हनुमान जी की पूजा-अर्चना व हवन आरती हुई

काकोरी, लखनऊ। काकोरी क्षेत्र के रहमान खेड़ा ज्येष्ठ के प्रथम मंगलवार के शुभ अवसर पर काकोरी थाना क्षेत्र के रहमान खेड़ा स्थित पुलिस सहायता केंद्र पर एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बजरंगबली की विशेष पूजा-अर्चना, हवन और आरती के साथ हुई, जिसमें पुलिस बल और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।और भक्तिमय माहौल में हुआ आयोजन पूजा.हवन.आरती के पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में राहगीरों और स्थानीय लोगों को प्रसाद के रूप में पूड़ी-सब्जी और बूंदी वितरिण की गई गर्मी के बावजूद लोगों में भारी उत्साह देखा गया और सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों और स्थानीय नागरिकों ने सेवा भाव का परिचय देते हुए पूरी निष्ठा के साथ व्यवस्था संभाली और लोगों को प्रसाद परोसा। गया ?इनकी रही गरिमामय उपस्थिति इस धार्मिक अनुष्ठान के अवसर पर मुख्य रूप से इंस्पेक्टर सतीश राठौर इंस्पेक्टर कमलेश कुमार, सेवानिवृत्त सब इस्पेक्टर सीबी सिंह शैलेश प्रदीप यादव,अंकित यादव, और कांस्टेबल रोहित यादव राम आधार समस्त पुलिस बल मौजूद रहे।साथ ही पत्रकारिता जगत और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें वरिष्ठ पत्रकार एसपी गौतम, ग्रामीण पत्रकार कल्याण समिति के चेयरमैन केसरी राव, धारा सिंह यादव, ज्ञान यादव, एसपी सिंह चौहान प्रमुख थे दिनेश राजपूत। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। क्षेत्र में पुलिस और जनता के बीच के इस मेलजोल और सेवा भाव की काफी सराहना की जा रही है।

## चिनहट में आधी रात फायरिंग से दहशत, युवक पर जानलेवा हमला, मां को लगी गोली

**लखनऊ (चिनहट), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के चिनहट थाना क्षेत्र स्थित हिम विहार कॉलोनी में रविवार देर रात उस समय सनसनी फैल गई, जब कुछ दबंगों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर फायरिंग कर दी। इस घटना में युवक की मां गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गईं। पीड़ित आदित्य सिंह पुत्र अजीत सिंह निवासी हिम विहार कॉलोनी के अनुसार, घटना करीब रात 12:30 बजे की है। आरोप है कि कॉलोनी में किराये पर रहने वाली एक महिला ने अमोल, अमर और दीपक नामक युवकों को बुलाया। इसके बाद इशारा कर अन्य लोगों दिव्यांश सिंह, प्रियांश, युवराज, सैफ और सान यादव समेत कई व्यक्तियों को मौके पर बुला लिया गया। आरोपियों ने मिलकर तीन युवकों पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे आदित्य सिंह और उनकी मां गायत्री सिंह पर भी हमला किया गया। इसी दौरान एक हमलावर ने जान से मारने की नीयत से गोली चला दी, जो गायत्री सिंह को जा लगी। उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़ित के मुताबिक, घटना में 4-5 अज्ञात लोग भी शामिल थे, जो कार और एक सफ़ेद फोर व्हीलर से आए थे। सभी आरोपी पेशेवर अपराधी बताए जा रहे हैं और उनके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पीड़ित ने पुलिस से सुरक्षा की मांग करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार डंपर का कहर, कार में टक्कर से युवक घायल

**लखनऊ (चिनहट), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र के चिनहट तिराहे पर तेज रफ्तार डंपर ने एक कार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जयपुरवा बस्ती निवासी मो0 अल्मास खान पुत्र मो0 इलियास खान बीते रात करीब 11:30 बजे लखनऊ से अपने घर बस्ती लौट रहे थे। इसी दौरान चिनहट तिराहे पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में अल्मास खान का हाथ टूट गया, साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आईं। कार में बैठे उनके एक अन्य साथी को भी चोटें आई हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आम तोड़ने के विवाद में खूनी संघर्ष, लाठी-डंडों से हमला

**लखनऊ (चिनहट), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के बीबीडी थाना क्षेत्र में आम तोड़ने के विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। दबंगों ने एक परिवार पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिसमें एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम अनौरा खुर्द, पोस्ट अनौरा कला निवासी राम सरन यादव सुबह अपने खेत पर गए थे। आरोप है कि उसी दौरान परवेश नामक व्यक्ति आम के पेड़ से अवैध रूप से आम तोड़ रहा था। विरोध करने पर परवेश ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट करने लगा। पीड़ित के मुताबिक, जब वह अपनी जान बचाकर वहां से भागने लगे तो आरोपी परवेश ने अपने परिवार के अन्य सदस्यों को बुला लिया। इसके बाद परवेश, अखिलेश, संतोष, रामकुमार, अवधेश, आदर्श, शिवांश, राम किशोर और सचिन समेत कई लोग लाठी-डंडों और धारदार हथियारों के साथ मौके पर पहुंच गए और हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे धर्मेंद्र यादव और जितेंद्र यादव को भी आरोपियों ने बेरहमी से पीटा। हमले में धर्मेंद्र यादव के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गए। उन्हें तत्काल बीएनसी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हनुमान मंदिर में हुई महाबली की जय जयकार

लखनऊ। राजाजीपुरम के प्रसिद्ध टड़ियन हनुमान मंदिर में मंगल आरती के बाद भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालु सुबह से दर्शन के लिए कतारों में लग कर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। पूरा मंदिर परिसर हनुमान जी की जय जयकार से गुंजायमान रहा। इस अवसर मेला भी लगा। 'ट्रस्ट' के महंत रमाकांत ने बताया कि कॉलोनी का यह हनुमान मंदिर अति प्राचीन है। इस मंदिर की काफी मान्यता है। जेठ के मंगलवार को सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या व भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है।

## ट्रांसफर से तेल व कॉपर चोरी, मुकदमा दर्ज

**सरोजिनी नगर, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** इलाके में चोरों द्वारा गहरु पावर हाउस से पोषित ग्राम सभा गहरू में स्थित नवोदय विद्यालय के सामने लगे 63 केवीए ट्रांसफार्मर को दिनांक 28.02.2026 की रात्रि डबल पोल से गिराकर उसका तेल व कॉपर चोरी कर लिया गया। ग्रामीणो द्वारा सूचना संविदाकर्मी प्रदीप कुमार को सुबह 9:30 बजे दी गई। सूचना प्राप्त होने के पश्चात अवर अभियंता विनय कुमार द्वारा संविदाकर्मी के साथ मौके पर पहुंच कर निरीक्षण करने पर पाया गया कि उक्त स्थान पर लगे 63 केवीए ट्रांसफार्मर को डबल पोल से नीचे गिराकर उसका तेल निकालने के पश्चात ट्रांसफार्मर को खोलकर उसके अन्दर लगे कापर को भी चोरी कर लिया गया। जिससे विभाग को लगभग 169677.00 रुपए का नुकसान हुआ। सरोजिनी नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के साथ जांच पड़ताल शुरू किया है।

## आंधी-बारिश पर सख्त एक्शन: 24 घंटे में मुआवजा, घायलों के इलाज में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: योगी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में आंधी, वर्षा और आकाशीय बिजली से हुई जनहानि को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि घायलों का त्वरित और समुचित इलाज सुनिश्चित किया जाए तथा सभी प्रभावितों को 24 घंटे के भीतर अनुमन्य राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनहानि, पशुहानि और घायलों को समयबद्ध सहायता देना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तय होगी। उन्होने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे फील्ड में रहकर राहत एवं बचाव कार्यों की लगातार निगरानी करें। साथ ही, प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए शासन से समन्वय बनाए रखें। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में कई जिलों में तेज आंधी, बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान घरों में ही रहें और खुले स्थानों, पेड़ों तथा बिजली के खंभों से दूर रहें। प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव टीमें सक्रिय कर दी गई हैं।

# 2027 चुनाव से पहले महिला आरक्षण पर भाजपा अपना रुख साफ करे: अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की स्पष्ट मांग है कि संसद में पारित महिला आरक्षण को उत्तर प्रदेश के 2027 विधानसभा चुनाव में लागू करने की तत्काल घोषणा की जाए।

श्री यादव ने कहा कि यह विधेयक समस्त विपक्ष के सहयोग से पारित हुआ है, ऐसे में अब भाजपा सरकार को अपनी मंशा स्पष्ट करनी चाहिए। यदि सरकार इस पर घोषणा नहीं करती है, तो उसे यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि क्या भाजपा और उसके सहयोगी दल महिलाओं को आरक्षण देने के खिलाफ हैं। उन्होने कहा कि जब तक इस मुद्दे पर सरकार की ओर से स्पष्ट घोषणा नहीं की जाती, तब तक उनकी पार्टी इस मांग को लगातार उठाती रहेगी। पार्टी हर सप्ताह अलग-अलग स्थानों पर इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाएगी और महिला आरक्षण लागू कराने के लिए दबाव बनाएगी। उन्होंने इसे सामाजिक न्याय और महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताते हुए कहा कि प्रदेश की आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाना समय की मांग है। गौरतलब है कि बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली पार्टी कार्यालय में समर्थकों को संबोधित करते हुए सपा पर निशाना साधा था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि समाजवादी पार्टी ने महिला आरक्षण का विरोध किया था लेकिन महिलायें उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी। आने वाले समय में महिलायें समाजवादी पार्टी को सबक सिखाएगी।

# लखनऊ में शिक्षामित्र सम्मान समारोह, उपमुख्यमंत्री ने बढ़े हुए मानदेय का चेक देकर किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता


लखनऊ। मंगलवार को लखनऊ के इंजीनियर्स भवन, रिवर बैंक कॉलोनी में शिक्षामित्र सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शिक्षामित्रों को बढ़े हुए मानदेय 18,000 रुपये का प्रतीकात्मक चेक वितरित कर सम्मानित किया।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने शिक्षामित्रों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे अतुलनीय योगदान की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत है और शिक्षामित्र इसमें अहम भूमिका निभा रहे हैं।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेश शुक्ला, अमरेश कुमार, जय देवी एवं मुकेश शर्मा सहित मंडलायुक्त लखनऊ और जिला अधिकारी लखनऊ भी मौजूद रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लखनऊ विपिन



कुमार तथा डीसी ट्रेनिंग अवधेश शुक्ला के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस दौरान उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार यादव ने बताया कि मानदेय बढ़ने से शिक्षामित्रों में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षामित्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हैं और उम्मीद करते हैं कि उनकी शेष समस्याओं का भी शीघ्र समाधान किया जाएगा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षामित्र उपस्थित रहे। और सम्मान पाकर उत्साहित नजर आए।

# अम्बेडकर स्मारक में शुरू हुआ लाइट एंड साउंड शो

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल में अब आगंतुकों को एक नया और प्रेरणादायक अनुभव मिलने लगा है। मंगलवार से यहां अत्याधुनिक लाइट एंड साउंड शो की शुरुआत हो गई है, जिसके माध्यम से डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन, संघर्ष और आदर्शों को प्रभावशाली अंदाज में प्रस्तुत किया जा रहा है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के अनुसार, स्मारक समिति द्वारा लगभग 18.40 करोड़ रुपये की लागत से इस परियोजना को तैयार किया गया है। यह शो आधुनिक तकनीक पर आधारित है, जिसमें बाबा साहब के बचपन से लेकर भारतीय संविधान निर्माण तक की यात्रा को रोशनी, ध्वनि और दृश्य प्रभावों के जरिए जीवंत किया गया है। इस प्रस्तुति के जरिए दर्शक सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के प्रति बाबा साहब के समर्पण को करीब से समझ सकेंगे। अधिकारियों का कहना है कि इसका उद्देश्य खासकर नई पीढ़ी को उनके विचारों और मूल्यों से जोड़ना है, ताकि समाज में जागरूकता और समानता का संदेश और मजबूत हो सके। 25 अप्रैल से ट्रायल रन के बाद अब यह शो प्रतिदिन शाम 7:30 बजे से आम लोगों के लिए संचालित किया जा रहा है। लगभग 30 मिनट के इस शो में बाबा साहब के जीवन पर आधारित फिल्म और देशभक्ति गीत भी शामिल हैं। शो के लिए 6 हाई-कैपेसिटी प्रोजेक्टर लगाए गए हैं, जिनकी क्षमता 30,000 ल्यूमेन्स है। इससे दर्शकों को बेहद साफ और प्रभावशाली विजुअल अनुभव मिलेगा। इस लघु फिल्म में मशहूर वॉइस ओवर आर्टिस्ट हरीष भिमानी की आवाज़ सुनाई देगी, जो टीवी के चर्चित धारावाहिक महाभारत में ल्लसमयङ्क की आवाज़ के रूप में लोकप्रिय रहे हैं। परियोजना के तहत बच्चों के लिए एक विशेष प्ले एरिया भी विकसित किया जा रहा है, जिससे परिवार के साथ आने वाले बच्चों को भी मनोरंजन का अवसर मिल सकेगा। यह कार्य फिलहाल प्रगति पर है और जल्द पूरा होने की उम्मीद है। यह पहल न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि लोगों को इतिहास और प्रेरणा से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम भी बनेगी।

# शिक्षकों को सम्मान-सुरक्षा का संबल, यूपी में अब सशक्त शिक्षा व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए योगी सरकार ने शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के सशक्तीकरण पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लिए गए निर्णयों से शिक्षकों को सम्मान, सुरक्षा और संसाधनों का व्यापक संबल मिला है। इसी क्रम में सरकार ने शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि करते हुए क्रमशः ?18,000 और 17,000 प्रतिमाह करने का निर्णय लिया है, जिसे इसी माह से लागू कर दिया गया है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ ही कार्य के प्रति उत्साह भी बढ़ा है।

योगी सरकार ने निपुण भारत मिशन के तहत 1.43 लाख शिक्षामित्रों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण देकर उनकी में भी दक्षता वृद्धि की है। 'आई गॉट' प्लेटफॉर्म पर एआई सहित 4,457 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षकों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जा रहा है। 'मानव संपदा पोर्टल' के जरिए सेवा संबंधी प्रक्रियाएं भी सरल और पारदर्शी हुई हैं। शिक्षकों को आईआईटी, आईआईएम और इसरो जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों का एक्सपोजर दिया जा रहा है, जिससे वे आधुनिक शिक्षा पद्धतियों से जुड़ सकें। उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को हर वर्ष राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया जा रहा है।

इसके अलावा शिक्षकों और उनके परिवारों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराकर सामाजिक सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप 'अरुणोदय' जैसे नवाचारों के जरिए विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और आधुनिक कौशल विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। सरकार का मानना है कि सशक्त शिक्षक ही मजबूत शिक्षा व्यवस्था की नींव हैं और इसी के आधार पर समृद्ध व सशक्त उत्तर प्रदेश का निर्माण संभव है।

# भाजपा के तीन राज्यो की ऐतिहासिक जीत पर अभिषेक गुप्ता ने मनाया शानदार जश्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर खैराबाद । असम, पश्चिम बंगाल,व पुड्डुचेरी की जीत पर खैराबाद नगरपालिका में जश्न, डोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ अभिषेक गुप्ता ने हजारो कार्यकर्ताओ के साथ मिठाई खिलाकर मनाया अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में हजारो कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने डोल-नगाड़ों की थाप पर उत्सव मनाया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस दौरान आतिशबाजी कर जीत का उल्लास और भी बढ़ाया गया। कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने आतिश बाजी कर जीत का स्वागत किया और नारेबाजी करते हुए पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महंत बजरंग मुनि महराज, नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु जी भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, राष्ट्रीय परिषद सदस्य राकेश त्रिपाठी, भी शामिल हुए। सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में इस जीत को जनसमर्थन की जीत बताते हुए कहा कि यह परिणाम पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता के विश्वास का प्रतीक है। अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की जनहितकारी योजनाओं का परिणाम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे लगातार जनता के बीच रहकर सेवा कार्य करते रहें। इस मौके पर सभासद राकेश चंद्र गुप्ता, आलोक बाजपेई, शकील खान, सुनील मौर्य, समाजसेवी गौरव गुप्ता, गौरव अग्रवाल, नामित सभासद बलराम कृष्ण पांडेय, राजेश मिश्रा, सिंधु गुप्ता, मुस्कान बाल्मीकि,सभासद गण, पार्टी जिला पदाधिकारी गण,सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही समर्थकों में झाल-मुड़ी वितरित कर जीत की खुशी साझा की गई।

# सरोजनी सियाराम बाबूराम नंद इंटर कॉलेज में मेधावियों का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नैमिषारण्य। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित होने वाली हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के परिणाम जारी हो चुके हैं उसी क्रम में आज स्थानीय सरोजनी सियाराम बाबूराम नंद इंटरमीडिएट कॉलेज कादीनगर में कॉलेज के टॉप 10 छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को प्रधानाचार्य सुनील कुमार नंद एवं संबंधित शिक्षकों के द्वारा सम्मानित किया गया। कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में रूबाश पुत्री अशरफ अली निवासी औरंगाबाद ने 90% से भी अधिक अंक पाकर कॉलेज में टॉप किया उसके बाद शिफा 85%, इल्मा खान 84%, अंशिका शुक्ला 84% ,जैनब 83%, आकांक्षा वर्मा 83%, इबरा खातून , 82% ,शिवा विश्वकर्मा 82% ,दुर्गा देवी शुक्ला 82% और अंशु शर्मा ने 81% अंक प्राप्त कर कॉलेज में टॉप 10 में स्थान बनाया। इसी प्रकार कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में नागेंद्र गोस्वामी पुत्र श्री कृष्ण गोस्वामी निवासी कुहेता 79% अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया । वहीं काजल देवी गौतम 76% ,महिमा सिंह 76% ,ममता गौतम 75% , आसमां वर्मा 75%, राधा देवी विश्वकर्मा 72%,आदित्य राव 72%, जूली भारती 71% ,अभिराज वर्मा 71%, पुष्पा मौर्या ने 71%, वैभव शुक्ला 71% और करन शुक्ला ने 71% प्रकार कॉलेज की टॉप 10 सूची में स्थान प्राप्त किया। सभी छात्र छात्राओं को प्रधानाचार्य सुनील कुमार नंद के द्वारा माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराया ,बधाई और शुभकामनाएं दी गई तथा सभी सफल छात्र-छात्राओं केउज्जवल भविष्य की कामना की गई। गौरतलब हो कि सरोजनी सियाराम बाबूराम नंद इंटरमीडिएट कॉलेज कादीनगर का परीक्षा परिणाम सदैव सत प्रतिशत रहता है और इस क्षेत्र का सम्मानित और प्रतिष्ठित संस्थान है ।यहां पर विज्ञान और कला वर्ग विषय के लिए छात्राओं के प्रवेश हेतु आकर्षण बना रहता है। पिछले वर्ष इसी कॉलेज के छात्र ने मिश्रिख तहसील में टॉप किया था। इस अवसर पर कपिल कुमार,रंजीत भारती, शैलेंद्र वर्मा,सुधांशु सक्सेना, कन्हैया लाल श्रीवास्तव,पलक शुक्ला, पूजा शुक्ला, पिंकी शुक्ला, आकांक्षा सिंह, स्वीटी सिंह ,मोहिनी सिंह ,जूली दिनकर, ज्योति गौतम,गजराज राजवंशी आदि लोग उपस्थित रहे।

# हरित पट्टी पर अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग पर चला बाबा का बुलडोजर

## भूमाफियाओं में मचा हड़काम सिटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में दहाये गए अवैध निर्माण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। खैराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा के पहले हरित पट्टी पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर आज प्रशासन ने सख्त रूख अपनाते हुए सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडे की मौजूदगी में सारे अवैध निर्माण ढहाए गए इससे भूमाफियाओं में काफी हड़कंप मच गया है विदित हो कि टोल प्लाजा के ठीक पहले हरित पट्टी पर भूमाफियाओं के द्वारा ओम सिटी बसाई जा रही थी जिसमें इसके पूर्व भी कार्रवाई करके ओम सिटी के नाम से अवैध पार्टी करने वाले लोगों को प्रशासन के द्वारा प्लास्टिक न करने की सख्त हिदायत दी गई थी कि यहां पर प्लास्टिक ना करें लेकिन कानून को ताख पर रखकर बराबर प्लाटिंग की जा रही थी जिस पर आज जिलाधिकारी के निर्देश पर बड़ी कार्यवाही करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडे ने अवैध पार्टी को ध्वस्त कर दिया जिससे कि भू माफियाओं में काफी हड़कंप कम गया है। आज मंगलवार को जिला प्रशासन ने खैराबाद क्षेत्र के भूमाफियाओं पर प्रहार करते हुए जिला प्रशासन ने भू माफियाओं के दुस्साहस को नेस्तनाबूत कर दिया है विदित हो कि इस अवैध प्लाटिंग पर पहले भी कार्रवाई की जा चुकी थी लेकिन खुद को कानून से ऊपर समझने वाले भूमाफियाओं ने फिर अवैध प्लाटिग पर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया था। आज मौके पर भारी पुलिस बल के साथ सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडे मौके पर मौजूद रहीं उनकी उपस्थिति में अवैध प्लाटिंग में निर्मित हो रहे स्थान सड़कों बाउंड्री वॉल सभी को बिल्कुल ध्वस्त कर दिया गया है इस कारण से क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग करने वाले भूल माफिया में खलबली मच गई है जिला प्रशासन ने यह साफ कर दिया है कि अवैध कब्जा करने वालों तथा अवैध प्लाटिंग करने वाले भू माफियाओ को कतई बख्शा नहीं जाएगा।

# मंडी में भीगा गेहूं, एसडीएम का छापा– लापरवाही पर अधिकारियों को फटकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर/मिश्रिख । सीतापुर जनपद के मिश्रिख स्थित नवीन गल्ला मंडी में अव्यवस्थाओं का मामला सामने आया है। अचानक हुई बारिश के चलते मंडी परिसर में खुले आसमान के नीचे रखा भारी मात्रा में गेहूं भीग गया, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आया।

मामले की सूचना मिलते ही एसडीएम अभिनव यादव ने क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। मौके पर गेहूं भीगा देख उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और केंद्र प्रभारी समेत संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई।

एसडीएम ने सवाल उठाया कि मौसम विभाग की चेतावनी के बावजूद गेहूं को सुरक्षित रखने के लिए तिरपाल की व्यवस्था और उठान का कार्य समय पर क्यों नहीं किया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसी लापरवाही से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने निर्देश दिए कि मंडी में पड़े गेहूं को तुरंत तिरपाल से ढककर सुरक्षित किया जाए और गोदामों तक उठान की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। साथ ही चेतावनी दी कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम ने यह भी कहा कि किसानों की उपज का एक भी दाना कुप्रबंधन की भेंट नहीं चढ़ना चाहिए और मंडी की व्यवस्था में तत्काल सुधार लाया जाए।

# लखीमपुर खीरी में शिक्षामित्रों को बड़ी सौगात, बढ़े मानदेय पर गूंजे तालियां, राज्य मंत्री बोले, शिक्षा के प्रहरी हैं शिक्षामित्र



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**राज्यमंत्री सुरेश राही ने किया शिक्षामित्रों का सम्मान, 3191 शिक्षामित्रों के खातों में बढ़ा मानदेय हुआ अंतरित**

**मानदेय बढ़ने पर शिक्षामित्रों–शिक्षकों ने राज्य मंत्री को पुष्पगुच्छ भेंटकर जताया आभार**

लखीमपुर खीरी । शहर के रॉयल पैराडाइज में मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित ्लशिक्षामित्र सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरणङ्क कार्यक्रम ने उत्सव का माहौल बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, डीएम अंजनी कुमार सिंह और सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में गोरखपुर में आयोजित सीएम के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। सीएम के भाषण को सुनकर शिक्षामित्र ने खूब तालियां बजाई।

सीएम ने प्रदेश के शिक्षामित्रों को तीन बड़ी सौगातें दी हैं। सरकार ने शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि करने के साथ-साथ उन्हें 5 लाख रुपये तक की कैशलेस मेडिकल सुविधा और जीवन बीमा सुरक्षा देने का ऐलान किया। इस दौरान परिषदीय विद्यालयों की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन बीएसए प्रवीण तिवारी ने किया।

**सम्मानित हुए शिक्षामित्र, खातों में पहुंचा बढ़ा मानदेय**

राज्य मंत्री ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में शिक्षामित्र किरण शुक्ला, संजीव शुक्ला, मेनिका तिवारी, विभा मिश्रा, शिवराम राठौर, सावित्री देवी, अतुल श्रीवास्तव, गीतिमा, सूबेदार सिंह और सत्येंद्र तिवारी को बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षामित्रों को बढ़े हुए 18 हजार रुपये मानदेय के चेक भी प्रदान किए गए। साथ ही जिले के सभी 3191 शिक्षामित्रों के खातों में बढ़ा हुआ मानदेय अंतरित कर दिया गया।

**शिक्षामित्र शिक्षा के प्रहरी, 18 हजार मानदेय से मजबूत होगा परिवार व शिक्षा व्यवस्था : राज्यमंत्री**

कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि शिक्षामित्र वास्तव में शिक्षा के प्रहरी हैं, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी प्रदेश की बुनियादी शिक्षा व्यवस्था को मजबूती देने का कार्य किया है। अब शिक्षामित्रों को पहले की तुलना में बढ़ा हुआ मानदेय उनके बैंक खातों में प्राप्त होगा, जिससे उन्हें समय पर आर्थिक संबल मिलेगा। अब शिक्षामित्रों को 18 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। इससे न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि वे और अधिक उत्साह के साथ शिक्षण कार्य कर सकेंगे। राज्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना शिक्षक और शिक्षामित्रों के योगदान के बिना अधूरी है। सरकार शिक्षामित्रों के सम्मान और भविष्य को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने शिक्षामित्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं।

**जनप्रतिनिधियों ने जताया भरोसा, सराहा योगदान**

विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि शिक्षामित्रों ने परिषदीय शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। सरकार शिक्षामित्रों के भविष्य को सुरक्षित, उज्ज्वल बनाने के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। आज वर्षों की उम्मीद पूरी होती दिख रही है, जिसका असर शिक्षामित्रों के चेहरों पर साफ तौर पर दिखाई दे रहा है, जहां संतोष और उल्लास दोनों झलक रहे हैं।

विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि शिक्षामित्रों की मांगों को सरकार ने गंभीरता से लेते हुए उनके सुरक्षित, उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। बढ़े हुए मानदेय के लिए शिक्षामित्रों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बिजनौर में रोटरी क्लब ने स्कूल में लगाया 33 लाख रुपए का सौर ऊर्जा प्लांट, किया गया शुभारम्भ

बिजनौर । उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर के शहर स्योहारा में मंगलवार को मधुर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रोटरी अंतरराष्ट्रीय ग्रांट द्वारा 33 लाख के सोलर प्रोजेक्ट का पूर्ण होने पर फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर रोटरी मंडल अध्यक्ष 2024- 25 दीपा खन्ना, अनिल खन्ना, मंडल के असिस्टेंट गवर्नर सुशील साहू,पी डी जी ललित मोहन, (डीआरएफसी) और चक्रेश लोहिया व रोटरी मंडल पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक आलोक अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल, रोटरी क्लब के संरक्षक चीनी मिल के महा प्रबंधक सुखवीर सिंह, अध्यक्ष शोभित जैन, मंडल पदाधिकारी के पी पुष्पक आदि के द्वारा मंडल अध्यक्ष का वुके देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष दीपक खन्ना, डीआरएफसी ललित मोहन, अनिल खन्ना, सुशील शाहू आदि के द्वारा शिला पट्ट का अनावरण किया गया। इस मौके पर कंप्यूटर लैब का भी शुभारंभ किया गया।

# नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान तेज, 5वें दिन 63 चालान हेलमेट के बिना नहीं मिलेगा पेट्रोल, सख्ती से लागू नियम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। जनपद में जिलाधिकारी राजा गणपति आर. जी के निर्देशानुसार ्लनो हेलमेट, नो फ्यूलङ्क विशेष अभियान 1 मई से 15 मई तक प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु और गंभीर चोटों की संख्या को कम करना है।

अभियान के अंतर्गत परिवहन विभाग की टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर निरंतर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। बिना हेलमेट पेट्रोल लेने आने वाले वाहन चालकों को ईंधन न देने के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। इस पहल से लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और यातायात नियमों के पालन को भी बढ़ावा मिल रहा है।

एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के पांचवें दिन मंगलवार को 63 बाइक चालकों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई, जबकि 198 लोगों को हेलमेट के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि अब तक इस अभियान के दौरान कुल 321 दोपहिया वाहन चालकों के चालान किए जा चुके हैं तथा 1250 से अधिक लोगों को जागरूक किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि हेलमेट का उपयोग चालक की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह सिर को गंभीर चोटों से बचाने में सहायक होता है और सुरक्षित ड्राइविंग सुनिश्चित करता है। बिना हेलमेट वाहन चलाना मोटर वाहन अधिनियम की धारा 94(डी) के अंतर्गत दंडनीय अपराध है, जिसके तहत 1000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

अभियान के सफल संचालन में पीटीओ एम. ए. आब्दीन सहित प्रवर्तन टीम के आरक्षी मौजूद रहे।

# नन्ही मानवी की पुकार पर 'डीएम अंकल' पहुंचे घर, भावुक मुलाकात के बीच सड़क दुरुस्त करने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**'डीएम अंकल' तक पहुंची नन्ही आवाज, खुद पहुंचे घर, मानवी की मुस्कान के साथ सुधरेगा रास्ता**

**सोशल मीडिया पर वायरल शिकायत पर डीएम अंजनी कुमार सिंह का त्वरित संज्ञान**

**सलेमपुर ग्राम पंचायत पहुंचकर मानवी के घर तक पैदल किया निरीक्षण**



लखीमपुर खीरी जनसुनवाई और त्वरित समाधान की प्रशासनिक प्रतिबद्धता का एक और प्रभावी उदाहरण उस समय देखने को मिला जब सोशल मीडिया पर कक्षा एक की नन्ही छात्रा मानवी सिंह की पुकार पर डीएम अंजनी कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल स्थल निरीक्षण का निर्णय लिया। शहर से सटे सलेमपुर ग्राम पंचायत पहुंचकर डीएम ने न केवल जमीनी स्थिति का गहन आकलन किया, बल्कि मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश देकर प्रशासन की संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय दिया।

बिना औपचारिकता के डीएम ने गांव की खड़ंजे वाली सड़क पर पैदल चलते हुए मानवी के घर तक पहुंचकर हालात देखे। इस दौरान उन्होंने बच्ची और उसके पिता से आत्मीय बातचीत की। मानवी की परेशानी सुनकर डीएम का संवेदनशील पक्ष सामने आया और उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को खड़ंजा मार्ग की मरम्मत के निर्देश दे दिए। निरीक्षण में सामने आया कि रास्ते पर खड़ंजा तो है, लेकिन बारिश के कारण वह कई जगह पर ऊंचा नीचे हो गया है और जलभराव ने समस्या को और बढ़ा दिया है। डीएम ने साफ कहा कि लोगों को अब इस परेशानी से जल्द राहत दिलाई जाएगी।

मौके पर ही डीएम ने क्षेत्र में अनियोजित प्लॉटिंग पर भी सख्त रुख दिखाया। उन्होंने कहा कि बिना लेआउट पास कराए और नियमानुसार अनुमति लिए बिना प्लॉटिंग करना भविष्य की समस्याओं को जन्म देता है। इस तरह की गतिविधियों को नियमानुसार लाया जाएगा और जिम्मेदारों पर कार्रवाई भी होगी।

**प्लॉट खरीद से पहले सुविधाएं जांचें : डीएम**

अंजनी कुमार सिंह की अपील डीएम अंजनी कुमार सिंह ने आमजन से अपील की कि जब भी लोग प्लॉट या भूमि की खरीद करें, तो केवल कीमत या स्थान देखकर निर्णय न लें, बल्कि यह भी सुनिश्चित करें कि वहां सड़क, नाली, पार्क, बिजली, जलनिकासी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है या नहीं। उन्होंने कहा कि कई बार बिना नियोजित विकास के किए गए प्लॉटिंग क्षेत्रों में बाद में लोगों को आवागमन, जलभराव और बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए खरीद से पहले पूरी सावधानी और जांच जरूरी है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो और लोग सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में अपने सपनों का घर बना सकें।

# धर्म की आस्था में डूबा बल्दीराय कस्बा, जेठ के प्रथम मंगलवार पर सुन्दरकाण्ड पाठ के बाद हुआ प्रसाद वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। बल्दीराय कस्बा जेठ माह के प्रथम मंगलवार को पूरी तरह भक्ति और आस्था के रंग में रंगा नजर आया। स्थानीय तहसील क्षेत्र के श्याम गैस एजेंसी चैराहे पर श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से सुन्दरकाण्ड का पवित्र पाठ आयोजित किया गया। पाठ के उपरांत बजरंग बली की भव्य आरती उतारी गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के दौरान पूरा वातावरण जय श्री राम और हनुमान जी के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिससे कस्बे का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर सुनील जायसवाल उत्तम जायसवाल अनिल जायसवाल सरोज देवी लक्ष्मी देवी सुनीता देवी सत्यम जायसवाल साक्षी जायसवाल धुर्व जायसवाल कंस राज जायसवाल सचिन जायसवाल रामराज जायसवाल आषीश कौशल नरेन्द्र अग्रहरि अभिषेक अग्रहरि राजधर शुक्ल अशोक सिंह डा.रामकृपाल मौर्य राजमणि पाड़े सोनू शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में श्राद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक सुनील जायसवाल व उत्तम जायसवाल ने आए हुए श्रद्धालुओं व कार्यकर्ताओ के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीशहर के विवेकानगर मोहल्ले में जेष्ठ के पहले मंगल को मोहल्ले वासियों ने विवेक नगर चैराहे पर धूम धाम से जेष्ठ का मंगल मनाया और शरबत का वितरण किया इस दौरान चारों तरफ हनुमान चालीसा के स्वर गूंज रहे थे इलाके के कमलाकर तिवारी, पंकज मिश्रा, दीपक सिंह, पीयूष श्रीवास्तव(निक्की), आशीष श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव,पवन यादव, विभु श्रीवास्तव, बोनी श्रीवास्तव, अनुज श्रीवास्तव, बिहारी चैरसिया, शरद श्रीवास्तव, नितिन श्रीवास्तव अंकुश श्रीवास्तव समेत मोहल्ले के तमाम लोग उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षामित्रों को सम्मान सहित दिए गए बढे हुए मानदेय के चेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजनानिदेशक कार्यालय, उ0प्र0 लखनऊ के आदेशों के क्रम में माननीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शिक्षा मित्र सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण के अवसर पर मंगलवार को माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन के बाबा गंभीर नाथ प्रेक्षागृह गोरखपुर से प्रातः 11:00 बजे आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद बदायूँ में अटल बिहारी वाजपेयी सभागार, कलैक्ट्रेट बदायूँ में किया गया। जिसमें जनपद के शिक्षा मित्रों को सम्मिलित कर सजीव प्रसारण सुनवाया गया और बढ़े हुए मानदेय का चेक एवं प्रतीक चिन्ह देकर समानित किया गया।जनपद बदायूँ में कार्यक्रम का शुभारंभ महेश गुप्ता विधायक सदर बदायूँ, हरीश शाक्य विधायक बिल्सी, बागीश पाठक एम0एल0सी0 के प्रतिनिधि शारदेन्दु पाठक, जिलाधिकारी अवनीश राय, मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला द्वारा दीप प्रज्ववलित कर किया गया। इसके बाद कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, उसावॉ की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गयी। अतिथियों के स्वागत में कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, जगत की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सदर महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेशसरकार ने शिक्षामित्रों का मानदेय 10000 रुपये से बढ़ाकर 18000 रुपये किया गया, यह सम्मान समारोह प्रदेश में शिक्षा की नीव को मजबूत करने में शिक्षामित्रों की भूमिका को मान्यता देने के लिए आयोजित किया गया है। यह शिक्षामित्रों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। विधायक बिल्सी हरीश शाक्य ने शिक्षामित्रों से आवाहन किया कि आप शिक्षक हैं अभिभावक जिस अटूट विश्वास के साथ अपने बच्चों को आपके पास भेजते है, उन बच्चों के भविष्य को संवारने और उन्हें एक आदर्श नागरिक बनाने की जिम्मेदारी आपके ऊपर है जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि शिक्षामित्रों को बढ़ा हुआ मानदेय उनका मनोवल बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने कहा कि शिक्षामित्र बेसिक शिक्षा रीढ़ है, वह अपने कर्त्वयों एवं दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करें, ताकि बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो सके। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा सभी अतिथिगणों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक पी0सी0 श्रीवास्तव, जितेन्द्र सिंह, कृष्ण कुमारप्रजापति, कमलेश कुमार, रोहित कुमार व ज्योति सक्सैना जिला व्यायाम शिक्षिका आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कामिनी राठौर ए0आर0पी0 के द्वारा किया गया।

# राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिशा के दिशा-निर्देशन में श्रमिकों के विधिक अधिकार विषय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तहसील सदर के अन्तर्गत बिरला कॉर्पोरेशन रायबरेली में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस जागरूकता शिविर में नायब तहसीलदार रमाशंकर मिश्र के द्वारा श्रमिकों हेतु शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। डिप्टी लीगल एड डिफ़ेन्स काउन्सिल जय सिंह यादव के द्वारा शिविर में उपस्थित श्रमिकों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरुक करते हुए बताया गया कि यह दिन श्रमिकों के योगदान को याद करने और उनके संघर्षों को सम्मानित करने के लिए भी मनाया जाता है। यह दिवस वर्ष 1886 में शिकागो के हेमार्केट स्क्वायर में मजदूरों के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा की याद में मनाया जाता है, जहां अनेक श्रमिकों ने 8 घंटे के कार्य दिवस की मांग की थी। इस अवसर पर पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव द्वारा इस दिन को मनाने का उद्देश्य मज़दूरों के अधिकारों और उपलब्धियों को उजागर करना है। यह दिवस उचित वेतन, सुरक्षित कार्य वातावरण, उचित कार्य घंटे और शोषण के उन्मूलन की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। यह दिन श्रमिकों के बीच एकता के महत्व और सकारात्मक बदलाव लाने में सामूहिक कार्रवाई की भूमिका पर भी जोर देता है। जागरुकता शिविर में उपस्थित श्रमिकों को जानकारी प्रदान की गयी कि उन्हें कभी भी किसी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता होने पर वह ए0डी0आर0 सेन्टर छजलापुर स्थित कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में उपस्थित होकर विधिक सहायता प्राप्त कर सकते है। इसके अतिरिक्त जागरूकता शिविर में पराविधिक स्वयंसेवक मनोज कुमार प्रजापति के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई जा रही निशुल्क विधिक सेवाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। इस जागरूकता शिविर मे बड़ी संख्या में श्रमिक व यूनिट हेड सुनील कुमार कोठारी, लेबर आफीसर मान सिंह कुशवाहा, शिवशंकर पाल श्रम परिवर्तन अधिकारी, सिक्योरिटी हेड अमेय विक्रम सिंह, सीएसआर हेड शिव गोविन्द सिंह व पराविधिक स्वयं सेवक अजीत कुमार उपस्थित रहे।

# हे दु:ख भंजन मारुति नंदन सुन लो मेरी पुकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सेमरौता में ज्येष्ठ मास के प्रथम बड़े मंगल पर सुंदर काण्ड पाठ एवं प्रसाद वितरित किया गया**

अमेठी,क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में ज्येष्ठ मास के प्रथम बड़े मंगल पर संगीतमयी सुंदर काण्ड पाठ के साथ ही प्रसाद वितरित किया गया जिसमें ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि समेत अन्य तमाम क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और सम्भ्रांत नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया और भक्तिमय गीतों नारों जयकारों से इलाका गुंजायमान रहा। क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शिव भूषण शुक्ला उर्फ डब्बू शुक्ला के आवास पर ज्येष्ठ मास के प्रथम बड़े मंगल पर रमेश रामायणी एंड पार्टी द्वारा संगीतमयी सुंदर काण्ड पाठ प्रस्तुत किया गया। सुंदर काण्ड पाठ समापन पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती पूजन के उपरांत प्रसाद वितरित किया गया। सुंदर काण्ड पाठ एवं प्रसाद वितरण समारोह में ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि इस बार आठ बड़े मंगल का अत्यंत दुर्लभ संयोग बन रहा है इस साल ज्येष्ठ में पुरुषोत्तम मास होने के कारण यह महीना साठ दिनों का होगा इसी अतिरिक्त समय के कारण इस पावन महीने में मंगलवारों की संख्या दोगुनी आठ हो गई है। उन्होंने कहा कि ज्येष्ठ मास के मंगलवार हनुमान जी की उपासना के लिये बेहद शुभ माने जाते हैं जो भक्त सच्ची श्रद्धा और विश्वास के साथ इस समय हनुमान जी की आराधना करते हैं उनके जीवन की परेशानियां धीरे धीरे कम होने लगती हैं सुख समृद्धि के मार्ग खुलते हैं। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि ज्येष्ठ मास के मंगलवार को बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल कहा जाता है। इसी समय हनुमान जी और भगवान श्री राम का मिलन हुआ था इसलिये यह पूरा महीना हनुमान जी का अत्यंत प्रिय माना जाता है, इस दौरान उनकी पूजा करने से विशेष कृपा प्राप्त होती है और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होने की मान्यता है।आयोजक शिव भूषण शुक्ला उर्फ डब्बू शुक्ला ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र एवं हनुमान जी की प्रतिमा भेंटकर स्वागत किया।इस मौके पर नगर पंचायत हैदरगढ़ के चेयरमैन आलोक तिवारी,सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, समाज सेवी रोहित सिंह, सिद्धार्थ अवस्थी, राकेश त्रिपाठी,महिला थाना गौरीगंज की थानाध्यक्ष कंचन सिंह,थाना शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा, खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशुन कश्यप,मनीष सिंह, देवी शरण बाजपेई, कर्ण बाजपेई, कौशलेंद्र सिंह, वीरेंद्र तिवारी, संतोष तिवारी, आशीष मिश्रा, भास्कर सिंह,बबलू सिंह, विनोद मौर्या, विनीत मिश्रा, ब्रजेश शुक्ला, जगदीश त्रिवेदी, राम बरन प्रजापति, सत्येन्द्र तिवारी, ओंकार पाण्डेय, राहुल अवस्थी, सूर्य प्रकाश मिश्रा,राजेश पाण्डेय, हेमेंद्र प्रताप सिंह, मिंटू सिंह, अखिलेश सिंह, रवि शंकर तिवारी, कार्तिकेय शुक्ला सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।

## तीन राज्यों में में जीत पर उझानी में भाजपाइयों का जश्न, एक दूसरे को मिठाई खिलाकर किया खुशी का इजहार

उझानी/बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में भाजपा की जीत के बाद उझानी नगर में जोरदार उत्सव मनाया गया। सोमवार शाम घंटाघर चौराहा जयघोष, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी से गूंज उठा। भारतीय जनता पार्टी उझानी नगर मंडल के नेतृत्व में आयोजित इस विजय उत्सव में बड़ी संख्या मेंकार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत शाम 6 बजे मिष्ठान वितरण से हुई, जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने जमक पटाखे चलाये। पूरे चौराहे को भगवा झंडों और गुब्बारों से सजाया गया, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय नजर आया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री बी. एल. वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि तीन राज्यों में मिली जीत, नरेंद्र मोदी की विकास और सुशासन की नीतियों पर जनता की मुहर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 के चुनावों के लिए अभी से सक्रिय होने का आह्वान किया। नगराध्यक्ष सचिन अग्रवाल 'बंटी' ने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। वहीं मंडल अध्यक्ष सचिन अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र संयोजकों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा, जिसमें कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए मिठाइयां बांटते रहे। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा।इस अवसर पर अरुण अग्रवाल, किशनचंद्र शर्मा, राजीव गोयल, डॉ. आलोक कुमार गुप्ता, कमलेश वार्ष्णेय, राहुल शंखधार, रानी सिंह पुंडीर, सुमन, करुणा सोलंकी, रेनू सिंह, पवन वार्ष्णेय, संजीव गुप्ता, जमीर खां, सागर छाबड़ा, विवेक माहेश्वरी, संदीप सक्सेना, विवेक राष्ट्रवादी, कार्तिक अग्रवाल उर्फ बाबू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश के चलते की मारपीट, दी जान से मारने की धमकी

बिल्सी/बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना बिल्सी क्षेत्र में पुरानी कहासुनी को लेकर दो युवकों द्वारा एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला नं0 2, कस्बा बिल्सी निवासी राहुल पुत्र उदयराज ने थाने में तहरीर दी है। शिकायत के अनुसार, 3 अप्रैल की शाम करीब 8 बजे विकास पुत्र विन्नू बार्ष्णेय ने पुरानी बात को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर आरोपी ने लात-घूंसों और डंडे से मारपीट की, जिससे राहुल को गंभीर चोटें आईं। राहुल का आरोप है कि मोहल्ला नंबर 5 निवासी विकास पुत्र पिन्नू ने भी उसे जान से मारने की धमकी दी है।पीड़ित की तहरीर पर थाना बिल्सी पुलिस ने 4 मई को मामला दर्ज कर लिया है। जांच उपनिरीक्षक संतोष को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## उझानी और बदायूं में छाए काले बादल, गर्मी से मिली राहत

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। मई की तपती दोपहरी में आज उझानी वालों ने राहत की सांस ली। सुबह से ही आसमान में काले-घने बादलों का डेरा रहा। सूरज बादलों की ओट में छिपा रहा और पारा लुढ़क गया। पिछले एक हफ्ते से 42 डिग्री की आग उगल रही गर्मी से बेहाल लोग आज 22 डिग्री में चैन की नींद सोए। बाजारों में दोपहर को भी चहल-पहल दिखी। ठेले-खोमचे वालों के चेहरे खिल उठे। ल्लबादल भगवान बनकर आए हैंङ्क, बुजुर्ग रामखिलावन बोले।मगर ये राहत कहीं आफत न बन जाए। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में तेज हवा के साथ झमाझम बारिश का अलर्ट जारी किया है। खेतों में खड़ी मक्का की फसल और भूसा भीगने के डर से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। ल्लअगर पानी गिर गया तो मेहनत पर पानी फिर जाएगाङ्क, किसान वीरेंद्र सिंह ने कहा। स्थानीय मौसम केंद्र के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बदायूं जिले में 5 और 6 मई को 30-40 किमी की रफ्तार से आंधी और हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। कहीं-कहीं ओले भी गिर सकते हैं। फिलहाल लोग बादलों को देखकर खुश भी हैं और डरे भी। गर्मी से राहत मिली तो सही, पर आसमान में मंडरा रहा ये काला साया कहीं तबाही न ला दे।

## पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटेरा गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना निगोही पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने लूटा गया कुंडल, चोरी की बाइक समेत तमंचा, कारतूस भी बरामद किया है। मुठभेड़ के दौरान शातिर लुटेरे के पैर में गोली लगी है। घायल अभियुक्त को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बीती रात थाना निगोही पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि 17 अप्रैल को निगोही के हमजापुर बाईपास पर एक महिला का कुंडल झपट्टा मारकर लूटने वाला अभियुक्त आज फिर से लूट करने के इरादे से चोरी की मोटरसाइकिल से पुवायां की ओर से हमजापुर चौराहा की तरफ आ रहा है। सूचना पर पुलिस ने ग्राम कटैया उस्मानपुर के पास अभियुक्त को रोकने का प्रयास किया, तो उसने बाइक की स्पीड बढ़ा दी और भागने लगा, इससे अनियंत्रित होकर वो बाइक समेत गिर गया और जंगल की ओर भागा। इस दौरान उसने जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर किया, पुलिस ने भी जबाबी फायरिंग की। पुलिस की फायरिंग से अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से तमंचा, कारतूस और घटना में प्रयुक्त चोरी की बाइक बरामद की। पूछताछ में घायल अभियुक्त ने अपना नाम वीरेश उर्फ शिवा राठौर, कस्बा व थाना शाहबाद, जनपद हरदोई बताया। पुलिस ने घायल अभियुक्त को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। गिरफ्तार अभियुक्त पर थाना सदर बाजार, थाना आरसी मिशन और थाना निगोही समेत जनपद हरदोई के थाना शाहबाद, थाना पिहानी, थाना कोतवाली आदि में चोरी, लूट, डकैती, धोखाधड़ी आदि के करीब एक दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना निगोही के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह के साथ एसओजी व सर्विलासं प्रभारी उपनिरीक्षक मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## कटरा नगर पंचायत का उपचुनाव सम्पन्न, मतदान प्रतिशत 41.78

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मंगलवार को नगर पंचायत कटरा के अध्यक्ष पद के लिए हुए उपचुनाव का मतदान प्रतिशत 41.78 रहा। कटरा नगर पंचायत में मतदाताओं की संख्या 31458 है, जिसमें मतदाता पुरुष 16807 और महिला 14658 हैं। मंगलवार को हुए उपचुनाव में कुल 13147 मतदाताओं ने मतदान किया। इसमें पुरूष 7379 और महिला 5768 हैं। डीएम, एसपी ने नगर पंचायत कटरा के अध्यक्ष पद के लिए उप निर्वाचन में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, मतदाताओं की सुविधा, पेयजल, छाया एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। कहा कि मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सांसद के पुत्र को जातिसूचक गालियां व फायरिंग करने के आरोपी पर कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। लोकसभा सांसद अरुण सागर के पुत्र अंकित सागर को जातिसूचक गालियां देने और जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के आरोपी राघवेन्द्र सिंह उर्फ नीटू सिंह और सोशल मीडिया पर सांसद को गोली मारने की धमकी देने के आरोपी अरविंद सिंह चौहान के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई, अवैध खनन से अर्जित की गई सम्पत्ति को ध्वस्त व जब्त करने और परिवारिक सदस्यों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की मांग को लेकर अनुसूचित जाति-जनजाति महासंघ के बैनर तले विभिन्न संगठनों ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया गया।

मंगलवार को अनुसूचित जाति-जनजाति महासंघ के बैनर तले विभिन्न सामाजिक संगठनों के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता खिरनीबाग जीआईसी मैदान में एकत्र हुए। इसके बाद जुलूस के रूप में सभी लोग नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। महासंघ के संयोजक जगदीश चंद्र ने कहा कि देश व प्रदेश में दलित उत्पीड़न की घटनाएं निरंतर बढ़ती जा रही हैं, ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सरकार सख्त कार्रवाई करे। पंचशील सोशल वेलफ़ेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि सांसद अरुण कुमार सागर के परिवार को जातिसूचक गालियां देते हुए हमला करना संपूर्ण दलित समाज का अपमान है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एससी-एसटी बेसिक शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष सियाराम दिनकर ने अभियुक्तों पर जीरो टॉलरेंस की कार्रवाई की जरूरत बताई। ज्ञापन में सांसद अरुण कुमार सागर और उनके परिजनों को विशेष सुरक्षा दिए जाने, सांसद के पुत्र अंकित सागर को जान से मारने की नीयत से फायर करने, जातिसूचक गालियां देने वाले आरोपी राघवेन्द्र सिंह उर्फ नीटू सिंह तथा सोशल मीडिया पर सांसद को गोली मारने की धमकी देने के आरोपी अरविंद सिंह चौहान के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई, अवैध खनन से अर्जित की गई सम्पत्ति को ध्वस्त व जब्त करने और परिवारिक सदस्यों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की मांग की गई। इस दौरान अनुसूचित जाति- जनजाति बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा, भारतीय बहुजन महासभा के प्रांतीय संयुक्त मंत्री महेंद्र सिंह दिनकर, बुद्ध विहार समिति के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद, अरविंद वर्मा, लालमन, भारत पाल, वेदपाल सुमन, महेश सागर, विनीत सागर, पंकज कुमार, अरुण कुमार, अनूप, योगेश, कमलेश सागर, रामपाल, मातादीन वर्मा, खुशीराम, बृजेश कुमार, नीरज कुमार, धर्मेंद्र भारती, विनोद सम्राट, राजीव वर्मा, अनिल भास्कर आदि कई लोग मौजूद रहे।

## डीएम के आदेश पर 11 नये गेहूँ क्रय केंद्र खोले गए, जनपद में कुल 104 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित

रायबरेली। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत जनपद रायबरेली में क्रय एजेंसी द्वारा प्रेषित प्रस्तावों के अनुसार 93 गेहूँ क्रय केन्द्र खोले जाने हेतु अनुमोदित किए जा चुके हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के आदेशानुसार क्रय एजेंसी पीसीएफ के 08 एवं पीसीयू के 3 के प्रेषित प्रस्तावों के अनुसार कुल 11 नये खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके अनुसार तहसील सदर के ब्लॉक राही में 15, अमावां में 06, ब्लॉक हरचन्दपुर में 05 एवं ब्लॉक सतांव में 02 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित है। इसी प्रकार तहसील/ब्लॉक महराजगंज में 14, ब्लाक शिवगढ़ 04, ब्लॉक बछरावां में 04, तहसील/ब्लॉक लालगंज में 03, ब्लॉक सरेनी में 01, ब्लॉक खीरों में 01, तहसील/ब्लॉक ऊँचाहार में 09, ब्लॉक रोहनिया 01, ब्लॉक जगतपुर में 02, तहसील/ब्लॉक डलमऊ में 07, ब्लॉक दीनशाहगौरा में 05, तहसील/ब्लाक सलोन में 11, ब्लॉक डीह में 06 एवं ब्लाक छतोह में 08 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित है।

# हनुमान गढ़ी मंदिर परिसर में जेष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगल के अवसर पर इस वर्ष भी भव्य धार्मिक आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**कार्यक्रम का संयोजन अनुराग अग्रहरि के नेतृत्व में किया गया**

**जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता देखने को मिली**

महराजगंज,रायबरेली। रोड स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर परिसर में जेष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगल के अवसर पर इस वर्ष भी भव्य धार्मिक आयोजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन अनुराग अग्रहरि के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत सुंदरकाण्ड पाठ से हुई, जिसके पश्चात हवन-पूजन संपन्न कराया गया। धार्मिक अनुष्ठानों के पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का शुभारंभ किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक राजाराम त्यागी ने कहा कि बड़े मंगल का पर्व सेवा, समर्पण और आस्था का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और सद्भाव का संदेश प्रसारित होता है। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं।

वहीं, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रभात साहू ने अपने संबोधन में कहा कि हनुमान जी की कृपा से ही इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर संपन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि बड़े मंगल पर भंडारा आयोजित करना केवल परंपरा ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी भक्तों से सेवा भाव बनाए रखने और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव, पहरेमऊ भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील सिंह, समय बहादुर, ज्ञानप्रकाश जायसवाल, नामित सभासद सूर्य प्रकाश वर्मा, विजय धीमान, धनश्याम चौरसिया, दयाशंकर सिंह, भाजपा नेता अवधेश मिश्रा, अशोक वर्मा, एमपी सिंह गैस एजेंसी, अभिषेक पाण्डेय, राजू मौर्य, एसएमआई रोहित द्विवेदी, शौरभ, बृजेश प्रताप सिंह, पुनीत सिंह, राघवेन्द्र सिंह, राजेश प्रताप सिंह, शिवबरन साहू, सुधीर साहू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पूरे आयोजन के दौरान हनुमान भक्तों ने सेवा भाव से व्यवस्थाएं संभालीं और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण रहा।

# लूट का खुलासा,पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल, दो गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के कर्नलगंज क्षेत्र में ज्वेलर्स व्यापारी से हुई लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है।कर्न लगंज पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्र वाई में मुठभेड़ के दौरान एक शातिर बदमाश घाय ल हो गया।जबकि उसका साथी भी गिरफ्तार कर लिया गया।आरोपियों के पास से लूटे गए सोने-चां दी के आभूषण, नकदी, अवैध तमंचा और बाइक बरामद हुई है।जिले के कर्नलगंज इलाके में 28 अप्रैल को हुई ज्वेलर्स व्यापारी से लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में कर्नलगंज पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई के दौरान सोमवार रात पुलिस और बदमा शों के बीच मुठभेड़ हो गई।जिसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया।जबकि दूसरा आरो पी भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया।गिरफ्तार आरोपि यों की पहचान बृजेश शुक्ला और अमर शुक्ला उर्फ ननके के रूप में हुई है।जिसमें बृजेश कौड़िया थाना क्षेत्र के तथा अमर कटरा का रहने वाला है। मुठभेड़ में घायल बृजेश को इलाज के लिए अस्प ताल में भर्ती कराया गया है।

### बदमाशों की कब्जे से सोने चांदी के आभूषण नगदी, तमंचा कारतूस बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए सोने-चांदी के आभूषण,5200 रुपये नकद,एक एंड्रॉइड मोबाइल फोन, एक बिना नंबर प्लेट की पल्सर मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है।घटना के अनुसार, कर्नलगंज सदर बाजार के रहने वाले राजन सोनी 28 अप्रैल को अपनी दुकान जा रहे थे।इसी दौरान खाटू श्याम मंदिर मोड़ के पास पुलिया के करीब बाइक सवार तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया।आरोपियों ने तमंचा दिखाकर उनके पास मौजूद बैग छीन लिया, जिसमें सोने-चांदी के आभूषण और नकदी थी।

### गोंडा और बहराइच में ज्वेलर्स से लूट की घटना को दिया था अंजाम

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि कर्नलगंज पुलिस और एसओजी टीम की देर रात बदमाशों से मुठभेड़ हो गई।जिसमें एक लुटेरा पु लिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से घायल हुआ है।इस दौरान दो बदमाश गिरफ्तार किए गए हैं।घायल बदमाश को तत्काल इलाज के लिए जि ला अस्पताल ले जाया गया।इन दोनों लुटेरों के द्वारा अपने साथी के साथ मिलकर 28 अप्रैल को कर्नलगंज में एक ज्वेलर्स के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया गया था।इसके साथ ही 13 अप्रै ल को बहराइच के कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र में ए क ज्वेलर्स के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया गया था।गोंडा पुलिस की इस घटना के खुलासे के लिए पांच टीमों के अथक प्रयास इस दौरान 70 किलोमीटर के दायरे में पांच सौ सीसीटीवी कैमरा की पड़ताल की गई।इनके कब्जे से सोने चांदी के आभूषण 5200 नगद एक मोबाइल और पल्सर मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट की बरामद की गई है।

# जल भराव पर गायत्री पुरम मोहल्ले की महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । शहर से सटे गायत्रीपुरम मोहल्ले व गिर्द गोंडा ग्रामसभा में जल निकासी व्यवस्था न होने और रास्ते पर जल भराव को लेकर मोहल्ले की तमाम महिलाओं ने मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर समस्या का समाधान कराए जाने की मांग किया।महिलाओं ने बताया कि गायत्री पुरम मोहल्ले के मौहरिया गिर्द गोण्डा ग्रामसभा स्थित अमित ज्वेलर्स के बगल की गली में विगत कई वर्षों से सड़क और नाली निर्माण न होने के कारण हल्की सी बरसात से रास्ते पर जल भराव हो जाता है। जिससे मोहल्ले वालों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही जल भराव के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं और उनकी पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रही है। महिलाओं ने यह भी बताया कि जल भराव से कई लोगों के घरों में भी बरसात का पानी भर जाता है। उन्होंने ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार उनको समस्या के बारे में बताया गया, किन्तु वे बजट का हवाला देकर मामले को टाल देते हैं। सभी महिलाओं ने जिलाधिकारी से शीघ्र ही समस्या का समाधान कराए जाने की मांग किया है। इस मौके पर पूजा त्रिपाठी, रितु मिश्रा, सुमन, रूबी श्रीवास्तव, पिंकी, रेखा यादव, प्रीति, गुड्डी एवं अर्चना सहित दर्जनभर से अधिक महिलाएं मौजूद रहीं।

# नीम के पेड़ को लेकर विवाद, कटान पर ग्रामीणों का प्रदर्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के करनैलगंज तहसील क्षेत्र के चंगेरि या ग्राम सभा में एक प्राचीन नीम के पेड़ को लेकर विवाद खड़ा हो गया है ग्रामीणों ने ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जा और पेड़ काटने की कोशि श का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया, जि ससे इलाके में तनाव की स्थिति बन गई है।

### ग्राम सभा की जमीन पर कब्जे का आरोप

ग्रामीणों का कहना है कि गांव के ही कुछ लोगों ने ग्राम सभा की जमीन पर कंटीले तार लगाकर अवैध कब्जा कर लिया था,जिससे विवाद की शुरु आत हुई है बताया जा रहा है कि यह नीम का पेड़ काली माता से जुड़ा हुआ था और ग्रामीणों की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता था तेज आंधी-तूफान और बारिश के दौरान यह पेड़ गिर गया, जिसके बाद कुछ लोगों द्वारा उसे काटने का प्रयास किया गया,जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पेड़ गिरने के बाद कुछ लोग उसे अवैध रूप से काटकर हटाने की कोशिश कर रहे थे.घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पेड़ के कटान को रुकवा दिया,जिससे स्थिति नियंत्रित हो गईं थी, इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है ग्रामीणों ने मांग की है कि जिस स्थान पर पेड़ था, वहां काली माता की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाए, वही ग्रामीणों का कहना है कि गिरे हुए पेड़ और जमीन पर ग्राम सभा का अधिकार है, किसी व्यक्ति विशेष का नहीं है।

# दिव्यांग व्यक्ति को डीएम ने दिलाई ट्राईसाइकिल तथा अन्य योजनाओं का भी लाभ देने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान संवेदनशील एवं सराहनीय प हल देखने को मिली।जनसुनवाई के दौरान दिव्यां ग शिकायतकर्ता शिव प्रकाश पुत्र राम सवारे, निवा सी ग्राम नदौर बलकरपुरवा, तहसील करनैलगंज, अपनी समस्या को लेकर उपस्थित हुए।उनकी स्थि ति को देखते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अपने कार्यालय कक्ष से बाहर आकर उनकी बातों को गं भीरता एवं भावपूर्ण ढंग से सुना।शिव प्रकाश ने अपनी दैनिक जीवन की कठिनाइयों को साझा करते हुए आवागमन में आ रही समस्याओं से अव गत कराया।जिलाधिकारी ने तत्काल मामले की गं भीरता को समझते हुए संबंधित विभाग के अधि कारियों से मौके पर ही वार्ता की और आवश्यक निर्देश दिए।उनकी तत्परता और सकारात्मक प हल के परिणामस्वरूप कलेक्ट्रेट परिसर में ही दि व्यांगजन को ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई गई।सा थ ही उपरोक्त व्यक्ति को दिव्यांग पेंशन व अन्य यो जनाओं का लाभ शीघ्रातिशीघ्र दिलाने के निर्देश दिये हैं।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने जिलाधि कारी की इस संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्यवाही की सराहना की।यह पहल न केवल प्रशासन की जवाबदेही को दर्शाती है,बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के प्रति सहानुभूति और सहयोग की भावना को भी मजबूत करती है।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि हर जरूरतमंद व्य क्ति तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंच उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दि व्यांगजन एवं अन्य पात्र लाभार्थियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# मार्गों एवं सेतुओं के निर्माण तथा अनुरक्षण की कार्ययोजना तैयार करने के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । लोक निर्माण विभाग में वित्तीय वर्ष 2026-27 अन्तर्गत मार्गों एवं सेतुओं के निर्माण/अनुरक्षण की कार्ययोजना के सम्बन्ध में सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, एम.एल.सी. पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, अधि.अभि. प्रा.ख. लो.नि.वि. प्रदीप कुमार व निर्माण खण्ड-1 के अमर सिंह सहित विभागीय सहायक अभियन्ता व अवर अभियन्ता मौजूद रहे। जबकि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी द्वारा बैठक में वर्चुअली प्रतिभाग किया गया।

बैठक के दौरान बताया गया कि प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के आदेशों के अनुपालन में लोक निर्माण विभाग में वित्तीय वर्ष 2026-27 के मार्गों एवं सेतुओं के निर्माण तथा अनुरक्षण की कार्ययोजना तैयार किये जाने के निर्देश के क्रम में बैठक आहूत की गयी। बैठक के दौरान मौजूद जनप्रतिनिधियों को 150 से अधिक आबादी की अनजुड़ी बसावटों/ग्रामों को जोड़ने, चौडीकरण एवं सुदृढ़ीकरण तथा सेतुओं के निर्माण/अनुरक्षण इत्यादि कार्यों की जानकारी दी गयी तथा अवगत कराया गया कि प्रति विधानसभा सिंगल कनेक्टिविटी के अन्तर्गत 150 से अधिक आबादी तथा 1.00 कि.मी. से अधिक लम्बाई के प्रति विधान सभावार 30-30 कार्य प्रस्तावित किये जाने हैं।

बैठक के दौरान बताया गया कि जिन विधान सभा के अन्तर्गत सिंगल कनेक्टिविटी में 30 कार्य नहीं पूरे हो रहे हैं, उन विधान सभा में 150 से अधिक आबादी को प्रथम वरीयता देते हुए इण्टर कनेक्टिविटी तथा मिसिंग लिंक के कार्य सम्मिलित किये जाने है। मौजूद प्रतिनिधियों से उक्त योजनाओं के अन्तर्गत कार्यों की वरीयता निर्धारित करने का अनुरोध किया गया, जिससे उक्त योजनान्तर्गत कार्ययोजना का अन्तिमीकरण विश्वकर्मा पोर्टल के माध्यम से किया जा सके। इस सम्बन्ध में जनप्रतिधियों द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

## 06 मई को बाबुल का आंगन बनेगा गेंद घर मैदान

### 200 श्रमिक बेटियों का सम्पन्न होगा सामूहिक विवाह

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी ने बताया कि श्रम विभाग बहराइच द्वारा 06 मई 2026 को गेंद घर के मैदान में देवीपाटन मंडल के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की बेटियों एवं अविवाहित महिला निर्माण श्रमिकों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जायेगा। इस अवसर पर अधिकतम 200 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया जायेगा। सभी पात्र श्रमिकों को रू. 85000/- की धनराशि हितलाभ के रूप में प्रदान की जायेगी। सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## अधिग्रहण प्रभावित कृषकों की 16 मई को होगी आपत्ति सुनवाई

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर मजिस्ट्रेट/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बहराइच राजेश प्रसाद ने बताया कि गोण्डा मार्ग बहराइच बाईपास के निर्माण हेतु ली जाने वाली 08 ग्रामों की भूमि से प्रभावित कृषको की आपत्ति सुनवाई हेतु 16 मई 2026 की तिथि नियत की गई है। श्री प्रसाद द्वारा बताया गया कि बहराइच बाईपास निर्माण में 08 ग्राम टेडवा बसन्तपुर, पिपरिया महिपाल सिंह, गौरिया, सेहरिया, बैकुण्ठा, गोकुलपुर, मसीहाबाद, खलीलपुर की भूमि अधिग्रहीत की जा रही है। अर्जन प्रभावित हितबद्ध व्यक्तियों को आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु नियत तिथि 16 मई 2026 की सूचना जरिये नोटिस दी जा रही है। उन्होंने बताया कि हितबद्ध व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से अथवा किसी प्रतिनिधि अथवा अधिवक्ता के माध्यम से कलेक्टर के कार्यालय विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बहराइच में 16 मई 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे उपस्थित होकर अपने हित की प्रकृति तथा हितों के सन्दर्भ में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

# दहेज लोभियों की भेंट चढ़ी विवाहिता, केस दर्ज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है,जहां दहे ज की मांग पूरी न होने पर नवविवाहिता की हत्या किए जाने का गंभीर आरोप लगाया गया है,पीड़ित पक्ष द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।प्रार्थी अंजनी कुमार चौबे, निवासी ग्राम भैंसहा थाना कौड़िया, जनपद गोंडा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री ज्योति का विवाह 18 जून 2021 को राजन शुक्ला पुत्र प्रभुनाथ शुक्ला, निवासी ग्राम पूरे उदई, थाना कोतवाली देहात, जनपद गोंडा के साथ पूरे रीति-रिवाज से किया था। शादी के दौरान अपनी सामर्थ्य के अनुसार एक अपाची मोटरसाइकिल, तीन लाख रुपये नकद, दो अंगूठी, एक सोने की चेन सहित अन्य घरेलू सामान भी दिया गया था। लेकिन आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष-पति राजन शुक्ला, सास ममता शुक्ला, ससुर प्रभुनाथ शुक्ला, देवर दीप नारायण शुक्ला व अमन शुक्ला इन सबको दिए गए दहेज से संतुष्टी नहीं थी।पीड़ित के अनुसार, ससुराल पक्ष द्वारा लगातार चार पहिया वाहन और दो तोला सोने की चेन की अतिरिक्त मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर ज्योति को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। ज्योति जब भी मायके आती थी, वह अपने साथ हो रहे अत्याचारों की जानकारी अपने माता-पिता और परिवार को देती थी। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि दिनांक 4 मई 2026 को पति, सास, ससुर और देवरों ने मिलकर दहेज की लालच में ज्योति की बेरहमी से पिटाई कर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद शव को घर के बेड पर छोड़ दिया गया। सूचना मिलने पर गोण्डा देहात कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से मांग की है कि मामले में तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके।वही अपराध निरीक्षक देहात कोतवाली गोंडा संतोष सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर दहेज हत्या जैसे गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है आरोपियों की गिरफ्ता री के लिए टीम लगा दी गई है आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाएगी।वहीं, इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और लोगों में आक्रोश का माहौल है।

# शिक्षा मित्रों के मानदेय बढ़ोत्तरी के उपलक्ष्य में आडिटोरियम में आयोजित हुआ शिक्षक सम्मान समारोह

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा मित्रों के मानदेय को रू. 10 हज़ार से बढ़ाकर रू. 18 हज़ार करने की ऐतिहासिक वृद्धि किए जाने के उपलक्ष्य में कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में आयोजित भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा द्वारा जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह व अन्य अतिथियों एवं अधिकारियों के साथ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात समारोह में मौजूद अतिथि को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

सम्मान समारोह के दौरान में मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में जनपद गोरखपुर में आयोजित शिक्षामित्र सम्मान समारोह कार्यक्रम एवं उदबोधन का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। सजीव प्रसारण को मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बढ़ी संख्या में उपस्थित शिक्षा मित्रों द्वारा देखा व सुना गया। सरकार द्वारा शिक्षा मित्रों का मानदेय रू. 10,000 से बढ़ाकर रू.18,000 किए जाने पर समस्त शिक्षा मित्रों में उत्साह, प्रसन्नता एवं आभार का वातावरण देखने को मिला।

सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक बलहा श्रीमती सोनकर ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सदैव शिक्षकों एवं शिक्षा मित्रों के सम्मान और हितों के प्रति संवेदनशील रही है। मानदेय वृद्धि का यह निर्णय शिक्षा मित्रों के परिश्रम का सम्मान है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मित्र गांव-गांव में शिक्षा की रोशनी फैलाने का कार्य कर रहे हैं। विधायक नानपारा श्री वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा मित्रों ने कठिन परिस्थितियों में भी विद्यालयों को सशक्त बनाने का कार्य किया है। सरकार ने उनके समर्पण को पहचानते हुए यह बड़ा निर्णय लिया है, जिससे उनके परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा।

विधायक पयागपुर श्री त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा मित्र केवल शिक्षक नहीं बल्कि समाज निर्माण के शिल्पी हैं। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मानदेय वृद्धि से उनमें नई ऊर्जा का संचार होगा। एमएलसी डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शिक्षा मित्रों का सम्मान और उनके जीवन स्तर में सुधार सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी शिक्षा मित्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह निर्णय उनके धैर्य और सेवा भावना की जीत है।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा मित्र जनपद की शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में उनका योगदान उल्लेखनीय है। उन्होंने सभी शिक्षा मित्रों से बच्चों की शिक्षा में और अधिक नवाचार अपनाने का आह्वान किया। मुख्य विकास अधिकारी श्री धनवंता ने कहा कि शिक्षा मित्र राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। उनके योगदान से ही समाज में जागरूकता और प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि शिक्षा मित्रों का समर्पण और अनुशासन सदैव प्रेरणादायक रहा है। सरकार के इस निर्णय से उनमें उत्साह बढ़ेगा और विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक वातावरण बनेगा।

सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान 10 चयनित शिक्षा मित्रों को प्रतीकात्मक रूप से डेमो चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षा मित्रों ने सरकार, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया। शिक्षा मित्र संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यह दिन शिक्षा मित्रों के इतिहास में स्वर्णिम दिवस के रूप में याद किया जाएगा। समारोह का संचालन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ तथा अंत में सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं उपस्थित शिक्षा मित्रों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यह आयोजन शिक्षा मित्रों के सम्मान, संगठनात्मक एकता एवं उत्साहवर्धन का प्रतीक बनकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी, शिक्षा मित्र संघ के विभिन्न पदाधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में शिक्षा मित्र मौजूद रहे।

# कलीनगर अधिवक्ता संघ चुनावः शत-प्रतिशत मतदान के बीच रोमांचक मुकाबला, साथी अधिवक्ताओं में हर्ष का माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**चुनाव में पूर्णेन्द्र शर्मा बने अध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयदेव पासवान समर्थकों ने ढोल नगाड़े बजाकर मिष्ठान वितरण कर किया भव्य स्वागत सोशल मीडिया पर मिल रही बधाइयां**



पूरनपुर/कलीनगर अधिवक्ता संघ के चुनाव इस बार पूरी तरह लोकतांत्रिक उत्साह और रोमांच से भरपूर रहे अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों के लिए हुए मतदान में अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शत-प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है चुनाव के दौरान बार परिसर में सुबह से ही गहमागहमी का माहौल रहा अधिवक्ताओं में अपने-अपने प्रत्याशियों को लेकर उत्साह साफ नजर आया मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और सभी की निगाहें परिणामों पर टिकी रहीं अध्यक्ष पद पर बेहद कड़ा मुकाबला देखने को मिला पूर्णेन्द्र शर्मा और अनिल पांडे के बीच सीधी टक्कर रही, जिसमें पूर्णेन्द्र शर्मा ने महज 2 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया इतने कम अंतर से आई जीत ने इस मुकाबले को बेहद खास बना दिया वहीं कोषाध्यक्ष पद पर भी कांटे की टक्कर रही जयपाल सिंह और सुनील राठौर के बीच हुए मुकाबले में जयपाल सिंह ने 3 मतों से जीत हासिल की दोनों ही पदों पर परिणामों का अंतर बेहद कम होने के कारण देर तक चर्चा का विषय बना रहा गौरतलब है कि इससे पहले ही महामंत्री महेन्द्र पाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयदेव पासवान और कनिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यपाल पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे इससे चुनाव का मुख्य आकर्षण अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पदों पर केंद्रित हो गया था।

परिणाम घोषित होने के बाद विजेता प्रत्याशियों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई बार परिसर में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया गया वहीं पराजित प्रत्याशियों ने भी खेल भावना का परिचय देते हुए परिणामों को स्वीकार किया और विजेताओं को बधाई दी चुनाव की पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई, जिसकी अधिवक्ताओं ने सराहना की। कलीनगर अधिवक्ता संघ का यह चुनाव इस बात का उदाहरण बन गया कि लोकतंत्र में हर एक वोट कितना महत्वपूर्ण होता है और मामूली अंतर भी बड़ा परिणाम तय कर सकता है।

# पीलीभीत में शिक्षामित्र सम्मान समारोह : 18 हजार के चेक वितरित, मुख्यमंत्री कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। शिक्षामित्रों के मान-सम्मान को समर्पित एक महत्वपूर्ण अवसर पर जनपद मुख्यालय स्थित गांधी प्रेक्षागृह में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गोरखपुर से आयोजित शिक्षामित्र सम्मान एवं मानदेय वितरण कार्यक्रम का यहां सजीव प्रसारण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षामित्रों ने सहभागिता की कार्यक्रम का शुभारंभ पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया इस दौरान उन्होंने शिक्षामित्रों को 18 हजार रुपये के चेक वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की उन्होंने कहा कि यह निर्णय शिक्षामित्रों के समर्पण और उनके योगदान के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस समारोह में आदर्श शिक्षा मित्र एसोसिएशन के 11 शिक्षामित्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने शिक्षामित्रों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है ज्ञात हो कि प्रदेश सरकार ने अप्रैल माह से शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाकर 18,000 रुपये प्रतिमाह तथा अनुदेशकों का 17,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया है इसी क्रम में अप्रैल माह का पहला मानदेय वितरण समारोहपूर्वक संपन्न कराया गया कार्यक्रम में आदर्श शिक्षक/शिक्षामित्र वेलफ़ेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष महेंद्र पाल वर्मा, संरक्षक सर्वेश कुमार स्वर्णकार, जिला मंत्री दिलनवाज अहमद खान, संगठन मंत्री संजीव कुमार कुशवाहा सहित विभिन्न ब्लॉकों के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, ब्लॉक प्रमुख मरौरी सम्भवता वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र श्रीवास, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं शिक्षामित्र मौजूद रहे कार्यक्रम के अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया है।

# अमेठी में शिक्षामित्र सम्मान एवं मानदेय वितरण समारोह का भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत जनपद के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों के सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण के शुभारंभ हेतु जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोरखपुर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षामित्रों का मानदेय दस हजार रुपए से बढ़ाकर अठारह हजार रुपए किए जाने संबंधी कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय संग्रामपुर एवं कंपोजिट विद्यालय पचेहरी की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने कहा कि शिक्षामित्र परिषदीय विद्यालयों की रीढ़ हैं और नामांकन बढ़ाने, बच्चों को निपुण बनाने तथा विद्यालयों को समाज से जोड़ने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा मानदेय वृद्धि, कैशलेस चिकित्सा एवं मूल विद्यालय में स्थानांतरण जैसी सुविधाएं शिक्षामित्रों के योगदान का सम्मान हैं। जिलाधिकारी संजय चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षामित्रों को समय-समय पर विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्व दिए जाते हैं, जिनका वे पूरी निष्ठा से निर्वहन करते हैं। उन्होंने मानदेय वृद्धि पर सभी शिक्षामित्रों को बधाई देते हुए भविष्य में भी समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा एवं शिक्षकों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। वहीं विधायक राकेश प्रताप सिंह ने भी शिक्षामित्रों के योगदान की प्रशंसा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने शिक्षामित्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सरकार द्वारा उन्हें आगे भी सम्मानित किया जाता रहेगा। समारोह के दौरान अतिथियों ने प्रत्येक विकास क्षेत्र से आए शिक्षामित्रों को अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा प्रतीक स्वरूप अठारह हजार रुपये के बढ़े हुए मानदेय की चेक वितरित की। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग की विभिन्न नवाचारी गतिविधियों लर्निंग बाय डूइंग, महिला सशक्तिकरण, रूम टू रीड, इको क्लब, किचन गार्डन, विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी, समेकित शिक्षा, बालिका शिक्षा एवं स्कूल चलो अभियान–से संबंधित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया, जिसकी आगंतुकों ने सराहना की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रमेश सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) गोविंद शुक्ला सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक एवं विभिन्न विकास क्षेत्रों से आए शिक्षामित्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बिलसंडा ब्लॉक में भ्रष्टाचार के आरोपों पर भड़का जनाक्रोश भाकियू भानु का धरना

बीसलपुर।बिलसंडा ब्लॉक क्षेत्र में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर किसानों और ग्रामीणों का गुस्सा खुलकर सामने आ गया भारतीय किसान यूनियन भानु के बैनर तले जिला अध्यक्ष भजनलाल क्रोधी की अगुवाई में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया, जिसमें ग्राम निधि के दुरुपयोग, प्रधानमंत्री आवास योजना और शौचालय निर्माण में बड़े पैमाने पर धांधली के आरोप लगाए गए धरने में शामिल किसानों ने कहा कि ब्लॉक क्षेत्र में कई विकास कार्य अधूरे पड़े हैं, जबकि कागजों में उन्हें पूर्ण दर्शा दिया गया है प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लोगों को लाभ से वंचित रखा जा रहा है, जबकि अपात्रों को प्राथमिकता दी जा रही है ग्राम कनपरी निवासी सचिन कुमार का मामला भी उठाया गया, जिन्हें पात्र होने के बावजूद अब तक आवास नहीं मिल सका है ग्रामीणों ने ग्राम सचिव विवेक वर्मा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर अवैध धन की मांग की जाती है और विरोध करने पर अभद्र व्यवहार किया जाता है ।

## विजय का शंखनाद, परिवर्तन की हुंकार पूरनपुर में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का जश्न

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पश्चिम बंगाल, असम व पांडुचेरी विधानसभा चुनाव 2026 में मिली प्रचंड एवं ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में पूरनपुर स्थित भाजपा कार्यालय पर भव्य उत्सव का आयोजन किया गया विधायक बाबूराम पासवान के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला ढोल–नगाड़ों की गूंज और पटाखों की कड़कड़ाहट के बीच कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशियां बांटी कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने इसे सुशासन और राष्ट्रवाद की जीत बताया कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम और भारत माता की जय के नारों के साथ माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया वक्ताओं ने कहा कि बंगाल में खिला 'कमल' अब विकास की नई इबारत लिखेगा और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगा इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, अशोक खंडेलवाल, संगीता सिंगल, अजीत सक्सेना, सुशील सक्सेना, नवनीत मिश्रा, सपना सिंह चौहान, संतोष सिंह, ओम शर्मा, रवि वर्मा, सूरज बाथम, मानस शुक्ला, उपेंद्र भारती, अमन शान, विवेक तिवारी, शेर सिंह यादव, रितेश गुप्ता, प्रदीप सिंह मुखिया, अंकित वाल्मीकि, सनी गुप्ता, नितिन, आलोक त्रिवेदी, सचिन गुप्ता, रामपाल वर्मा, कमल चौहान, अवलोक मिश्रा, अम्बर मिश्रा, अजय वर्मा, अनिल शर्मा, आकाश वर्मा, कल्लू वर्मा, सुनील श्रीवास्तव, श्याम शंखधार, विष्णु वर्मा सहित नगर के अनेक सम्मानित पदाधिकारी, कार्यकर्ता व नागरिक मौजूद रहे है।

## श्री बालाजी धाम अलीगंज में उमड़ा आस्था का जनसैलाब, ध्वज यात्रा व दिव्य दरबार ने बांधा समां

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री बालाजी धाम अलीगंज में आयोजित दो दिवसीय चतुर्थ वार्षिकोत्सव का दूसरा दिन मंगलवार को भव्य, दिव्य और श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हुआ पूरे दिन चले धार्मिक आयोजनों में क्षेत्र सहित दूर–दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता देखने को मिली धाम परिसर सुबह से देर रात तक जयकारों, भजन–कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों से गूंजता रहा दूसरे दिन की शुरुआत प्रातःकाल गौहनिया चौराहे स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से निकाली गई भव्य ध्वज यात्रा के साथ हुई विधि–विधान से पूजन–अर्चन के बाद श्रद्धालु ध्वज लेकर यात्रा में शामिल हुए। यात्रा में महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए जय श्रीराम जय बालाजी महाराज और प्रेतराज बाबा की जयङ्क के जयघोषों से पूरा मार्ग भक्तिमय हो उठा। विभिन्न मार्गों से होती हुई यात्रा श्री बालाजी धाम अलीगंज पहुंची, जहां जगह–जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। कई स्थानों पर जलपान व शरबत की व्यवस्था भी की गई यात्रा के धाम पहुंचने के बाद विशाल सीताराम रसोई का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया स्वयंसेवकों ने सेवा भाव से व्यवस्था संभाली और भीड़ के बावजूद आयोजन पूरी तरह सुव्यवस्थित रहा दोपहर बाद प्रेतराज बाबा को श्रद्धापूर्वक 56 भोग अर्पित किए गए। मिष्ठान, फल और विविध व्यंजनों से सजा भोग श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा–अर्चना संपन्न हुई और श्रद्धालुओं ने अपने परिवार की सुख–समृद्धि एवं मंगलकामना की शाम होते ही धाम परिसर में भव्य दिव्य दरबार सजाया गया आकर्षक रोशनी और फूलों से सजे दरबार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी भजन–कीर्तन और संकीर्तन ने वातावरण को पूर्णतः आध्यात्मिक बना दिया भक्त भजनों पर भाव–विभोर होकर झूमते नजर आए, वहीं कई श्रद्धालु ध्यान और पूजा में लीन दिखे पूरे आयोजन के दौरान समिति के पदाधिकारी और स्वयंसेवक व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहे चिकित्सा सहायता, पेयजल और अन्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई थी इस प्रकार श्री बालाजी धाम अलीगंज का चतुर्थ वार्षिकोत्सव का दूसरा दिन आस्था, भक्ति, सेवा और समर्पण का अनुपम उदाहरण बनकर संपन्न हुआ, जिसने धार्मिक एकता और सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया है।

## जनगणना–2027:7 से 21 मई तक चलेगा स्व–गणना अभियान,गांधी सभागार में मीडिया को दिया प्रशिक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनगणना–2027 के अंतर्गत स्व–गणना कार्य 7 मई 2026 से 21 मई 2026 तक को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में प्रेस वार्ता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान मीडिया कर्मियों को स्व–गणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई प्रशिक्षण में अधिकारियों ने बताया कि नागरिक अब मोबाइल के माध्यम से स्वयं अपना डेटा आसानी से भर सकते हैं यह स्व–गणना अभियान ग्राम पंचायत स्तर तक संचालित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके कार्यक्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रसून द्विवेदी तथा जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी मेराज हुसैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे प्रशासन द्वारा पहले ही प्रत्येक ब्लॉक से तीन पंचायत सहायक, तीन रोजगार सेवक, तीन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं तीन स्वयं सहायता समूह अध्यक्षों को प्रशिक्षित किया जा चुका है इस प्रकार हर ब्लॉक से 12 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया वर्तमान में ब्लॉक स्तर पर भी लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जनपद के सभी पंचायत सहायकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, रोजगार सेवकों और समूह अध्यक्षों को प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि स्व–गणना कार्य को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रसून द्विवेदी ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर स्व–गणना प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाना है, जिससे जनगणना अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके।

## इटिहिवा टीला होगा संरक्षित, 113.49 लाख की पहली किस्त मंजूर

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ऐतिहासिक इटिहिवा टीले के संरक्षण को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। सुल्तानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह के प्रयास रंग लाए हैं, जिसके तहत इस प्राचीन स्थल को संरक्षित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मान्यता है कि यह टीला भगवान श्रीराम के पुत्र भगवान कुश द्वारा बसाए गए प्राचीन कस्बे के अवशेषों में से एक है। उत्तर प्रदेश शासन के अनु सचिव मनोज कुमार ने पुरातत्व निदेशालय को इस स्थल के संरक्षण के लिए पत्र भेजा है। बीते 19 मार्च 2026 को हुई अप्रेजल समिति की बैठक में टीले के चारों ओर बाउंड्रीवाल निर्माण की संस्तुति दी गई थी। कुल 226.99 लाख रुपये की लागत से इस परियोजना को पूरा किया जाएगा, जिसमें से 113.49 लाख रुपये की पहली किस्त स्वीकृत हो चुकी है। निर्माण कार्य कार्यदाई संस्था छ्वै द्वारा कराया जाएगा। कूरेभार ब्लॉक के सरवन गांव में स्थित करीब 16 एकड़ क्षेत्र में फैले इस टीले के संरक्षण से न सिर्फ ऐतिहासिक धरोहर सुरक्षित होगी, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। काफी समय से विधायक विनोद सिंह इस परियोजना के लिए शासन स्तर पर प्रयासरत थे। इस उपलब्धि पर उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है। अयोध्या, प्रयागराज, लखनऊ और वाराणसी के बीच स्थित कुशभवनपुर (सुल्तानपुर) का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व और भी बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

# शताब्दी वर्ष पर नौरंगाबाद में 551 दीपों से सजा दीपयज्ञ पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ से गूंजा वातावरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। अखण्ड दीपक के 100 वर्ष, माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष एवं पं. श्रीराम शर्मा आचार्य की तप साधना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। इसी क्रम में निकाली जा रही ज्योति कलश रथ यात्रा का गांव नौरंगाबाद में भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का माहौल बन गया गायत्री परिवार के विद्वानों के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में दीपयज्ञ के दौरान 551 दीप प्रज्ज्वलित किए गए, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा इसके साथ ही पांच कुण्डीय शक्तिसंवर्धन गायत्री महायज्ञ का विधि-विधान से आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुति दी तहसील संयोजक रामऔतार कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 मई को ज्योति कलश रथ यात्रा तहसील पूरनपुर में प्रवेश करेगी और विभिन्न गांवों में भ्रमण करते हुए 9 मई की शाम श्री वेद माता गायत्री शक्तिपीठ, गन्ना समिति पूरनपुर पहुंचेगी, जहां दीपयज्ञ का आयोजन होगा। 10 मई को यज्ञ सम्पन्न होने के पश्चात रथ यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए माता भगवती देवी गौशाला, प्रसादपुर के लिए प्रस्थान करेगी उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष के अंतर्गत पूरे देश में 108 ज्योति कलश रथ यात्राएं निकाली जा रही हैं, जो 2400 तीर्थों की रज-जल एवं अखण्ड ज्योति लेकर जन-जन में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने का कार्य कर रही हैं कार्यक्रम में लालता प्रसाद शास्त्री, करन सिंह कुशवाहा, दोदराम कुशवाहा, भूदेव शर्मा, राकेश सिंह, वीरपाल सिंह पाल, रामऔतार कुशवाहा, जगदीश, सर्वजीत पांडेय, लाखन सिंह, सर्वेश कुमार स्वर्णकार, राधाकृष्ण कुशवाहा, कुंदन सिंह, ओमप्रकाश कुशवाहा, विमलेश राठौर, रामसनेही, विश्वनाथ सिंह कुशवाहा, सुरेशचंद्र राठौर, महेश वर्मा, पंकज यादव, रामगोपाल कुशवाहा, जागेश्वर दयाल, जसपाल सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे है।

# आबकारी टीम की बड़ी कार्रवाई, 23 लीटर अवैध शराब व 480 किलो लहन नष्ट, दो पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए। यह अभियान आबकारी आयुक्त के आदेश पर, जिलाधिकारी सुल्तानपुर और उप आबकारी आयुक्त (अयोध्या प्रभार) के निर्देश में चलाया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर और क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक रणविजय सिंह (क्षेत्र-1) ने अपनी टीम के साथ थाना कोतवाली नगर के ग्राम बल्लीपुर, चुनहा में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान 23 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई और लगभग 480 किलो लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में दो अभियोग भी पंजीकृत किए गए हैं। टीम में साकेत राय, अंकित शर्मा, ओमवीर और इरफान शामिल रहे, जिन्होंने संयुक्त रूप से अभियान को अंजाम दिया। इसके साथ ही क्षेत्र में संचालित आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। जहां स्टॉक का भौतिक सत्यापन और गुप्त रूप से टेस्ट परचेज भी कराया गया।

अभियान के दौरान आरओ प्लांट, कबाड़ी की दुकानों और ईंट भट्ठों की भी सघन जांच की गई। ग्रामीणों को अवैध शराब के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए टीम ने बताया कि ऐसी शराब का सेवन न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकता है। आबकारी निरीक्षक रणविजय सिंह ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी और ऐसे अपराध किसी भी स्थिति में क्षम्य नहीं हैं।

## कलेक्ट्रेट में भ्रष्टाचार और भेदभाव के आरोप, डीएम को सौंपा ज्ञापन

सुल्तानपुर। बहुजन अधिकार सेना के जिलाध्यक्ष एडवोकेट शैलेश गौतम ने मंगलवार को जिलाधिकारी को एक ज्ञापन देकर प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। ज्ञापन में कलेक्ट्रेट और तहसील परिसर में भ्रष्टाचार, जातिगत भेदभाव और नियमों की अनदेखी के आरोप लगाए गए हैं। ज्ञापन के अनुसार कलेक्ट्रेट में तैनात नायब नाजिर अल्नेंद्र सिंह पर लंबे समय से पद का दुरुपयोग करने, स्थानांतरण प्रक्रिया को प्रभावित करने और अपना प्रभाव बनाए रखने के आरोप हैं। वहीं अयोध्या मंडल से नियुक्त विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) हरदेव सिंह के साथ जातिगत भेदभाव किए जाने और उन्हें उनके पद के अनुरूप जिम्मेदारियां न दिए जाने की बात भी सामने आई है। इसके अलावा ज्ञापन में स्थानांतरण नीति के उल्लंघन का मुद्दा उठाया गया है। शासन के नियमों के तहत कर्मचारियों का समय-समय पर स्थानांतरण आवश्यक होता है, लेकिन कुछ प्रभावशाली कर्मचारी केवल औपचारिक बदलाव कर अपने नियंत्रण को बनाए रखते हैं, जिससे रोटेशन प्रणाली प्रभावहीन हो रही है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि होमगार्ड जवानों का इस्तेमाल सरकारी सुरक्षा के बजाय निजी कार्यों में किया जा रहा है। साथ ही, कुछ कर्मचारियों द्वारा अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने की बात भी कही गई है। शैलेश गौतम ने इन सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए विजिलेंस या एसआईटी जैसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की अपील की है।

# शिक्षामित्रों को बढ़े मानदेय का बटा चेक, किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। कलेक्ट्रेट परिसर के नवीन सभागार में शिक्षामित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा विधायक विनोद सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह, जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह ने किया।

प्रदेश के 1.43 लाख शिक्षामित्रों को 10 हजार की जगह 18 हजार बढ़ा हुआ मानदेय अप्रैल माह से लागू हो चुका है और इसका लाभ सीधे शिक्षामित्रों को मिलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और अतिथि स्वागत के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का सजीव प्रसारण किया गया। प्रदेश स्तर पर शिक्षामित्रों को सम्मानित किया जा रहा हैं। भाजपा विधायक विनोद सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से शिक्षामित्रों का मनोबल बढ़ता हैं।जिले में लगभग 2150 शिक्षामित्र कार्यरत हैं, जिन्हें इस अवसर पर सम्मानित किया गया। इससे बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस कार्यक्रम से सकारात्मक संदेश जाएगा और जिले की शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर मौजूद विधायक और एमएलसी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने शिक्षामित्रों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे शिक्षा व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं और उनके प्रयासों से प्राथमिक शिक्षा को मजबूती मिल रही है। समारोह के दौरान कुछ चयनित शिक्षामित्रों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया और उन्हें प्रतीकात्मक रूप से डेमो चेक भी प्रदान किए गए। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने अपने संबोधन में बताया कार्यक्रम राज्य सरकार द्वारा शिक्षामित्रों के मानदेय में की गई वृद्धि के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। जिसके क्रम में यह आयोजन जिला स्तर पर किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। आयोजन के दौरान शिक्षामित्रों में उत्साह देखने को मिला और उन्होंने सरकार के इस कदम की सराहना की। यह कार्यक्रम शिक्षामित्रों के सम्मान और प्रोत्साहन के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में शिक्षामित्र मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# बरगी बांध हादसे पर कुछ सवाल

मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में बरगी बांध में गुरुवार शाम हुए क्रूज नाव हादसे में एक सुखद सैर भयानक स्वप्न में बदल गई। इस दर्दनाक घटना में अब तक कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 3 छोटे बच्चे भी शामिल हैं। हादसे के बाद की एक बेहद मार्मिक तस्वीर सामने आई है, जिसमें एक महिला से उसका छोटा बच्चा चिपका हुआ है। लोग इस तस्वीर को देखकर ममता की व्याख्या कर रहे हैं कि मौत भी ममता पर भारी नहीं पड़ पाई। तस्वीर देखकर समझा जा सकता है कि मां ने अपने बच्चे को और खुद को बचाने के लिए आखिरी सांस तक कितना संघर्ष किया होगा। ऐसी कई दर्दनाक कहानियां इस हादसे के बाद कहने-सुनाने के लिए बच गई हैं। किसी परिवार में एक साथ तीन अर्थियां उठीं, तो किसी बेटी ने आंखों के सामने अपनी मां को बहते देखा। कोई परिवार दूसरे शहर से घूमने आया था, और अब लौटा ही नहीं। हादसे से ठीक पहले के कई वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें देखा जा सकता है कि तेज बहती हवाओं और ऊंची उठती लहरों का आनंद लोग ले रहे हैं, सेल्फी खींच रहे हैं, संगीत पर थिरक रहे हैं। फिर पल भर में सारा मंजर बदल गया। दार्शनिक अंदाज में भी इस घटना की व्याख्या हो रही है कि देखो जीवन क्षणभंगुर है, एक क्षण में हँसते-खेलते लोग मौत के मुंह में समा गए। लेकिन यहां सवाल उठना चाहिए कि क्या भूकंप या सुनामी जैसी कोई आपदा आई थी, जिस पर इंसान का कोई बस नहीं है, या इतने सारे लोग एक साथ अकाल मौत नहीं मरते अगर नियमों का कड़ाई से पालन किया जाता। ध्यान रहे कि गुरुवार शाम करीब 4.30 बजे ये हादसा हुआ। जबकि मौसम विभाग ने एक दिन पहले ही चेतावनी दी थी कि इलाके में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज हवाएं चल सकती हैं। तो इसके बावजूद क्रूज संचालन की अनुमति क्यों दी गई। बताया जा रहा है कि क्रूज करीब 90 लोगों की क्षमता वाला था, लेकिन उस समय इसमें लगभग 40 यात्री सवार थे। लेकिन फिर भी यह दुर्घटना हुई, क्योंकि कई यात्री तेज हवाओं के बीच ऊपर वाले डेक पर चले गए, क्योंकि वहां खुली जगह थी। लेकिन इससे संतुलन बिगड़ गया। वजन ऊपर की तरफ बढ़ने से नाव एक तरफ झुकने लगी और लगातार हिलने लगी। घबराए हुए लोग एक तरफ से दूसरी तरफ भागने लगे, जिससे स्थिति और खराब हो गई। इसी कारण पानी नाव के निचले हिस्से में भरने लगा। जो लोग नीचे डेक पर थे या नीचे लौटे थे, वे वहीं फंस गए। यानी यह दुर्घटना टाली जा सकती थी, अगर क्रूज संचालकों ने पहले से सावधानी बरती होती। अगर एक साथ बहुत सारे लोगों को ऊपर नहीं जाने दिया जाता या जब निचले हिस्से में पानी भरने लगा, तब लोगों को नीचे लौटने से रोक कर फौरन बचाव के इंतजाम किए जाते तो शायद पर्यटकों को डूबने से बचाया जा सकता था। एक वीडियो सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि जब क्रूज पर पानी भरने लगा तो लाइफ जैकेट थैलों में से निकाले जा रहे थे। कायदे से क्रूज पर चढ़ते ही यात्रियों के लिए लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य किया जाना चाहिए। अगर कोई यात्री मना करे तो उसे फौरन उतार दिया जाए। आखिर यह सख्ती उनकी अपनी जान की सुरक्षा के लिए है। लेकिन इसमें भी क्रूज संचालकों की लापरवाही दिखी कि उन्होंने आग लगने पर कुआं खोदने वाला काम किया, जब डूबने की नौबत आई तो लाइफ जैकेट बांटे गए, जिस कारण कई यात्री बच नहीं पाए। इसमें काफी हद तक भारतीय समाज का लापरवाह रवैया भी झलकता है, जो सावधानी के लिए उठाए गए कदमों की अवहेलना कर खुश होता है। चाहे दोपहिया वाहनों पर बैठने के दौरान हेलमेट पहनना हो या कार में बैठकर सीट बेल्ट लगाना हो, जब तक मजबूरी न हो अधिकतर लोग ऐसा नहीं करते हैं। हवाई यात्रा में भी कई बार विमान परिचारिका को टोकना पड़ता है कि कुर्सी की पेटी बांधे या मोबाइल फोन बंद करें, तब जाकर कुछ यात्री सुनते हैं।

# किराये की संतान नहीं, अपनत्व का पुनर्ज़ागरण चाहिए

**आज वैश्वीकरण, रोजगार की अनिवार्यता और बेहतर भविष्य की तलाश ने नई पीढ़ी को देश-विदेश के कोनों में बिखेर दिया है। यह स्वाभाविक भी है, लेकिन इस प्रक्रिया में जो सबसे बड़ी कीमत चुकाई जा रही है, वह है पारिवारिक संवेदना का क्षरण। अनेक बच्चे विदेश जाकर वहीं बस जाते हैं, अपने जीवन में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि माता-पिता केवल फोन कॉल और औपचारिक संदेशों तक सीमित रह जाते हैं। कुछ तो ऐसे भी हैं जो एक ही शहर में रहते हुए वर्षों तक माता-पिता की सुध नहीं लेते। यह केवल दूरी की समस्या नहीं, बल्कि भावनात्मक दूरी का संकट है। इसी संवेदनहीनता के वातावरण में एक नया और विचलित करने वाला प्रचलन उभरा है-किराये की संतान। कुछ कंपनियां और संस्थान अब ऐसे युवाओं या बच्चों को उपलब्ध करा रहे हैं, जो बुजुर्गों के साथ समय बिताते हैं, उनसे बातें करते हैं, उनके साथ सैर करते हैं, खेलते हैं और उनके अकेलेपन को कुछ हद तक कम करने का प्रयास करते हैं। पहली दृष्टि में यह व्यवस्था राहत देती प्रतीत होती है, लेकिन गहराई से देखने पर यह हमारे सामाजिक ढांचे की विफलता का प्रमाण बन जाती है। यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है-क्या अब ममता और अपनत्व भी अनुबंधों और पैकेजों में बांटे जाएंगे? क्या संबंधों की गरमाहट अब सेवा-शुल्क के साथ उपलब्ध होगी? यह स्थिति केवल विडंबना नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक चेतावनी है कि हम अपने मूल्यों से कितनी दूर चले आए हैं। किराये की संतान सुलभ कराने की परम्परा आधुनिक समाज-संरचना की एक बड़ी विडम्बना एवं त्रासदी है। हालांकि यह भी सत्य है कि हर परिवार की परिस्थितियां समान नहीं होतीं। कई बार बच्चों के सामने ऐसी मजबूरियां होती हैं, जिनके कारण वे माता-पिता के साथ नहीं रह पाते। वहीं कुछ बुजुर्ग भी अपने स्वभाव या सोच के कारण नई पीढ़ी के साथ सामंजस्य नहीं बैठा पाते। लेकिन इन अपवादों के बावजूद, व्यापक स्तर पर जो प्रवृत्ति उभर रही है, वह आत्मकेंद्रित जीवनशैली और संवेदनाओं के ह्रास की ही परिणति है। और भी चिंताजनक तथ्य यह है कि यह सुविधा केवल उन बुजुर्गों के लिए सुलभ है, जिनके पास पर्याप्त आर्थिक संसाधन हैं। मध्यमवर्गीय या निम्नवर्गीय बुजुर्ग, जिनकी आय के स्रोत सीमित हो चुके हैं, वे इस प्रकार की सेवाओं का खर्च वहन नहीं कर सकते।**

जीवन की सांझ जब अपने पूरे विस्तार के साथ उतरती है, तब मनुष्य को सबसे अधिक आवश्यकता दवाइयों या धन की नहीं, बल्कि अपनों के सान्निध्य और अपनों की होती है। यह वही समय होता है जब व्यक्ति अपने जीवन की संचित स्मृतियों, अनुभवों और भावनाओं को साझा करना चाहता है। लेकिन आज का कठोर यथार्थ यह है कि अनेक बुजुर्ग अपने ही घरों में अजनबी-से होकर रह गए हैं। विशाल मकानों में गूंजती खामोशी, सूने आंगन, और दरवाजे पर टकटकी लगाए प्रतीक्षा करती आंखें-यह सब मिलकर एक ऐसी त्रासदी रचते हैं, जो केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक विघटन का संकेत है। आज वैश्वीकरण, रोजगार की अनिवार्यता और बेहतर भविष्य की तलाश ने नई पीढ़ी को देश-विदेश के कोनों में बिखेर दिया है। यह स्वाभाविक भी है, लेकिन इस प्रक्रिया में जो सबसे बड़ी कीमत चुकाई जा रही है, वह है पारिवारिक संवेदना का क्षरण। अनेक बच्चे विदेश जाकर वहीं बस जाते हैं, अपने जीवन में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि माता-पिता केवल फोन कॉल और औपचारिक संदेशों तक सीमित रह जाते हैं। कुछ तो ऐसे भी हैं जो एक ही शहर में रहते हुए वर्षों तक माता-पिता की सुध नहीं लेते। यह केवल दूरी की समस्या नहीं, बल्कि भावनात्मक दूरी का संकट है। इसी संवेदनहीनता के वातावरण में एक नया और विचलित करने वाला प्रचलन उभरा है-किराये की संतान। कुछ कंपनियां और संस्थान अब ऐसे युवाओं या बच्चों को उपलब्ध करा रहे हैं, जो बुजुर्गों के साथ समय बिताते हैं, उनसे बातें करते हैं, उनके साथ सैर करते हैं, खेलते हैं और उनके अकेलेपन को कुछ हद तक कम करने का प्रयास करते हैं। पहली दृष्टि में यह व्यवस्था राहत देती प्रतीत होती है, लेकिन गहराई से देखने पर यह हमारे सामाजिक ढांचे की विफलता का प्रमाण बन जाती है। यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है-क्या अब ममता और अपनत्व भी अनुबंधों और पैकेजों में बांटे जाएंगे? क्या संबंधों की गरमाहट अब सेवा-शुल्क के साथ उपलब्ध होगी? यह स्थिति केवल विडंबना नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक चेतावनी है कि हम अपने मूल्यों से कितनी दूर चले आए हैं। किराये की संतान सुलभ कराने की परम्परा आधुनिक समाज-संरचना की एक बड़ी विडम्बना एवं त्रासदी है। हालांकि यह भी सत्य है कि हर परिवार की परिस्थितियां समान नहीं होतीं। कई बार बच्चों के सामने ऐसी मजबूरियां होती हैं, जिनके कारण वे माता-पिता के साथ नहीं रह पाते। वहीं कुछ बुजुर्ग भी अपने स्वभाव या सोच के कारण नई पीढ़ी के साथ सामंजस्य नहीं बैठा पाते। लेकिन इन अपवादों के बावजूद, व्यापक स्तर पर जो प्रवृत्ति उभर रही है, वह आत्मकेंद्रित जीवनशैली और संवेदनाओं के ह्रास की ही परिणति है। और भी चिंताजनक तथ्य यह है कि यह सुविधा केवल उन बुजुर्गों के लिए सुलभ है, जिनके पास पर्याप्त आर्थिक संसाधन हैं। मध्यमवर्गीय या निम्नवर्गीय बुजुर्ग, जिनकी आय के स्रोत सीमित हो चुके हैं, वे इस प्रकार की सेवाओं का खर्च वहन नहीं कर सकते। निजी क्षेत्र से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की स्थिति और भी दयनीय हो जाती है, जहां पेंशन नगण्य होती है और चिकित्सा खर्च लगातार बढ़ते जाते हैं। ऐसे में उनका जीवन आर्थिक असुरक्षा और मानसिक अवसाद के बीच झूलता रहता है। निश्चिततौर पर आज का समाज तीव्र गति से बाज़ारवाद और भौतिकवाद की ओर बढ़ रहा है, जहाँ संबंधों की ऊष्मा और भावनाओं की गहराई धीरे-धीरे क्षीण होती जा रही है। जीवन की प्राथमिकताएँ अब मानवीय मूल्यों से हटकर उपभोग, प्रतिस्पर्धा और आर्थिक सफलता तक सीमित हो गई हैं। परिणामस्वरूप रिश्ते भी उपयोगिता और स्वार्थ के आधार पर आँके जाने लगे हैं। परिवार, जो कभी संवेदना, सहारा और संस्कार का केंद्र हुआ करता था, अब व्यस्तताओं और महत्वाकांक्षाओं के दबाव में बिखरता नजर आ रहा है। इस बदलते परिवेश में बुजुर्ग पीढ़ी सबसे अधिक उपेक्षित हो रही है, क्योंकि वे न तो बाज़ार की दौड़ में शामिल हो सकते हैं और न ही नई पीढ़ी की भौतिक अपेक्षाओं को पूरा कर पाते हैं। उनके अनुभव, त्याग और स्नेह को अब बोझ या बाधा के रूप में देखा जाने लगा है। संयुक्त परिवारों के टूटने और एकल परिवारों के बढ़ने से उनकी सामाजिक और भावनात्मक सुरक्षा भी कमजोर हुई है। डिजिटल दुनिया ने संवाद को और अधिक सतही बना दिया है, जिससे आत्मीयता का स्थान औपचारिकता ने ले लिया है। ऐसे में बुजुर्गों का अकेलापन, असुरक्षा और उपेक्षा बढ़ती जा रही है, जो हमारे समाज के नैतिक पतन का संकेत है। विकसित देशों में बुजुर्गों के लिए सामाजिक सुरक्षा की मजबूत व्यवस्थाएं हैं। वहां सरकारें उनकी स्वास्थ्य सेवाओं, पेंशन और देखभाल की जिम्मेदारी निभाती हैं। इसके विपरीत भारत में, जहां परिवार को ही सबसे बड़ी सुरक्षा माना गया था, आज वही ढांचा कमजोर पड़ता जा रहा है। सरकारें कर तो वसूलती हैं, लेकिन बुजुर्गों के लिए समुचित कल्याणकारी योजनाओं का अभाव स्पष्ट दिखाई देता है। ऐसी परिस्थितियों में समाधान केवल भावनात्मक अपील तक सीमित नहीं रह सकता। इसके लिए बहुआयामी और रचनात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। सबसे पहले हमें पारिवारिक मूल्यों के पुनर्ज़ागरण की दिशा में गंभीर प्रयास करने होंगे। बच्चों में बचपन से ही माता-पिता के प्रति कर्तव्यबोध, सम्मान और संवेदना का संस्कार विकसित करना होगा। शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम न होकर, जीवन मूल्यों का संवाहक बनेकृयह सुनिश्चित करना समय की मांग है। दूसरा महत्वपूर्ण कदम है-वृद्धाश्रमों और अनाथालयों का एकीकरण। यह विचार केवल कल्पना नहीं, बल्कि एक अत्यंत व्यावहारिक और मानवीय समाधान हो सकता है। यदि एक ही परिसर में बुजुर्गों और अनाथ बच्चों को साथ रखा जाए, तो दोनों की समस्याओं का समाधान संभव है। बच्चों को जहां स्नेह और मार्गदर्शन मिलेगा, वहीं बुजुर्गों को अपनत्व और बच्चों के साथ का अनुभव होगा। यह संबंध कृत्रिम नहीं, बल्कि स्वाभाविक और आत्मीय होगा। सरकार को इस दिशा में नीतिगत पहल करनी चाहिए। सुविधा-संपन्न, गरिमामय और मानवीय वृद्धाश्रमों का निर्माण, जहां केवल देखभाल ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी समावेश हो, यह अत्यंत आवश्यक है। साथ ही निजी संस्थाओं को भी इस क्षेत्र में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, लेकिन यह सुनिश्चित करते हुए कि सेवाएं केवल व्यवसाय न बन जाएं, बल्कि सेवा का भाव प्रमुख रहे। बुजुर्गों को भी इस सच्चाई को स्वीकार करना होगा कि जीवन का यह चरण आत्मनिर्भरता और आत्मबल की मांग करता है। योग, ध्यान, प्राणायाम, सत्संग और सामाजिक सहभागिता उनके जीवन को सकारात्मक दिशा दे सकते हैं। डिजिटल साक्षरता भी उन्हें अपने बच्चों और समाज से जुड़े रहने में सहायक हो सकती है। साररूप में यह समझना होगा कि समाज केवल आर्थिक प्रगति से नहीं, बल्कि संवेदनाओं की समृद्धि से विकसित होता है। यदि हम अपने बुजुर्गों को सम्मान, स्नेह और सुरक्षा नहीं दे पा रहे हैं, तो हमारी सारी उपलब्धियां अधूरी हैं। किराये की संतान का प्रचलन हमें यह सोचने पर विवश करता है कि कहीं हम संबंधों को भी वस्तु तो नहीं बना रहे, भौतिकता की तराजू में तो नहीं तौल रहे हैं। यह समय है आत्ममंथन का अपने भीतर झांकने का और यह तय करने का कि हम कैसा समाज बनाना चाहते हैं। यदि हम सच में एक स्वस्थ, संवेदनशील और संतुलित समाज की कल्पना करते हैं, तो हमें अपनत्व के उस दीप को पुनः प्रज्वलित करना होगा, जिसकी रोशनी में हर बुजुर्ग अपने जीवन की सांझ को गरिमा और सुकून के साथ जी सके। **–ललित गर्ग**

# मुफ्तखोरी की राजनीति और निरंकुश महंगाई

**डॉ. सुधाकर आशावादी**

सत्ता की चाहत में सभी राजनीतिक दल लोकलुभावन वादे करके अपना स्वार्थ तो सिद्ध कर लेते हैं, लेकिन इसका सीधा असर उस मध्यम आय वर्ग की जेब पर पड़ता है, जो लोकलुभावन वादों की परिधि में नहीं आता। येन केन प्रकारेण सत्ता हासिल करने के लिए देश के सभी राज्यों में जनता को मुफ्त बिजली, पानी, नकद राशि, मकान का वादा करके सत्ता सुख भोगने वाले तत्व न तो राजकोषीय घाटा बढ़ने की परवाह करते हैं और न ही अर्थव्यवस्था के चरमराने की। क्योंकि वे जानते हैं, कि मुफ्तखोरी का दाव ही उनकी सत्ता का आधार है। लम्बे समय से देश में बड़ी जनसंख्या को मुफ्त राशन देने की योजना ने जहाँ मुफ्तखोरों को अकर्मण्य बना दिया है, वहाँ फर्जी राशन कार्ड तथा अन्य भ्रष्टाचार के तरीके आजमाकर घोटालों को अंजाम दिया जाना नई बात नहीं रह गई है।

केंद्र सरकार भी इसी राजनीति के चलते मौका देखकर समय समय पार आम आदमी पर महंगाई का बोझ बढ़ाती रहती है। ईरान अमेरिकी युद्ध के चलते पेट्रोल व गैस उत्पादों की मूल्य वृद्धि भी इस राजनीति का शिकार हुई है। कच्चे तेल के घटते बढ़ते भावों के बीच कच्चे तेल के दाम घटने का अनुपातिक लाभ आम आदमी को नहीं दिया गया, वहीं बंगाल सहित पांच राज्यों में चुनावों को देखते हुए पेट्रोल व गैस के दामों को न बढ़ाने का आश्वासन दिया

**केंद्र सरकार भी इसी राजनीति के चलते मौका देखकर समय समय पार आम आदमी पर महंगाई का बोझ बढ़ाती रहती है। ईरान अमेरिकी युद्ध के चलते पेट्रोल व गैस उत्पादों की मूल्य वृद्धि भी इस राजनीति का शिकार हुई है। कच्चे तेल के घटते बढ़ते भावों के बीच कच्चे तेल के दाम घटने का अनुपातिक लाभ आम आदमी को नहीं दिया गया, वहीं बंगाल सहित पांच राज्यों में चुनावों को देखते हुए पेट्रोल व गैस के दामों को न बढ़ाने का आश्वासन दिया गया।**

गया। चुनाव संपन्न होते ही व्यवसायिक गैस सिलेंडर के दामों में बेतहाशा वृद्धि करके सरकार ने आम आदमी की थाली महंगी कर दी। देश में एक बड़ा कारोबार भोज्य पदार्थों से ही जुड़ा है। समाज में एक बड़ा वर्ग ऐसा है, जो रोजमर्रा मेहनत मजदूरी करके जैसे तैसे अपना भरण पोषण करता है। एक बड़ा रोजगार रेहड़ी पटरी पर भोजन बनाने का भी है, व्यवसायिक गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ाना उनकी विवशता है। विगत दो तीन महीनों में ही व्यावसायिक गैस सिलेंडर के मूल्यों में पचास प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो चुकी है।

कहना गलत न होगा कि एक ओर तो सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मुफ्तखोरी को बढ़ावा दे रही है,वहीं दूसरी ओर आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं के दामों में बेतहाशा वृद्धि करके महँगाई से आम आदमी की कमर तोड़ने में भी संकोच नहीं कर रही है। ऐसी भी राजनीति किस काम की, जो सत्ता की मलाई खाने के फ़ेर में मुफ्तखोरी को बढ़ावा दे तथा देश के ईमानदार लोगों की रोजमर्रा की जिन्दगी को कष्टों में धकेलने में संकोच न करे। लगता है कि संकीर्ण राजनीति देश को ऐसे मोड़ पर ले आई है, जहाँ आम आदमी के सम्मुख जीवन मरण का संकट उत्पन्न हो गया है। यदि समय रहते उपभोक्ता वस्तुओं के दामों पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो हो सकता है कि यही सत्ता के पतन का प्रमुख कारण बने।

## सेहत मंत्र

# जमीन पर बैठ कर खाना खाते से होते हैं बहुत सारे लाभ

पुराने समय में लोग जमीन पर बैठकर खाना खाते थे लेकिन समय के साथ-साथ काफी चीजों में परिवर्तन होने लगा। इन्हीं में से एक था आपके भोजन करने का तरीका। वर्तमान समय में, लोग भोजन करने के लिए डाइनिंग टेबल का प्रयोग करते हैं। जिन घरों में डाइनिंग टेबल नहीं होता, वहां पर भी लोग बिस्तर पर बैठकर भोजन करना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जमीन पर बैठकर भोजन करने से आपको अद्भुत स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होते हैं। तो चलिए जानते हैं इन्हीं लाभों के बारे में– **होता है योगाभ्यास**: योगा का हर आसन आपके शरीर को किसी न किसी रूप में लाभ पहुंचाता है और जब आप जमीन पर बैठकर भोजन करते हैं तो आप वास्तव में किसी आसन जैसे सुखासन या सिद्धासन में बैठे होते हैं। इससे आपको भोजन के दौरान उस आसन से मिलने वाले लाभ भी प्राप्त होते हैं। साथ ही इससे भोजन के पाचन में भी सहायता मिलती है। **बढ़ता है शरीर का लचीलापन और स्ट्रेंथ** : जब आप जमीन पर पैरों को क्रॉस करके बैठते हैं तो इससे आपका शरीर मजबूत व अधिक लचीला होता है। सिटिंग पोजिशन में आपके हिप्स, टखनों व घुटनों पर जोर पड़ता है। साथ ही आपकी रीढ़ की हड्डी, कंधों और छाती का लचीलापन भी बढ़ जाता है। ऐसा होने पर आप बहुत सी बीमारियों से खुद-ब-खुद बच जाते हैं। **रक्त प्रवाह में सुधार**: बेहतर स्वास्थ्य के लिए यह बेहद आवश्यक है कि आपके शरीर में रक्त का प्रवाह बेहतर तरीके से हो। अपने शरीर में ब्लड सर्कुलेशन के लिए आपको जमीन पर बैठकर खाना खाने की आदत डालनी चाहिए। दरअसल, ऐसा करने से आपके हृदय से शरीर के अन्य भागों तक रक्त का प्रवाह बेहतर हो जाता है। इसके अतिरिक्त जमीन पर बैठकर खाना खाने से आपका हृदय बेहतर तरीके से काम करता है और आप हृदय संबंधी परेशानियों से खुद को काफी हद तक बचा लेते हैं।

## धर्म मंत्र

# ब्राह्ममुहूर्त में स्नान के अद्भुत लाभ

धर्म शास्त्रों में स्नान के बारे में बहुत वर्णन मिलता है, वैसे भी कहा जाता है की अगर व्यक्ति प्रतिदिन स्नान करता है तो अनेक बीमारियों से छुटकारे के साथ आदमी दिनभर तरोताजा महसूस करता है । आगे जानते है कि हमे कब, किस समय स्नान करना चाहिए, स्नान करने के समय से पता लगा सकते है कि हमारा स्थान किस श्रेणी में आता है । - स्नान करते समय इन दो वैदिक मंत्रों का उच्चारण करने से कभी भी धन की कमी नहीं रहेगी । 1- गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती । नर्मदे सिन्धु कावेरी जले अस्मिन् सन्निधिम् कुरु ।।

2- ब्रह्मा मुरारिस्त्रिपुरान्तकारी, भानुः शशी भूमिसुतो बुधश्च । गुरुश्च शुक्रः शनिराहु केतवः, सर्वे ग्रहा शान्तिकरा भवन्तु ।। 1- ऋषि मुनि स्नान - जो लोग ब्राह्ममुहूर्त में 3 से 4 बजे के बीच स्नान करते है वे ऋषि मुनि की श्रेणी में आते हैं । 2- देव स्नान - जो लोग ब्राह्ममुहूर्त में 4 से 5 बजे के बीच स्नान करते है वे देवताओं की श्रेणी में आते हैं । 3- मनुष्य स्नान - जो व्यक्ति सुबह 6 से 8 बजे के बीच स्नान करते है वे मनुष्य की श्रेणी में आते हैं । 4- राक्षसी स्नान - जो व्यक्ति सुबह 8 के बाद स्नान करते है वे राक्षसों की श्रेणी में आते हैं । इन सभी स्नानों में ऋषि मुनि स्नान सर्वोत्तम है ।, देव स्नान उत्तम है।, मनुष्य स्नान समान्य है ।, राक्षसी स्नान धर्म में निषेध है ।, शास्त्रों में कहा गया है की किसी भी मनुष्य को सुबह 8 बजे के बाद स्नान नही करना चाहिए । स्नान के लाभ - ऋषिमुनि स्नान से घर में सुख, शांति, समृद्धि, विद्धया, बल, आरोग्य, चेतना, हमेशा बनी रहती है । - देव स्नान से यश, कीर्ति धन वैभव, सुख, शान्ति, संतोष, मिलता है ।

## पर्यटन



# चण्डीगढ़ की सुखना लेक का नजारा देखकर खुश हो जाएंगे आप

घूमना फिरना हर किसी को पसंद है। किसी के लिए ये अपने आप को रिलेक्स करने का एक तरीका है और किसी के लिए ट्रैवलिंग एक नशा है और ये नशा बेहद ही खूबसूरत और मजेदार है। अगर आप दिल्ली में या दिल्ली के आसपास रहते हैं तो आपके पास घूमने फिरने के कई विकल्प हैं। तो चलिए आज हम आपको चण्डीगढ़ की सुखना लेक के बारे में बताते हैं। सुखना लेक पंजाब की राजधानी चण्डीगढ़ की शान है। गर्मी हो या सर्दी सुखना की सुबह और शाम बेहद ही खूबसूरत होती हैं। शिवलिक पर्वत श्रृंखला पर स्थित इस मानव निर्मित सुंदर लेक का दीदार करने देश-विदेश से लोग आते हैं। 3 किलोमीटर तक फैसी इस झील का निर्माण सन 1958 में शिवलिक पहाड़ी से नीचे आने वाले पानी पर बांध बनाकर किया गया था। **वॉकिंग ट्रैक पर सुखना की सैर**: सुखना झील की सुंदरता का असली आनंद लेना है तो लेक के साथ साथ बने वॉकिंग ट्रैक पर घूम कर लिया जा सकता है। ट्रैक को भी काफी खूबसूरत ढंग से बनाया गया है। पूरे ट्रैक पर खूब पेड़ पौधे लगे हैं और शांति के लिए बहुत ही हल्की धुन में संगीत बजता है। इस ट्रैक पर आप घंटों सैर सपाटा कर सकते हैं और आपको थकान का अहसास भी नहीं होगा। **बोटिंग से लें झील का मज़ा**: लेक पर आप बोटिंग भी कर सकते हैं अगर आप परिवार के साथ हैं तो बच्चों के लिए वहां रंग बिरंगी बोटें भी हैं जिसकी सवारी करने से बच्चें काफी खुश होते हैं और झील में नाव की सवारी का अपना ही अलग मज़ा है। **बर्डवाचिंग** : ठंड के दौरान यहां विदेशी प्रवासी पक्षी भी बड़ी संख्या में आते हैं, जिससे यह बर्डवाचिंग के लिए भी एक आदर्श स्थान बन जाता है। झील के निर्मल वातावरण में आप पिकनिक, बोटिंग और मेडिटेशन के लिए जा सकते हैं। **स्वादिष्ट पकवान**: खाने पीने के लिए सुखना पर काफी कुछ है चाहे वो चाइनीज हो या साउथ इंडियन, या फिर तड़के वाला पंजाबी हर स्वाद आपको वहां मिल जाएगा।





# राइजर्स के खिलाफ बल्लेबाजी में सुधार करना होगा पंजाब किंग्स को

एजेंसी



हैदराबाद। पिछले दो मैचों में बल्लेबाजों की नाकामी के कारण हार का सामना करने वाली पंजाब किंग्स की टीम को अगर अपना अभियान वापस पटरी पर लाना है तो उसे बुधवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में फिर से अपनी आक्रामक लय हासिल करनी होगी। लगातार छह मैच जीतने वाली पंजाब की टीम पिछले दो मैचों में लड़खड़ा गई है। इन मैचों में हार ने उसकी उन कमजोरियों को उजागर किया है जिन्हें वह जल्द से जल्द दूर करना चाहेगी। पंजाब किंग्स भले ही नौ मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है लेकिन अब गलतियों की गुंजाइश काफी कम हो गई है, क्योंकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स सभी उससे केवल एक अंक पीछे हैं। बल्लेबाजों की नाकामी के कारण पंजाब किंग्स को पिछले कुछ मैच में हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले के मैचों में उसके बल्लेबाजों ने अपने आक्रामक अंदाज का शानदार नमूना पेश किया था। बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के कारण इन मैचों में उसकी गेंदबाजी की कमियों पर किसी का खास ध्यान नहीं गया। शुरुआती दौर में लय बनाने वाले शीर्ष क्रम के बल्लेबाज लड़खड़ा गए हैं। प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और कूपर कोनोली की युवा तिकड़ी की आक्रामक रणनीति लापरवाही में बदल गई है। इससे टीम को शुरुआती झटके सहने पड़े और मध्य क्रम को पारी संभालने की जिम्मेदारी उठानी पड़ी। पंजाब किंग्स का मध्य क्रम भी चोटी के बल्लेबाजों की नाकामी के बाद अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाया जबकि पूरे टूर्नामेंट के दौरान उसकी गेंदबाजी बहुत अच्छी नहीं रही है। यहां तक कि पंजाब किंग्स जब जीत दर्ज कर रहा था तब भी उसके गेंदबाजों ने विपक्षी बल्लेबाजों को बीच-बीच में खुलकर रन बनाने दिए हैं। यही नहीं उसकी गेंदबाजी में महत्वपूर्ण मौकों पर अनुशासन की कमी के कारण अच्छा अंत करना लगातार एक समस्या बनी हुई है। अब जबकि टूर्नामेंट महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गया है तब पंजाब को सनराइजर्स के खिलाफ यहां की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करना होगा और स्पष्ट रणनीति के साथ मैदान पर उतरना होगा। तीसरे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स से सात विकेट से मिली हार से उबरने के लिए बेताब होगी। इस हार से उसकी लगातार पांच मैचों की जीत का सिलसिला टूट गया। इससे पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम ने अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका भी गंवा दिया था। उस मैच में ट्रैविस हेड और ईशान किशन को छोड़कर बाकी बल्लेबाज नहीं चल पाए। लेकिन सनराइजर्स की बल्लेबाजी बेहद मजबूत है जिसमें हेड और किशन के अलावा अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन जैसे धुरंधर बल्लेबाज शामिल हैं। कप्तान कमिंस की वापसी से सनराइजर्स की गेंदबाजी को मजबूती मिली है।

# भारत की अंडर-18 पुरुष और महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला खेलेंगी

एजेंसी



भोपाल। भारत की पुरुष और महिला अंडर-18 हॉकी टीम एशिया कप की तैयारियों के सिलसिले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 15 से 20 मई तक यहां चार मैचों की श्रृंखला खेलेंगी। यह श्रृंखला इस महीने के आखिर में जापान के काकामिगाहारा में शुरू होने वाले अंडर-18 एशिया कप की तैयारी को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है। इन दोनों टीम के लिए यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के केंद्र में 19 अप्रैल से अभ्यास शिविर भी लगाया गया था। पुरुष टीम के कोच सरदार सिंह ने कहा, ''इस शिविर के दौरान मुख्य ध्यान सभी विभागों में खिलाड़ियों के बुनियादी कौशल और क्षमता को मजबूत करने पर रहा है, ताकि वे आधुनिक हॉकी की जरूरतों के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें। ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीम के खिलाफ मैच हमारी तैयारी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। महिला टीम की कोच रानी रामपाल ने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीम के खिलाफ मैच खिलाड़ियों के लिए उच्च स्तर पर खेलने और अंडर-18 एशिया कप की तैयारी करने का शानदार मौका होगा। यह प्रत्येक खिलाड़ी के लिए अपनी क्षमता और अपने अनुभव का प्रदर्शन करने का अवसर है।

## संक्षिप्त समाचार

### देवताले के शानदार प्रदर्शन से भारतीय पुरुष टीम ने शीर्ष तीन में जगह बनाई

**शंघाई।** पूर्व विश्व चैंपियन ओजस देवताले ने भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम का नेतृत्व करते हुए मंगलवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण के क्वालीफाइंग राउंड में व्यक्तिगत वर्ग में शीर्ष 10 में जगह पक्की की। बर्लिन में 2023 विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप जीतकर भारत के पहले पुरुष विश्व चैंपियन बने देवताले ने यहां क्वालीफाइंग में भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने 711 अंक हासिल करके कुल मिलाकर सातवां स्थान हासिल किया। इससे भारतीय टीम को भी फायदा हुआ और वह शीर्ष तीन में जगह बनाने में सफल रही। साहिल जाधव ने भी 711 अंक बनाए लेकिन केंद्र पर सर्वाधिक निशाना लगाने के कारण देवताले उनसे आगे रहे। भारतीय टीम के एक अन्य खिलाड़ी कुशल दलाल ने कुल मिलाकर 18वें स्थान पर रहकर इस तिकड़ी को पूरा किया। इस तरह से भारत ने टीम स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल किया। हालांकि एशियाई खेलों के पदक विजेता अभिषेक वर्मा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह 705 अंकों के साथ 25वें स्थान पर रहे, जिससे उन्हें टीम में जगह नहीं मिल पाई। लेकिन वह व्यक्तिगत एलिमिनेशन राउंड में हिस्सा लेंगे। महिलाओं के कंपाउंड वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियन अदिति स्वामी 700 अंकों के साथ 13वें स्थान पर रहीं। वह क्वालीफाइंग में शीर्ष पर रहने वाली अमेरिका की एलेक्सिस रुइज़ से सात अंक पीछे रहीं। भारत की अन्य खिलाड़ियों में प्रगति 697 अंकों के साथ 19वें स्थान पर रही, जबकि कई बार विश्व कप जीत चुकीं ज्योति सुरेखा वेन्नम 21वें स्थान पर खिसक गईं। इन तीनों खिलाड़ियों के कुल स्कोर को मिलाकर भारत को महिला टीम स्पर्धा में पांचवीं वरीयता मिली। मैक्सिको, दक्षिण कोरिया और अमेरिका शीर्ष तीन स्थानों पर रहे। इस तरह से भारतीय खिलाड़ियों में अपने-अपने वर्ग में शीर्ष पर रहने वाले देवताले और अदिति कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में जोड़ी बनाकर खेलेंगे। इस जोड़ी ने कुल 1411 अंक बनाकर छठी वरीयता हासिल की। रिकर्व वर्ग के क्वालीफाइंग मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे।

### कप्तानी करना आसान नहीं है, पंत पर काफी दबाव है: लैंगर

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मैच में पंत एलएसजी के उन बल्लेबाजों में शामिल थे जो निकोलस पूरन (63) और मिचेल मार्श (44) से मिली अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए। एलएसजी का स्कोर आठ ओवर में एक विकेट पर 123 रन था लेकिन आखिर में उसकी टीम पांच विकेट पर 228 रन ही बना पाई और उसे छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। एलएसजी ने पंत को मोटी धनराशि में अपनी टीम से जोड़ा था लेकिन वह पिछले सत्र की तरह इस सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। लैंगर ने एलएसजी की हार के बाद यहां पत्रकारों से कहा, ''मुझे नहीं लगता कि इसका किसी तरह की धनराशि से कोई संबंध है। कप्तान का पद संभालना आसान नहीं होता है और उन पर काफी दबाव रहता है। वह लगातार अपनी तरफ से अच्छा प्रयास कर रहा है और कड़ी मेहनत कर रहा है। उन्होंने कहा, ''जब हम उसे मुस्कुराते हुए और जोशीले अंदाज में खेलते हुए देखते हैं तो हमें बहुत अच्छा लगता है। वह फॉर्म में वापसी करने से ज्यादा दूर नहीं है। लैंगर ने कहा कि पंत चुनौतियों का डटकर सामना करते रहेंगे। उन्होंने कहा, ''हमने दो दिन पहले यहां एक अभ्यास मैच खेला था और पंत ने लगभग 40 या 30 गेंदों में 95 रन बनाए थे। उसे देखकर लगता है कि यह ऋषभ पंत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। लैंगर ने कहा, ''हमने उन्हें टेस्ट क्रिकेट में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए दूसरी टीम पर हावी होते हुए देखा है। उन्होंने दो दिन पहले जिस तरह से बल्लेबाजी की वह टीम के लिए अच्छा संकेत है। उम्मीद है कि वह आगे हमें मैच जिताएंगे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव को सकारात्मक करार दिया। पूरन भी खराब दौर के बाद फॉर्म में लौट गए हैं। उन्होंने कहा, ''हमने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव किया क्योंकि आप सही संयोजन तैयार करने की कोशिश करते हैं और देखते हैं कि टीम के लिए सबसे अच्छा तरीका कौन सा है। अगर आप जीत रहे हैं, तो हर कोई कहता है कि संयोजन सही है। आज हमारी बल्लेबाजी का सकारात्मक पहलू निकी पूरन थे।

### बल्लेबाजी में रोहित से सीख लेता हूं, हम एक दूसरे के पूरक हैं: रिकेलटन

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रयान रिकेलटन ने कहा कि वह बल्लेबाजी के अलग-अलग पहलुओं पर रोहित शर्मा से सीख लेने का मौका नहीं चूकते हैं लेकिन यह भारतीय सुपरस्टार कुछ ऐसे शॉट खेलता है जिनके बारे में वह सपने में भी नहीं सोच सकते। रिकेलटन (83) और रोहित (84) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए मजबूत जोड़ी बनाई है। उन्होंने पहले विकेट के लिए तीसरी और इस सत्र की दूसरी शतकीय साझेदारी निभाई जिससे उनकी टीम सोमवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट से जीत हासिल करने में सफल रही। रिकेलटन ने रोहित से मिली सलाह के बारे में मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''पहले साल में मैंने उनसे बल्लेबाजी को लेकर थोड़ा और सीखा। मैंने उनसे टी20 बल्लेबाजी के बारे में ही नहीं, बल्कि टेस्ट और वनडे की बल्लेबाजी के बारे में, उसकी बारीकियों और उससे जुड़ी मानसिकता के बारे में सीख ली। उन्होंने कहा, ''आपको हमेशा जीवन बदलने वाली सलाह नहीं मिलती है। यह वो बातें होती हैं जो आप खेल में आगे बढ़ते हुए अलग-अलग रास्तों और अनुभवों से सीखते हैं। यह सलाह अधिकतर इस बारे में होती है कि वह दबाव को कैसे झेलते हैं, कैसे शांत बने रहते हैं, कैसे खुद की क्षमता पर भरोसा करते हैं और किस तरह से अपने खेल को अच्छी तरह से समझते हैं। रिकेलटन ने कहा कि अलग अलग क्षेत्रों को लक्ष्य बनाने और अपने काम के प्रति स्पष्ट नजरिया होने के कारण उनकी और रोहित की सलामी जोड़ी सफल रही है। उन्होंने कहा, ''बाएं हाथ और दाएं हाथ के बल्लेबाज के संयोजन के रूप में हम एक-दूसरे के पूरक हैं। हम अलग-अलग क्षेत्रों में शॉट खेलकर रन बनाते हैं। हम रन बनाने के अपने तरीकों और जिस पर हम दबाव बनाना चाहते हैं, उसको लेकर काफी स्पष्ट हैं। रिकेलटन ने कहा, ''कभी-कभी बातें वह तेजी से रन बनाकर आगे निकल जाते हैं और मुझ पर से दबाव कम कर देते हैं जबकि कभी-कभी मैं तेजी से रन बना कर आगे निकल जाता हूं और उन पर से काफी दबाव कम कर देता हूं। उन्होंने कहा, ''वह पांच-छह मैचों के बाद वापसी कर रहे थे इसलिए उन्होंने लय में लौटने के लिए कुछ समय लिया। इसके बाद जब वह लय में आए तो उन्होंने फिर दबाव को गेंदबाजों पर डाल दिया। उन्होंने कुछ ऐसे शॉट लगाए जिनके बारे में मैं सपने में भी नहीं सोच सकता हूं। रिकेलटन ने स्वीकार किया कि दक्षिण अफ्रीका के उनके सीनियर साथी विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डीकॉक की मौजूदगी ने उन पर दबाव डाला। डीकॉक ने मौजूदा सत्र में पहले एक शतक लगाया था। उन्होंने कहा, ''सत्र की शुरुआत में क्विनी जैसे काबिल खिलाड़ी को बेंच पर बैठाए रखना आसान नहीं था। इसके लिए मानसिक रूप से तैयार होना आसान नहीं था क्योंकि आप पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए थोड़ा दबाव बन जाता है। आपके कारण एक ऐसा खिलाड़ी बाहर बैठा है जो बहुत अच्छा खेल रहा है और पूरा क्रिकेट जगत उसको अंतिम एकादश में शामिल करने की मांग कर रहा है।

# हालात हमेशा आपके अनुकूल नहीं होते, लेकिन मैंने हर बार अपना सर्वश्रेष्ठ दिया: राहुल

एजेंसी



नयी दिल्ली। स्टार बल्लेबाज केएल राहुल ने स्वीकार किया है कि विशेषकर उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर के मामले में हालात हमेशा उनके मन मुताबिक नहीं रहेंगे लेकिन उन्हें खुशी है कि वह स्वयं को टेस्ट विशेषज्ञ मानने की धारणा को 'तोड़ने' में कामयाब रहे हैं। इस 34 वर्षीय बल्लेबाज ने पिछले महीने पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में 64 गेंद पर नाबाद 152 रन बनाए थे जो इस प्रारूप में उनके लगातार बेहतर प्रदर्शन का नमूना है। कर्नाटक के इस खिलाड़ी ने 2022 के बाद से भारत के लिए कोई टी20 मैच नहीं खेला है, लेकिन वह टेस्ट और वनडे में नियमित रूप से खेलते हैं। राहुल ने जियोस्टार से कहा, ''दस साल पहले मैं टी20 टीम का हिस्सा बनने के लिए कुछ भी करने को तैयार था। मुझे कभी टी20 खिलाड़ी के रूप में नहीं आंका गया और न ही मुझे सीमित ओवरों का अच्छा खिलाड़ी माना गया। मुझे तो केवल टेस्ट खिलाड़ी के रूप में ही देखा जाता था। उन्होंने कहा, ''इसलिए उस सांचे से बाहर निकलना, सीमित ओवरों के अपने खेल को बेहतर बनाना और यहां तक पहुंचना मेरे लिए वाकई गर्व की बात है। इस दौरान मैंने गलतियां भी की हैं और ऐसी कई चीजें हैं जिन्हें मैं बेहतर कर सकता था। राहुल ने कहा, ''लेकिन, मुझे इस बात पर गर्व है कि मैंने हर बार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और सफलता सुनिश्चित करने के लिए यथासंभव अच्छी तैयारी की है। खेल ऐसा ही होता है। हालात हमेशा आपके पक्ष में नहीं होते हैं। राहुल ने कहा कि उन्होंने नतीजों की परवाह किए बिना अपने खेल पर ध्यान केंद्रित रखने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, ''आपको इसे सहजता से लेना होगा और इस सफर का आनंद लेना होगा। मेरे पास अभी भी कुछ समय बचा है। इसलिए मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करता रहूंगा और देखूंगा कि मैं कितनी ट्रॉफियां जीत सकता हूं। राहुल पिछले साल पिता बने जब उनकी अभिनेत्री पत्नी अथिया शेट्टी ने एक बेटी को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि इस नई भूमिका से उनके क्रिकेट करियर को भी फायदा हुआ है। उन्होंने कहा, ''पिता बनना मेरे लिए सबसे खूबसूरत अनुभव रहा है। मुझे लगता था कि मेरे जीवन में शांति और खुशी है, लेकिन मैं गलत था। जब तक आप अपने बच्चे को गोद में नहीं लेते, तब तक आपको सच्ची खुशी, शांति या आनंद का अनुभव नहीं होता। राहुल ने कहा, ''जब मैं उसकी मुस्कान देखता हूं, जब वह मुझे गले लगाती है और चूमती है, तो मैं सब कुछ भूल जाता हूं। इससे मुझे क्रिकेट में भी अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिली। मैं अब खेल के बारे में ज्यादा नहीं सोचता, जिससे यह फिर से रोमांचक हो गया है।

## पाकिस्तान हॉकी टीम के कोच ने कहा, 2019 में प्रो लीग में न खेलने से बहुत नुकसान हुआ

लाहौर। पाकिस्तान की हॉकी टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच मंजूर उल हसन का मानना है कि उनके देश ने 2019 में पहले एफआईएच प्रो लीग में भाग न लेकर गलती की, क्योंकि इससे खिलाड़ी शीर्ष प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ बहुमूल्य अनुभव हासिल करने से वंचित हो गए। पाकिस्तान को एफआईएच प्रो लीग के पहले सत्र से बाहर कर दिया गया था क्योंकि उसने अपने पहले तीन मैच छोड़ दिए थे। इसके कारण उसे प्रो लीग की शीर्ष श्रेणी में जगह बनाने के लिए कम रैंकिंग वाली टीमों के साथ द्वितीय श्रेणी के नेशंस कप में खेलना पड़ा। पूर्व ओलंपियन ने मंगलवार को कहा, ''2019 में जब एफआईएच प्रो लीग शुरू हुई थी तब उसमें न खेलना गलती थी। इससे हमारे खिलाड़ियों ने शीर्ष टीमों के खिलाफ खुद को परखने का बहुमूल्य मौका गंवा दिया। हसन ने कहा, ''अगर आप अन्य टीमों को देखें तो वे 2019 से प्रो लीग में खेल रही हैं। हम उसमें हिस्सा नहीं ले पाए और हमारे खिलाड़ियों को निम्न रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# राजस्थान रॉयल्स की बोली हारना निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का प्रतिबिंब नहीं: सोमानी


एजेंसी




नयी दिल्ली। अमेरिका स्थित काल सोमानी की अगुवाई वाले समूह ने उद्योगपति लक्ष्मी एन मित्तल के नेतृत्व वाले समूह से राजस्थान रॉयल्स के स्वामित्व की बोली हारने पर 'गहरी निराशा' व्यक्त करते हुए मंगलवार को इस बात से इनकार किया कि उसने बोली प्रक्रिया से हाथ खींच लिया था और कहा कि अंतिम परिणाम 'निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा' को नहीं दर्शाता है। राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी के अनुसार लक्ष्मी मित्तल और उनके बेटे आदित्य मित्तल ने वैक्सीन निर्माता अदार पूनावाला के साथ मिलकर राजस्थान रॉयल्स में 1.65 बिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 15,600 करोड़ रुपये) में बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर ली, क्योंकि सोमानी (टेक्नोलॉजी उद्यमी), रॉब वाल्टन (वॉलमार्ट समूह) और शीला फोर्ड हैम्प (फोर्ड समूह) के समूह ने अपना नाम वापस ले लिया। सोमानी की अगुवाई वाले समूह ने विज्ञप्ति में कहा, ''छह महीने की लंबी प्रक्रिया के दौरान हम शुरू से अंत तक प्रमुख बोलीदाता थे और ऐसे में राजस्थान रॉयल्स के स्वामित्व समूह का हिस्सा न बन पाने से हम बेहद निराश हैं। इसमें आगे कहा गया है, ''मीडिया में जो बातें फैलाई गई हैं उसके विपरीत हमारा समूह पूरी तरह से वित्त पोषित था और स्वामित्व हासिल करने के लिए तैयार था। हमारा समूह निश्चित रूप से सौदा पूरा करने के लिए तैयार था। हमने कभी भी अपनी बोली वापस नहीं ली। समूह ने कहा कि उसके पास सभी दस्तावेज मौजूद हैं और उसे बताया गया था कि शनिवार को फ्रेंचाइजी के बोर्ड की बैठक उसकी बोली को मंजूरी देने के लिए बुलाई गई थी। समूह ने कहा, ''लेकिन आखिर में ऐसा नहीं हुआ। हमने इस प्रक्रिया को ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, पेशेवरपन और सद्भावना के उच्चतम मानकों के साथ आगे बढ़ाया, लेकिन दुर्भाग्य से यह पर्याप्त नहीं था। विज्ञप्ति के अनुसार, ''हमारा मानना है कि आखिर में जो परिणाम सामने आया वह निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को प्रतिबिंबित नहीं करता है। सोमानी के नेतृत्व वाले अमेरिका स्थित समूह ने 1.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर की पेशकश की थी, लेकिन सूत्रों के अनुसार इसके दस्तावेजों को लेकर कई समस्याएं थीं, जो फ्रेंचाइजी के मौजूदा मालिकों मनोज बदाले और समूह की जांच में खरी नहीं उतरी।

# पीएनबी का चौथी तिमाही का मुनाफा 14.4 फीसदी बढ़कर 5,225 करोड़ रुपये

एजेंसी




नई दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने वित्त वर्ष 2025-26 की (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में पीएनबी का मुनाफा सालाना आधार पर 14.4 फीसदी बढ़कर 5,225 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में बैंक का मुनाफा 4,567 करोड़ रुपये रहा था। पीएनबी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जनवरी-मार्च तिमाही में बैंक की कुल आय घटकर 36,319 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 36,705 करोड़ रुपये थी। इस दौरान बैंक की ब्याज आय 31,989 करोड़ रुपये से बढ़कर 32,157 करोड़ रुपये हो गई। बैंक ने बताया कि संपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर पीएनबी की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) सकल अग्रिमों की 2.95 फीसदी रहीं, जो मार्च 2025 के अंत में 3.95 फीसदी थीं। बैंक का शुद्ध एनपीए भी 0.4 फीसदी से घटकर 0.29 फीसदी हो गए। इसके अलावा बैंक के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रति शेयर तीन रुपये के लाभांश की भी सिफारिश की है, जो बैंक की आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है।

# वैश्विक आर्थिक संकटों के बीच भारत सबसे लचीली व मजबूत अर्थव्यवस्था : मूडीज

एजेंसी

नई दिल्ली। वैश्विक भू-राजनीतिक संकटों के बीच भारत उभरते बाजारों में 2020 के बाद से सबसे लचीली और मजबूत अर्थव्यवस्था बना हुआ है। वैश्विक झटकों के दौरान इसके बड़े विदेशी मुद्रा भंडार ने मुद्रा की अस्थिरता को नियंत्रित करने तथा विश्वास को मजबूत करने में मदद की है। साख तय करने वाली वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने यह बात कही है। मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि उभरते देशों में भारत 'बेहतर स्थिति' में है और भविष्य में किसी भी तनाव के समय में देश मजबूत सुरक्षा बनाए रखेगा। स्पष्ट एवं भरोसेमंद मौद्रिक नीति रूपरेखा, मुद्रास्फीति अपेक्षाओं का स्थिर रहना और जरूरत पड़ने पर विनिमय दरों का समायोजित हो पाना, इन सभी कारणों से भारत भविष्य के झटकों से निपटने के लिए अच्छी स्थिति में है। रिपोर्ट के अनुसार भारत के पास अपनी मुद्रा की अस्थिरता को रोकने के लिए पर्याप्त और विशाल विदेशी मुद्रा भंडार मौजूद है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि घरेलू वित्त पोषण पर भारत की निर्भरता स्थानीय बाजारों की मजबूती और बेहतर भंडार से संतुलित होती है। हालांकि, भारत का अपेक्षाकृत उच्च ऋण बोझ और कमजोर राजकोषीय संतुलन लगातार झटकों से निपटने के लिए उपलब्ध गुंजाइश को सीमित करता है। इसमें कहा गया कि हाल के दबाव से पहले ही भारत ने स्थिरता को समर्थन देने वाले महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिए थे। मूडीज ने उभरती अर्थव्यवस्थाओं की अस्थिर वित्तीय परिस्थितियों में उनके वित्त पोषण लागत और बाजार पहुंच के आधार पर उनकी जुझारू क्षमता का आकलन किया। इसमें भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, मलेशिया, थाईलैंड, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, नाइजीरिया, तुर्किये और अर्जेंटीना जैसे बड़े उभरते बाजार देशों पर ध्यान केंद्रित किया गया। साथ ही दबाव के चार दौर का विश्लेषण किया गया।

# सर्राफा बाजार में सोने की घटी चमक, चांदी में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी




नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज के शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। भाव में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,49,610 रुपये से लेकर 1,51,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,37,140 रुपये से लेकर 1,38,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं होने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज भी शुरुआती कारोबार के दौरान 2,64,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,49,760 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,37,290 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,49,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,49,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,37,190 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,51,260 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,38,790 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,49,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,49,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,37,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,49,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,37,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,49,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,37,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,49,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# स्वदेशी हथियारों की ताकत से बढ़ी भारत की सैन्य शक्ति, 'ऑपरेशन सिंदूर' बना उदाहरण : संजय सेठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। भारत की सैन्य ताकत आज हमारे रक्षा उद्योगों की फैक्ट्रियों में तैयार होती है। स्वदेशी हथियारों की ताकत से भारत की सैन्य शक्ति बढ़ी है। आत्मनिर्भर भारत का सबसे सफल उदाहरण 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता में दिखाई दिया। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का श्रेय सशस्त्र बलों के अदम्य साहस और स्वदेशी अत्याधुनिक हथियारों व प्रणालियों की देन है। यह बात मंगलवार को प्रयागराज में आयोजित तीन दिवसीय 'नॉर्थ टेक संगोष्ठी 2026' के दूसरे दिन रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कही।

उन्होंने कहा कि सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जबकि नवप्रवर्तनशील स्टार्टअप्स देश के प्रतिनिधि के रूप में उभर रहे हैं। स्टार्टअप्स और सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम भविष्य की विकास यात्रा के प्रमुख प्रेरक हैं और वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने में अहम भूमिका निभाएंगे। ये हमारे समय के 'विश्वकर्मा' हैं। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना से जुड़ा हुआ है। रक्षा राज्य मंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सेनाओं द्वारा आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने की सराहना की। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' उपकरणों का प्रभावी उपयोग देश की आत्मनिर्भरता के संकल्प को दर्शाता है,जिसमें सरकार,रक्षा सार्वजनिक उपक्रम,निजी क्षेत्र, नवप्रवर्तनशील स्टार्टअप्स और सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम सभी की अहम भूमिका है।




उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड स्तर पर रक्षा उत्पादन और रक्षा निर्यात 'नए भारत' के उभरते स्वरूप को दर्शाते हैं, जो अपनी सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भर बनने पर विश्वास रखता है। 'यह नया भारत न तो किसी पर बुरी नजर डालता है और न ही अपनी संप्रभुता पर खतरे को नजरअंदाज करता है'। तकनीक के तेजी से बदलते स्वरूप पर जोर देते हुए उन्होंने उद्योग जगत से अपील की कि वे नवाचार को लगातार जारी रखें और बदलती वैश्विक परिस्थितियों में तकनीकी रूप से आगे बने रहें। उन्होंने उत्तर प्रदेश के रक्षा औद्योगिक गलियारे के सकारात्मक प्रभाव का उल्लेख करते हुए उद्योगों से इसे और आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सेंट्रल कमांड के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्या सेन गुप्ता ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता से रणनीतिक स्वायत्तता, तकनीकी संप्रभुता और परिचालन क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने उद्योगों से रक्षा बलों के साथ मिलकर उभरती चुनौतियों के अनुरूप समाधान विकसित करने का आह्वान किया। तीन दिवसीय 'नॉर्थ टेक संगोष्ठी 2026' का आयोजन भारतीय सेना के उत्तरी और मध्य कमान तथा भारतीय रक्षा निर्माताओं की सोसायटी की ओर से 'रक्षा त्रिवेणी संगम' विषय के तहत किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन 4 मई 2026 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। इस संगोष्ठी में 284 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें निजी रक्षा निर्माताओं द्वारा अत्याधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसमें ड्रोन, मानव रहित हवाई वाहन, प्रति-मानवरहित हवाई प्रणाली, सभी प्रकार की भूमि पर चलने वाले वाहन, निगरानी उपकरण सहित कई रक्षा उत्पाद शामिल हैं। कार्यक्रम में सेना के वरिष्ठ अधिकारी,उद्योग जगत के प्रतिनिधि,स्टार्टअप्स,नवप्रवर्तक और शिक्षाविद भी उपस्थित रहे।

## भारत और जापान ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने पर बल दिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भारत और जापान की संयुक्त समिति की तीसरी बैठक के बाद मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने और नई साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों की आपसी प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि भारत और जापान के बीच स्वास्थ्य संबंधी संयुक्त समिति (जेसीएम) की तीसरी बैठक आज भारत मंडपम में आयोजित की गई। श्री नड्डा और जापान की स्वास्थ्य नीति प्रभारी मंत्री किमी ओनोदा ने मिलकर बैठक की अध्यक्षता की। श्री नड्डा ने इस बात पर बल दिया कि यह बैठक स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने और नई साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों की आपसी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भारत-जापान सहयोग स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी सहयोग ज्ञापन तथा स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में सुधार और स्वास्थ्य संबंधी क्षेत्र में बेहतर परिणामों के लिए नवाचार को बढ़ावा देने की साझा दृष्टि से निर्देशित है। उन्होंने इस दौरान भारत और जापान के बीच एक सदी से अधिक समय से चले आ रहे बहुआयामी संबंधों का उल्लेख किया जो विभिन्न क्षेत्रों में सहभागिता पर आधारित हैं और उन्होंने ''सबका साथ, सबका विकास'' के मार्गदर्शक सिद्धांत के अंतर्गत समावेशी विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने जोर दिया कि संयुक्त समिति की बैठक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण मंच है। सुश्री ओनोदा ने बैठक को संबोधित करते हुए नवाचार, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने में जापान की निरंतर भागीदारी पर बल दिया और इसके साथ ही द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

## रणनीतिक संबंधों को मजबूती देने के लिए वियतनाम के राष्ट्रपति टो लैम भारत पहुंचे

एजेंसी

नयी दिल्ली। वियतनाम के राष्ट्रपति टो लैम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर मंगलवार को नयी दिल्ली पहुंचे।

वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव रहे श्री लैम का आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने उनका अभिनंदन किया। उनकी तीन दिवसीय यह यात्रा एक महत्वपूर्ण अवसर पर हो रही है, क्योंकि दोनों देश अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे कर रहे हैं। उम्मीद है कि इससे द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिलेगी और रक्षा, व्यापार और क्षेत्रीय सुरक्षा सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार होगा। राष्ट्रपति श्री लैम ने राजधानी आने से पहले दिन में बाद में गया का दौरा किया था। उनके साथ मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और एक मजबूत व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल है, जो भारत और वियतनाम के बीच बढ़ते आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को दर्शाता है। उनका छह मई को राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। वे प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं के साथ-साथ प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक वार्ता करेंगे। वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव श्री लैम भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों में नयी ऊर्जा भरना और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नये रास्तों को तलाशना है। इस यात्रा के दौरान वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे और अन्य वरिष्ठ भारतीय नेताओं के भी उनसे मिलने की उम्मीद है। भारत और वियतनाम के बीच दीर्घकालिक ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंध हैं, जिनकी जड़ें साझा उपनिवेशवाद-विरोधी संघर्षों में निहित हैं और 1972 से दशकों के राजनयिक जुड़ाव के माध्यम से मजबूत हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की वियतनाम यात्रा के दौरान 2016 में इस संबंध को व्यापक रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया गया था और यह 2020 के शांति, समृद्धि और जन के लिए संयुक्त दृष्टिकोण द्वारा निर्देशित है। वियतनाम भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी में एक प्रमुख भागीदार है और वर्तमान में भारत का 15वां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और आसियान में चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। पिछले कुछ वर्षों में राजनीतिक, आर्थिक, रक्षा और सांस्कृतिक क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार हुआ है। 2025-2026 में दोनों देशों के बीच व्यापार लगभग 16 अरब अमेरिकी डॉलर (1,524.8 अरब रुपये) रहा है, जिसमें ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ रहा है।

## स्टालिन ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा, विजय ने सरकार बनाने का दावा किया पेश

एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव हारने के एक दिन बाद, मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने मंगलवार को अपना इस्तीफा दे दिया। इस बीच, राजनीति में नवागंतुक और तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) के संस्थापक और अभिनेता-राजनेता विजय ने आज राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से अगली सरकार बनाने के लिए औपचारिक रूप से अपना दावा पेश करने के लिए मुलाकात का समय मांगा है।

श्री स्टालिन ने राज्यपाल को अपना त्यागपत्र भेज दिया है और इसे लोक भवन में सौंप दिया गया है। इसी बीच विजय ने सरकार बनाने का दावा पेश किया और राज्यपाल को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा है। रिपोर्टों के अनुसार, लोक भवन को भेजे गए एक ईमेल में विजय ने कहा कि उनकी पार्टी ने 108 विधायकों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में जनादेश प्राप्त कर लिया है और सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किए जाने की हकदार है। उन्होंने विधानसभा में अपना बहुमत साबित करने के लिए समय सीमा भी मांगी। उन्होंने कहा ''हम 108 विधायकों के साथ सबसे बड़ी पार्टी हैं और सरकार बनाने का अधिकार रखते हैं। हम अपना बहुमत साबित करने का अवसर चाहते हैं।'' उन्होंने यह भी कहा कि वह 15 दिनों के भीतर बहुमत साबित कर देंगे। सूत्रों ने संकेत दिया है कि राज्यपाल द्वारा विजय को जल्द ही आमंत्रित किए जाने और उन्हें अपना बहुमत साबित करने के लिए सात से 15 दिनों का समय दिए जाने की उम्मीद है क्योंकि टीवीके को 118 विधायकों के साधारण बहुमत के आंकड़े से 10 सीटें कम मिली हैं। इस बीच, विजय को आज बाद में पनयूर स्थित पार्टी मुख्यालय में नव निर्वाचित विधायकों की बैठक में टीवीके के विधायक दल के नेता के रूप में चुना जाना तय है। इसके बाद वह राज्यपाल से मुलाकात करेंगे और खुद को विधायक दल के नेता के रूप में चुने जाने का पत्र सौंपेंगे और सरकार बनाने का अपना दावा पेश करेंगे। उल्लेखनीय है कि सोमवार सुबह तक जब वोटों की गिनती शुरू हुई थी, तब तक सत्तारूढ़ द्रमुक अध्यक्ष श्री स्टालिन के सत्ता में बने रहने और द्रविड़ मॉडल 2.0 सरकार बनाने की प्रबल संभावना थी, क्योंकि चुनाव के बाद के पूर्वानुमानों में द्रमुक के नेतृत्व वाले मोर्चे की आरामदायक जीत की भविष्यवाणी की गई थी। द्रमुक को इन चुनावों में करारी शिकस्त मिली है और मुख्यमंत्री स्टालिन स्वयं अपनी पारंपरिक कोलाथुर सीट से हार गए, जहां उन्होंने लगातार तीन बार जीत दर्ज की थी। वह कांग्रेस के दिग्गज नेता एम. बख्तावत्सलम (1967 में) और अन्नाद्रमुक की सुप्रीमो जे. जयललिता (1996 में) के बाद तीसरे मौजूदा मुख्यमंत्री बन गए जो मुख्यमंत्री रहते हुए निर्वाचित होने में असफल रहे। विजय की टीवीके पार्टी ने कुल 234 सीटों में से 108 सीटें जीती हैं और साधारण बहुमत के 118 के आंकड़े से 10 सीटें कम हैं और अगली सरकार बनाने का दावा करने के लिए तैयार है। विजय ने चेन्नई के पेरम्बूर और त्रिची पूर्व दोनों सीटों से जीत दर्ज की है। इस बीच रिपोर्टों के अनुसार कांग्रेस समेत कुछ पार्टियों ने विजय की पार्टी से संपर्क साधा है और टीवीके आवश्यक संख्या जुटाने के लिए सभी विकल्पों पर विचार कर रही है। चूंकि कांग्रेस ने केवल पांच सीटों पर जीत हासिल की है ।

## बंगाल और असम के साथ संपूर्ण देश के विकास के लिए संकल्पित हैं मोदी : नितिन

एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन मंगलवार को यहां के सी.आर. पार्क स्थित माँ काली बाड़ी मंदिर पहुंचे और पूजा - अर्चना कर बंगाल, असम और पुड्डुचेरी में भाजपा को जीत दिलाने को लेकर आभार व्यक्त किया। श्री नवीन के साथ दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, सांसद बाँसुरी स्वराज, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सहप्रमुख संजय मयूख, विधायक शिखा रॉय, दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर और नयी दिल्ली जिलाध्यक्ष रविन्द्र चौधरी, श्री विक्रम मित्तल और काफी संख्या में बंगाली कार्यकर्ता भी थे। मन्दिर समिति के सचिव डॉक्टर राजीव नाग, अध्यक्ष पी के दास, मुख्य सलाहकार डॉक्टर आनंद मुखर्जी, सदस्य अजंता भटाचार्य सौरभ चक्रवर्ती और सुजाता दास ने श्री नवीन, श्रीमती गुप्ता तथा श्री सचदेवा का स्वागत किया। इस मौके पर श्री नवीन ने हाल ही सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव वाले पांचों राज्यों विशेषकर पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी की जनता का भाजपा को वोट देने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा , ह्लमां काली और मां कामाख्या की पवित्र भूमि में जो विजय श्री मिली है इसके लिए आज मां काली के दर्शन करके माथा टेकने आए हैं। मां काली, माँ कामाख्या और दुर्गा हम सभी को आशीर्वाद दें ताकि बंगाल और असम सहित पूरे देश के विकास में हम अपने राष्ट्र नायक श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम करें। श्री नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रधान सेवक के रूप में देश का विकास कर रहे हैं और विकास के साथ-साथ विरासत को भी संजोने का काम कर रहे हैं।

## गैर-संवैधानिक तरीकों से पार्टियों को तोड़ना लोकतांत्रिक ढांचे पर सीधा हमला : मान

एजेंसी

नयी दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पार्टी के सांसदों के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने पर कहा है कि गैर-संवैधानिक तरीकों से पार्टियों को तोड़ना लोकतांत्रिक ढांचे पर सीधा हमला है।

श्री मान ने मंगलवार को इस मामले को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के समक्ष उठाने के बाद यहां पत्रकारों से कहा, ''आज दिल्ली में हमने राष्ट्रपति के समक्ष देश में हो रही 'लोकतंत्र की हत्या' के खिलाफ अपनी आवाज़ ज़ोरदार तरीके से उठाई है। गैर-संवैधानिक तरीकों से पार्टियों को तोड़ना और ईडी-सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करके भाजपा की 'वॉशिंग मशीन' में दागी नेताओं को पाक-साफ करना, हमारे लोकतांत्रिक ढांचे पर सीधा हमला है।'उन्होंने कहा , '' पंजाब में 'ऑपरेशन लोटस' की घटिया चालें कभी कामयाब नहीं होंगी। हमारे विधायक लाखों पंजाबियों की आवाज़ हैं और पंजाबी कभी भी विश्वासघात बर्दाश्त नहीं करते। आपके 'जनसेवक' के तौर पर, मैं हर पंजाबी को भरोसा दिलाता हूँ कि हम जनता के जनादेश और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपनी आखिरी सांस तक लड़ेंगे।''

इससे पहले आप से भाजपा में शामिल होने वाले सांसदों राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक ने राष्ट्रपति से मुलाक़ात की। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि पार्टी छोड़ने के बाद पंजाब की सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है। श्री चड्ढा ने कहा , ''हमने राष्ट्रपति से बताया कि कैसे आम आदमी पार्टी (आप ) की पंजाब सरकार राज्य तंत्र का दुरुपयोग कर हमें निशाना बना रही है, जबकि दो-तिहाई सांसदों ने भाजपा में विलय का विकल्प चुना है। जो पार्टी कभी प्रतिशोध का ढोंग करती थी, वह अब अपना सबसे घिनौना रूप दिखा रही है। राष्ट्रपति ने हमें संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का आश्वासन दिया है। उन्होंने चेतावनी भी दी कि आप ख़तरनाक खेल खेल रही, इसका अंत खतरनाक होगा। आप के पास एक राज्य की पुलिस है लेकिन भाजपा के पास 21 राज्यों की पुलिस है।

## सरकार ने रेलवे की क्षमता बढ़ाने के लिए तीन मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने भारतीय रेलवे की क्षमता बढ़ाने के लिए तीन अहम मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है जिस पर पर लगभग 23,437 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने मंगलवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने भारतीय रेलवे की क्षमता बढ़ाने के लिए तीन अहम मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं पर कुल लगभग 23,437 करोड़ रुपये खर्च होंगे और इन्हें वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने कहा कि इसके तहत नागदाऽमथुरा तीसरी और चौथी लाइन, गुंटकलऽवाडी तीसरी और चौथी लाइन तथा बुरहवालऽसीतापुर तीसरी और चौथी लाइन शामिल हैं। इन परियोजनाओं के जरिए भारतीय रेलवे नेटवर्क में करीब 901 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी।

यह परियोजनाएं मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के कुल 19 जिलों को कवर करेंगी। इससे रेलवे की लाइन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे यातायात सुगम होगा, संचालन क्षमता बढ़ेगी और सेवाओं की विश्वसनीयता में सुधार आएगा।

उन्होंने कहा कि परियोजनाएं प्रधानमंत्री के 'नए भारत' और आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप हैं, जिनसे क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार व स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। ये परियोजनाएं पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत तैयार की गई है।

# पेज एक का शेष

### इंडिगो फ्लाइट...

गोवा से हैदराबाद होते हुए चंडीगढ़ लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी स्लाइडर से नीचे उतरते समय उनकी पत्नी का पैर मुड़ गया। बाद में एयरपोर्ट अथॉरिटी और इंडिगो स्टाफ उन्हें जीरकपुर वीआईपी रोड स्थित एएम केयर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जांच में पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। डाक्टरों ने अब ऑपरेशन की सलाह दी है। घटना के बाद एयरपोर्ट पर कुछ समय के लिए तनावपूर्ण माहौल बना रहा। फिलहाल एयरपोर्ट अथॉरिटी और इंडिगो प्रबंधन इस मामले पर खुलकर कुछ भी कहने से बच रहे हैं, जबकि हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। शुरुआती तौर पर पावर बैंक में विस्फोट को घटना की वजह माना जा रहा है।

### यूपी पुलिस के...

की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा मुकदमे के वादी अमरीक सिंह निवासी संगरूर (पंजाब) ने भी दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया गया। क्षतिग्रस्त वाहन में फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। क्षतिग्रस्तवाहन को सड़क से हटवाकर खड़ा कराया गया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद उरई समेत पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। एसपी विनय कुमार सिंह ने बताया कि एक मामले में कोतवाली की पुलिस टीम हरियाणा में दबिश देने गई थी। हादसे में चार पुलिसकर्मियों व वादी की मौत हुई है।

### नये हमलों के बीच...

अधिकार सुरक्षित रखता है। यूएई के राष्ट्रपति के सलाहकार अनवर गर्गाश ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि ईरान ही इस क्षेत्र में संकट और खतरे का असली स्रोत है।

### जनता की उपेक्षा...

पहचान को शक के दायरे में ला दिया था। उनकी सरकार ने सुरक्षा का माहौल और समृद्धि देकर राज्य को नई मजबूत पहचान दिलाई है। मुख्यमंत्री ने कल्याण मंडपम और अन्य विकास परियोजनाओं की खूबी भी बताई। उन्होंने कहा कि कल्याण मंडपम अल्प व मध्यम आयवर्ग के लोगों के सार्वजनिक कार्यक्रमों को भव्य व यादगार बनाने का माध्यम बनेगा। शहर में कुल 9 कल्याण मंडपम या तो बन गए हैं या निर्माणाधीन हैं। इसे बनाने के लिए उन्होंने अपनी विधायक निधि से राशि दी है। आज जिस एकीकृत मंडलीय कार्यालय का शिलान्यास हुआ है, वहां सभी अधिकारी एक ही छत के नीचे जनता के लिए उपलब्ध रहेंगे। हर तबके की आवासीय सुविधा के लिए कुश्मी एंक्लेव का शिलान्यास हुआ है। इन सभी परियोजनाओं से लोगों का जीवन आसान होगा। समारोह में सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि बिना भेदभाव सबको विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही पीएम मोदी व सीएम योगी का लक्ष्य है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2027 में यूपी विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि विकास और जन कल्याण ही सीएम योगी का ध्येय है। उनके नेतृत्व में गोरखपुर सहित पूरे प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। इस अवसर पर एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, भाजपा के महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, नगर निगम के उप सभापति पवन त्रिपाठी, स्थानीय पार्षद संतोष चौहान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मंचीय कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने फीता काटकर कल्याण मंडपम का औपचारिक उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने मंडपम का भ्रमण कर इंफ्रास्ट्रक्चर व सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कल्याण मंडपम परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।

### मुख्यमंत्री योगी ने ...

उन्होंने कहा कि शिक्षक या शिक्षामित्र केवल मांगों पर अड़े रहेंगे, नकारात्मक सोच रखेंगे, तो न केवल बच्चों की नींव कमजोर करेंगे बल्कि पूरे समाज व राष्ट्र को क्षति पहुंचाएंगे। हमारा नेचर ट्रेड यूनियन जैसा नहीं हो सकता। पहले देश, फिर हम। सकारात्मक भाव के साथ कार्य करने वाले ही अच्छी पीढ़ी तैयार कर सकते हैं। सरकार सकारात्मक सोच के साथ आपके साथ है। इसलिए नकारात्मक भाव बिल्कुल नहीं आने चाहिए। वर्षों से चली आ रही आपकी मांग को सरकार ने संवाद व सहयोग के माध्यम से हल किया, न कि टकराव के रास्ते से। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में एक शिक्षामित्र परिवार आया था, जिसकी बेटी गंभीर रूप से बीमार है। डायलिसिस की जरूरत है। इसीलिए मैंने शिक्षामित्रों को भी प्रधानमंत्री की कैशलेस स्वास्थ्य सुरक्षा देने का निर्णय किया था। पांच लाख रुपये का सालाना कैशलेस स्वास्थ्य कवर सभी शिक्षामित्रों को उपलब्ध कराया जाएगा। जो छूट गए होंगे, उन्हें भी यह सुविधा दी जाएगी। बेसिक शिक्षा परिषद को तत्काल सभी जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। शीघ्र ही एक भव्य समारोह आयोजित कर सभी को यह कार्ड प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद को तत्काल सभी शिक्षामित्रों के बैंक खाते खुलवाने का निर्देश दिया गया है। इससे मानदेय सीधा एकाउंट में आएगा। सरकार ने शिक्षामित्रों को उनके जिले व नजदीकी विद्यालय में तैनाती देने की व्यवस्था की है। खासकर विवाहित महिला शिक्षामित्रों को मायके या ससुराल के निकट विद्यालय में म्यूचुअल ट्रांसफर की सुविधा दी जाएगी। निपुण भारत, पीएम श्री, कस्तूरबा गांधी विद्यालय आदि योजनाओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कस्तूरबा गांधी विद्यालयों को 12वीं तक बढ़ाया गया है और नए विकास खंडों में आवासीय स्कूल खोले जा रहे हैं। पीएम श्री, अटल टिंकरिंग लैब, सीएम कंपोजिट और अटल आवासीय विद्यालय मॉडल बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया कि 2017 से पहले बच्चे एक लाइन भी नहीं पढ़ पाते थे। आज दूसरी कक्षा की बच्चियां पूरा पेज पढ़ रही हैं। एक दृष्टिबाधित बच्ची ब्रेल में पढ़कर फ्लुएंट बोल रही थी। यह होता है विकास। एक और घटना का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तीन साल के बच्चे ने अपने मुंडन पर कहा कि मैंने आपके जैसा दिखने के लिए बाल बनवाए हैं, उसकी यह बात उन्हें गहराई से छू गई। मुख्यमंत्री ने शिक्षामित्रों का आह्वान किया कि जुलाई के पहले सप्ताह में स्कूल खुलते ही 'स्कूल चलो' अभियान तेज करें। हर बच्चा स्कूल पहुंचना चाहिए। शिक्षक आधा घंटा पहले स्कूल पहुंचें। 25-25 घरों में जाकर अभिभावकों से बात करें। बच्चों को प्यार से पढ़ाएं। कभी मारपीट न करें। अच्छी कहानियां, कविताएं और उदाहरण देकर उन्हें प्रेरित कीजिए। अभिभावकों को भी जागरूक करें कि दी गई यूनिफॉर्म, स्वेटर आदि का सही उपयोग हो। परिवार की खींचतान स्कूल तक नहीं लाइए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एक लाख 43 हजार शिक्षामित्रों को बधाई दी और कहा कि आप लगन, ईमानदारी और सकारात्मकता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। शिक्षित समाज ही सशक्त राष्ट्र बनाएगा। यहीं से विकसित व आत्मनिर्भर भारत की नींव पड़ेगी। मुख्यमंत्री ने समारोह में चयनित शिक्षामित्रों को अपने कर-कमलों से सम्मानित किया और उन्हें बढ़े मानदेय का चेक भी प्रदान किया। इनमें संगीता (गोरखपुर), प्रतिमा गुप्ता (गोरखपुर), फारिया तबस्सुम (गोरखपुर), तेजभान सिंह (कासगंज), धीरेंद्र कुमार शर्मा (फिरोजाबाद), संजय (महाराजगंज), शशि प्रभा सिंह (महाराजगंज), अभय कुमार (देवरिया), सुमन लता देवी (देवरिया), सर्वेश कुमार पांडे (कुशीनगर), अनुराधा (कुशीनगर), लालता प्रसाद (बस्ती), सोनू यादव (संत कबीर नगर) और मीरा (गोरखपुर) शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी नेतृत्व आधारित प्रार्थना सभा गतिविधि कैलेंडर 'अरुणोदय' का विमोचन कर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को एक बेहतरीन मार्गदर्शक उपलब्ध कराया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कई बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया और महिलाओं को उपहार प्रदान किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा से संबंधित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए नवाचारी मॉडल्स को देखा और उनकी सराहना की। उन्होंने नन्हे बच्चों पर स्नेह बरसाया और उनसे संवाद भी किया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग के मंत्री संदीप सिंह, गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, गोरखपुर के महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायकगण विपिन सिंह, महेंद्र पाल सिंह, प्रदीप शुक्ला, राजेश त्रिपाठी, विमलेश पासवान, श्रवण निषाद, उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग चारु चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, राजेश गुप्ता, अपर मुख्य सचिव शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा, महानिदेशक मोनिका रानी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# वियतनाम के राष्ट्रपति का गयाजी में मुख्यमंत्री ने किया स्वागत, महाबोधि मंदिर में की पूजा-अर्चना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गयाजी। वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम मंगलवार को ज्ञान और मोक्ष की भूमि गयाजी पहुंचे। बोधगया अन्तर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति तो लाम 5 से 7 मई तक भारत दौरे पर हैं। गयाजी एयरपोर्ट पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रोटोकॉल के तहत उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच संक्षिप्त लेकिन सौहार्दपूर्ण बातचीत भी हुई। स्वागत समारोह में बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन भी मौजूद रहे। एयरपोर्ट पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने राष्ट्रपति का अभिनंदन किया और उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। एयरपोर्ट से राष्ट्रपति सड़क मार्ग से महाबोधि मंदिर



पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान बुद्ध के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। राष्ट्रपति ने कुछ समय ध्यान भी किया और बौद्ध परंपराओं के प्रति अपनी गहरी आस्था व्यक्त की। उनके साथ वियतनाम का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद रहा। राष्ट्रपति के इस दौरे को लेकर गयाजी जिला प्रशासन कई दिनों से तैयारी में जुटा हुआ था। एयरपोर्ट से लेकर महाबोधि मंदिर तक सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। जगह-जगह पुलिस बल, मजिस्ट्रेट और सुरक्षा एजेंसियों की तैनाती की गई थी। मंदिर में प्रवेश करने वाले श्रद्धालुओं की सघन जांच की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक नगरी गयाजी में राष्ट्रपति का आगमन अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह भारत-वियतनाम संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, राष्ट्रपति बोधगया के अन्य प्रमुख बौद्ध स्थलों का भी भ्रमण करेंगे। उनके आगमन को देखते हुए शहर में साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन को दुरुस्त किया गया है, साथ ही विदेशी प्रतिनिधिमंडल के स्वागत के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं।

# पंजाब की बेटी ने सफलता की नई मिसाल की कायम, कनाडा पुलिस में निभाएंगी जिम्मेदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब की एक युवती ने अपनी मेहनत और लगन से विदेश में सफलता की नई मिसाल कायम की है। मोगा जिले के गांव मल्लके की रहने वाली जसदीप कौर बराड़ का चयन कनाडा पुलिस में पीस ऑफिसर के पद पर हुआ है, जिससे परिवार और गांव में खुशी का माहौल है।

परिवार के अनुसार, जसदीप कौर ने अपनी शुरुआती पढ़ाई मोगा में पूरी की और 12वीं के बाद अपने मामा के कहने पर उच्च शिक्षा के लिए कनाडा चली गईं। वहां उन्होंने ग्रेजुएशन पूरी की और पुलिस में भर्ती होने का सपना देखा। हालांकि, उनकी राह आसान नहीं रही। पहली बार जब उनका पुलिस भर्ती का टेस्ट होना था, उस दौरान वह अपने भाई की शादी में शामिल होने के लिए भारत आई हुई थीं, जिसके कारण उनका टेस्ट छूट गया। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और दोबारा तैयारी में जुट गईं।




इसके बाद कड़ी मेहनत और लगन के बल पर जसदीप ने दोबारा परीक्षा दी और अब कनाडा पुलिस में पीस ऑफिसर के पद पर चयनित होकर अपने परिवार और इलाके का नाम रोशन किया है। जसदीप के पिता, जो गांव मल्लके के सरपंच हैं, ने बताया कि उनकी बेटी शुरू से ही मेहनती रही है और उसने अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार प्रयास किए। जसदीप की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे इलाके में गर्व और खुशी की लहर है। यह कहानी उन युवाओं के लिए प्रेरणा है जो विदेश में जाकर अपने सपनों को पूरा करना चाहते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## बुराड़ी में दिनदहाड़े 4.18 लाख की लूट का खुलासा, चार आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के बुराड़ी इलाके में कैश कलेक्शन एजेंट से दिनदहाड़े 4.18 लाख रुपये लूटने की वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लूटी गई रकम में से 26 हजार रुपये, एक मोबाइल फोन, वारदात में इस्तेमाल चोरी की स्कूटी और पीड़ित का बैग बरामद किया है। उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने मंगलवार को बताया कि 27 अप्रैल की दोपहर नाथूपुरा निवासी संदीप, जो एक निजी कंपनी में कैश कलेक्शन एजेंट है, स्वरूप नगर रोड स्थित जेप्टो वेयरहाउस से 4,18,600 रुपये लेकर दूसरी दुकान की ओर जा रहा था। ओम गार्डन बैंक्वेट के पास दो स्कूटी सवारों ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गया। इसी दौरान दूसरी स्कूटी पर आए दो अन्य बदमाशों समेत चारों आरोपित उसका कैश से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। मामले की जांच में जुटी पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के 1000 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और करीब 35 किलोमीटर तक आरोपितों का पीछा किया। जांच में सामने आया कि आरोपित वारदात के बाद अलग-अलग रास्तों से हरियाणा भागे और बाद में दिल्ली लौटकर जहांगीरपुरी के एक होटल में रुके। होटल रिकॉर्ड और तकनीकी निगरानी के आधार पर पुलिस ने भलस्वा डेयरी निवासी समीर, कृष और कपिल को तीन मई को दबोच लिया। इनके निशानदेही पर अशोक विहार से चौथे आरोपित शाहदाब उर्फ अमित को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में मुख्य आरोपित समीर ने बताया कि वह पहले जेप्टो स्टोर में डिलीवरी बॉय था और नौकरी के दौरान उसने कैश कलेक्शन एजेंट्स की गतिविधियों पर नजर रखी थी। नौकरी छोड़ने के बाद उसने साथियों के साथ मिलकर लूट की साजिश रची और पहले रेकी की। वारदात के लिए दो स्कूटी चोरी की गई थीं। पुलिस के अनुसार, आरोपित गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहे थे और वारदात के बाद कपड़े भी बदल लिए थे। फिलहाल बाकी लूटी रकम और दूसरी स्कूटी की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

## लाल किला के पास हत्या के प्रयास के मामले में नाबालिग को पकड़ा

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिला पुलिस ने लाल किला परेड ग्राउंड में 17 वर्षीय किशोर पर जानलेवा हमला करने के मामले का पर्दाफाश करते हुए एक नाबालिग को पकड़ा है। आरोपित उसी रात जामा मस्जिद थाना क्षेत्र में हुई एक अन्य हत्या के प्रयास की वारदात में भी वांछित था। पुलिस के मुताबिक, पांच अप्रैल को एलएनजेपी अस्पताल से सूचना मिली थी कि नांगलोई निवासी 17 वर्षीय किशोर को गंभीर घायल अवस्था में भर्ती कराया गया है। उसकी गर्दन और पेट पर धारदार हथियार के कई घाव थे। घायल बयान देने की स्थिति में नहीं था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि लाल किला स्थित परेड ग्राउंड में उसकी किसी अज्ञात युवक से कहासुनी हुई थी, जिसके बाद उस पर हमला किया गया। मामले में कोतवाली थाने में हत्या के प्रयास की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने मंगलवार को बताया कि जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें एक संदिग्ध युवक वारदात के बाद भागता नजर आया। फुटेज के आधार पर उसकी तस्वीर स्थानीय लोगों को दिखाई गई, जिससे उसकी पहचान चांदनी चौक इलाके में घूमने वाले एक किशोर के रूप में हुई। पुलिस ने दिल्ली और आसपास के कई ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन आरोपित फरार मिला। बाद में तकनीकी निगरानी के जरिए उसकी लोकेशन हरिद्वार में मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित अनेखी गांव में छापा मारकर 29 अप्रैल को उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह पिछले दो वर्षों से चांदनी चौक इलाके में रह रहा था और नशे का आदी है। चार अप्रैल की रात उसने परेड ग्राउंड पार्किंग के पास पीड़ित से नशे के लिए पैसे मांगे थे। पैसे देने से इनकार करने और थप्पड़ मारने पर गुस्से में उसने पेपर कटर से किशोर की गर्दन और पेट पर कई वार कर दिए। आरोपित ने यह भी कबूला कि वारदात के बाद उसने उसी रात जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन के पास एक अन्य व्यक्ति पर भी हमला किया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह हरिद्वार भाग गया और रास्ते में हथियार व कपड़े ट्रेन से फेंक दिए। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

## चंडीगढ़ में बनेगा हाईटेक स्लॉटर हाउस नौ करोड़ रुपये की लागत से तैयार होगा प्रोजेक्ट

**चंडीगढ़।** केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में लंबे समय से लंबित मॉडर्न स्लॉटर हाउस प्रोजेक्ट को नगर निगम ने आखिरकार मंजूरी दे दी है। जनरल हाउस मीटिंग में इस मल्टी-स्पीशीज स्लॉटर हाउस को हरी झंडी मिली, जिस पर करीब नौ करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। इस आधुनिक सुविधा में रोजाना करीब 60 हजार मुर्गों की प्रोसेसिंग की क्षमता होगी। फिलहाल इंडस्ट्रियल एरिया फ़ेज-1 में संचालित स्लॉटर हाउस लगभग 24 साल पुराना हो चुका है और वर्तमान पर्यावरण मानकों पर खरा नहीं उतर रहा। निगम के अनुसार, नये स्लॉटर हाउस में अत्याधुनिक मशीनों का उपयोग किया जाएगा। जानवरों को बेहोश करने (स्टनिंग) से लेकर सफाई और प्रोसेसिंग तक की पूरी प्रक्रिया मशीनों के जरिए होगी।

## अवैध खनन पर प्रशासन की सख्ती थर्मोकॉल नावें नष्ट, प्राथमिकी दर्ज

**किशनगंज।** जिले में अवैध खनन के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए सघन अभियान चलाया। जिलाधिकारी विशाल राज एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के संयुक्त निर्देश पर बेलवा, टेंगरमारी से पोठिया डोक नदी क्षेत्र में छापेमारी की गई। अभियान के दौरान थर्मोकॉल से बनी नावों के जरिए अवैध खनन किए जाने का मामला सामने आया। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ऐसी दर्जनों नावों को मौके पर ही नष्ट कर दिया, जिनका उपयोग अवैध खनन में किया जा रहा था। इस दौरान अवैध खनन में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह की गतिविधियों में शामिल लोगों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# केदारनाथ धाम में यात्रा व्यवस्थाओं का उच्चस्तरीय निरीक्षण, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम में चल रही यात्रा व्यवस्थाओं का मंगलवार को उच्चस्तरीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं और तीर्थ पुरोहितों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। यात्रा के दौरान सुरक्षा और सुविधा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गढ़वाल मंडल के आयुक्त विनय शंकर पांडेय और आईजी गढ़वाल परिक्षेत्र राजीव स्वरूप ने धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का व्यापक स्थलीय जायजा लिया। दर्शन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने निर्देश दिए कि टोकन प्रणाली का सख्ती से पालन कराया जाए। बिना टोकन किसी भी प्रकार की अव्यवस्था रोकने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रशासन ने धाम क्षेत्र में स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए शौचालयों की नियमित सफाई, पेयजल की उपलब्धता और सफाई कर्मियों की पर्याप्त तैनाती के



निर्देश दिए। बर्फबारी के कारण फिसलन वाले स्थानों पर नियमित बर्फ हटाने के भी निर्देश दिए गए, ताकि श्रद्धालुओं की आवाजाही सुरक्षित बनी रहे। आईजी गढ़वाल ने यात्रा मार्ग और धाम क्षेत्र में सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। संवेदनशील स्थानों पर सतत निगरानी और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। हेलिपैड पर यात्रियों की सुविधा, संचालन व्यवस्था और सुरक्षा उपायों का भी जायजा लिया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, आवास, भोजन और गैस जैसी आवश्यक सुविधाओं को निर्बाध बनाए रखने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। प्रशासन ने बताया कि मौसम की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रोका भी जा सकता है। प्रशासन के अनुसार, सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि प्रत्येक श्रद्धालु को संतोषजनक यात्रा अनुभव मिल सके। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, तीर्थ पुरोहित और प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। बाहरी जिला पुलिस की एंटी स्नैचिंग एंड बर्गलरी सेल ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 2.82 लाख रुपये नकद, 24 एटीएम कार्ड, 12 बैंक पासबुक, चार मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप और 24 स्पाइरल नोटपैड बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, तीन और चार मई की दरम्यानी रात एंटी स्नैचिंग एंड बर्गलरी सेल को सूचना मिली थी कि पश्चिम विहार इलाके में अवैध रूप से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी कराई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति के बाद इंस्पेक्टर रितेश राज के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर बताए गए ठिकाने पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से दो लोगों को रंगे हाथ दबोच लिया। उनकी पहचान रोहित नागर (30) और विनय कुमार (22) के रूप में हुई है। बाहरी जिले के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने मंगलवार को बताया कि जांच में सामने आया कि आरोपित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए क्रिकेट मैचों पर सट्टा लगवा रहे थे।

# केजरीवाल ने पंजाब के आआपा विधायकों के साथ की बैठक, आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के पंजाब विधायकों के साथ दिल्ली के कपूरथला हाउस में बैठक की। इस दौरान केजरीवाल ने आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव से जुड़ी रणनीति पर चर्चा की और कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि पंजाब के मुख्यमंत्री मंगलवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से मिले। उनकी दिल्ली यात्रा के दौरान पार्टी के सभी विधायक भी दिल्ली में आए हैं। उनका कहना है कि राज्य विधायकों की ओर से



चुने राज्यसभा सांसद आपस में मिलकर कैसे दूसरी पार्टी में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने राष्ट्रपति के समक्ष भी यही पक्ष रखा। दिल्ली में पार्टी विधायकों को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने विधायकों से कहा कि पंजाब में आआपा सरकार को बने लगभग चार साल हो चुके हैं और चुनाव में अब करीब 10 महीने शेष हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य में एंटी-इनकंबेंसी नहीं, बल्कि प्रो-इनकंबेंसी माहौल है। बहुत कम सरकारें ऐसी होती हैं जिनकी कार्यकाल के अंत में जनता खुलकर तारीफ करती है, लेकिन पंजाब में लोग सरकार के काम से संतुष्ट हैं। पश्चिम बंगाल के चुनाव का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए। दिल्ली में अपनी हार का उदाहरण देते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी विधानसभा सीट पर बड़ी संख्या में वोट कटवाए गए, जिसके कारण उन्हें हार का सामना करना पड़ा। केजरीवाल ने कहा कि पार्टी छोड़कर गए सात नेताओं को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने में शामिल करा लिया। ये राज्यसभा सीटें पंजाब की जनता की थीं और इसका जवाब आगामी चुनाव में पंजाब की जनता देगी।

# मोबाइल चोरी के बाद यूपीआई से 1.20 लाख की ठगी, आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मोबाइल चोरी कर यूपीआई के जरिए 1.20 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपित को पुलिस की मेट्रो यूनिट ने गिरफ्तार कर लिया है। तकनीकी निगरानी और साइबर फोरेंसिक के बाद आरोपित को कश्मीरी गेट आईएसबीटी क्षेत्र से दबोचा गया। पुलिस का कहना है कि आरोपित बेहद शातिर था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। मामला आईजीआई एयरपोर्ट मेट्रो थाना में दर्ज ई-एफआईआर संख्या 80019309/2026 से जुड़ा है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया था कि उसका मोबाइल फोन चोरी हो गया था, जिसके बाद फोन से जुड़े यूपीआई खातों के माध्यम से 1,20,390 रुपये की अनधिकृत ट्रांजैक्शन कर ली गईं। शिकायत मिलते ही मेट्रो यूनिट ने मामले की जांच शुरू की। मेट्रो के पुलिस उपायुक्त बी भरत रेड्डी ने मंगलवार को बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने साइबर फोरेंसिक आधारित बहुस्तरीय रणनीति अपनाई। अधिकारियों ने आरोपित द्वारा किए गए 11 संदिग्ध यूपीआई ट्रांजैक्शनों का एंड-टू-एंड विश्लेषण किया और रकम किस-किस खाते में गई, इसका पूरा डिजिटल ट्रेल खंगाला। जांच में पता चला कि आरोपित ने रकम को तेजी से कई स्थानीय मर्चेंट खातों में ट्रांसफर किया था, जिससे शुरुआती स्तर पर उसकी पहचान करना चुनौतीपूर्ण हो गया। पुलिस ने सभी लाभार्थियों की प्रोफाइलिंग और फिजिकल वेरिफिकेशन शुरू किया। इसी क्रम में एक लाभार्थी नीटू को हरियाणा के सफीदों से ट्रेस किया गया। उससे पूछताछ में मुख्य आरोपित कुशाग्र आहूजा (32) का नाम सामने आया।

# बिहार में सम्राट चौधरी मंत्रिमंडल का 7 मई को होगा विस्तार,गांधी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार की राजनीति में इन दिनों हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। इस बहुप्रतीक्षित विस्तार को लेकर आधिकारिक घोषणा भी कर दी गई है। बिहार प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष संजय सरावगी ने मंगलवार को जानकारी दी कि 7 मई को मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा, जिसमें कई बड़े राष्ट्रीय नेता शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के मुताबिक, समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति तय मानी जा रही है। इसके अलावा गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री जितन राम मांझी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई दिग्गज नेताओं के शामिल होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के शीर्ष नेतृत्व द्वारा नए मंत्रियों के नाम लगभग तय कर लिए गए हैं। शपथ ग्रहण को लेकर गांधी मैदान में तैयारियां जोरों पर हैं। वहां एक भव्य मंच का निर्माण किया जा रहा है, साथ ही विशिष्ट अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के लिए बैठने की व्यापक व्यवस्था की जा रही है। प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन को लेकर विस्तृत योजना बनाई जा रही है, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। उल्लेखनीय है कि 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दो उपमुख्यमंत्रियों के साथ शपथ ली थी। तभी से मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर राजनीतिक गलियारों में अटकलें लगाई जा रही थीं, जो अब 7 मई को खत्म होने जा रही हैं।

# बिहार के राज्यपाल ने किया गयाजी ओटीए का दौरा कैडेट्स को सैन्य नेतृत्व पर दिया प्रेरक व्याख्यान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गया जी। बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त ) सैयद अता हसनैन ने मंगलवार को ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) गयाजी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और ऑफिसर कैडेट्स को सैन्य नेतृत्व की भावना विषय पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने सैन्य जीवन में ईमानदारी, पेशेवर उत्कृष्टता, अनुशासन और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि एक सफल सैन्य नेता वही होता है, जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य के प्रति अडिग रहता है और टीम को सही दिशा में नेतृत्व प्रदान करता है। भारतीय सेना में चार दशकों से अधिक के अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने विभिन्न



चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करने के अपने अनुभवों से कैडेट्स को अवगत कराया। उन्होंने श्रीलंका, सियाचिन ग्लेशियर, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर भारत जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में सेवा देने के दौरान मिली सीख को विस्तार से बताया। इसके अलावा, उन्होंने अफ्रीका में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशनों में निभाई गई अपनी भूमिका का भी उल्लेख किया और बताया कि वैश्विक स्तर पर कार्य करते समय विविध परिस्थितियों में नेतृत्व कौशल का किस प्रकार उपयोग करना पड़ता है। राज्यपाल ने कैडेट्स से आह्वान किया कि वे राष्ट्र सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और अपने व्यक्तित्व में अनुशासन, समर्पण तथा नेतृत्व क्षमता का निरंतर विकास करें। उनके इस प्रेरक व्याख्यान से उपस्थित कैडेट्स और अधिकारियों में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार हुआ।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063

# ओवरलोड डंपरों से बढ़ा हादसों का खतरा, युवक की मौत से पसरा मातम



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निंदूरा, बाराबंकी। लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर ओवरलोड डंपर राहगीरों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। मौरंग और गिट्टी से भरे डंपरों से उड़ती धूल और कंकड़ बाइक सवारों व पैदल राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। स्थानीय लोगों ने परिवहन विभाग पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है।

इसी मार्ग पर सोमवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में पिंडसावा निवासी जुनेद (20) की मौत हो गई, जबकि नावेद आलम गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों युवक क्रिकेट टूर्नामेंट का सामान लेकर लखनऊ से लौट रहे थे, तभी बहरौली क्षेत्र में तेज रफ्तार हाफ डाला वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घायल नावेद का इलाज लखनऊ में चल रहा है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मानदेय वृद्धि पर शिक्षामित्रों का सम्मान, 18 हजार रुपये के प्रतीकात्मक चेक वितरित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक के निर्देशानुसार परिषदीय विद्यालयों के शिक्षामित्रों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन जीआईसी ऑडिटोरियम, बाराबंकी में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री (खाद्य एवं रसद) सतीशचंद्र शर्मा उपस्थित रहे। उनके साथ विधान परिषद सदस्य एवं जिला प्रभारी अवनीश कुमार सिंह, एमएलसी अंगद कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती राजरानी रावत, विधायक हैदरगढ़ रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह 'भुल्लन' वर्मा, जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अन्सुना दन और जॉइंट मजिस्ट्रेट सुश्री गुंजिता अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अतिथियों द्वारा शिक्षामित्रों को बढ़े हुए मानदेय (?10,000 से ?18,000) के प्रतीकात्मक चेक वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने अपने संबोधन में शिक्षामित्रों के समर्पण और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि मानदेय वृद्धि उनके सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मंजिल नहीं, बल्कि एक पड़ाव है और आगे भी शिक्षामित्रों के हित में कार्य जारी रहेंगे।

इस अवसर पर मा0 एमएलसी एवं जिला प्रभारी श्री अवनीश कुमार सिंह ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक और शिक्षा मित्र समाज एवं राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के शिक्षा सुधारों का उल्लेख करते हुए शिक्षामित्रों के योगदान की सराहना की।

एमएलसी श्अंगद कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी वर्गों के हित में निरंतर कार्य कर रही है और शिक्षामित्रों का योगदान शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण है।

विधायक हैदरगढ़, श्दिनेश रावत ने कहा कि शिक्षामित्र संगठनों की मांगों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने मानदेय वृद्धि का सराहनीय निर्णय लिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह 'भुल्लन' वर्मा ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

गोरखपुर से मुख्यमंत्री का सजीव संबोधन प्रसारित

कार्यक्रम के दौरान जनपद गोरखपुर में आयोजित शिक्षामित्र सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में शिक्षामित्रों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे बच्चों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं तथा सरकार उनके हितों के प्रति संवेदनशील है।

समाज निर्माण में शिक्षामित्रों की अहम भूमिका : डीएम

जिलाधिकारी श्री ईशान प्रताप सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षामित्रों के समर्पण एवं प्रेरणा को

**राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम सम्पन्न**

सम्मानित करने का अवसर है, जो समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के अंत में शिक्षामित्र संगठन के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल शर्मा एवं कोषाध्यक्ष संजय कुमार शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया।

समापन अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री नवीन कुमार पाठक ने सभी अतिथियों एवं अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी, उपायुक्त स्वतः रोजगार सुनील कौशल, परियोजना निदेशक राकेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी जैनेन्द्र कुमार, रमेश चंद्रा, फिजा मिर्ज़ा, राम नारायण, प्रमोद उपाध्याय, संजय राय, धर्मेंद्र प्रसाद, अश्वनी प्रताप सिंह, चंद्रशेखर यादव, मनीराम वर्मा, डीसी प्रशिक्षण विनीता मिश्रा, डीसी निपुण अमित कुमार, डीसी पीएम पोषण डॉ. पीयूष श्रीवास्तव, आशीष पाठक, सुभाष चंद तिवारी, ऋषि टंडन, रितु पाठक, आलोक वर्मा, लक्ष्मी सिंह, देशराज पांडे, चंद्रमौली द्विवेदी, रामसरन मौर्य सहित बड़ी संख्या में शिक्षामित्र एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## किमयू,की बैठक उठे महंगाई, सड़क सुरक्षा के मुद्दे

रामसनेहीघाट, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुरेतुला मजरे सनौली स्थित हनुमान मंदिर परिसर में भारतीय किसान मजदूर यूनियन सिंघानिया की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष सरदार वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कमर्शियल गैस सिलेंडर के बढ़ते दाम, निजी विद्यालयों की महंगी फीस, कोटवा सड़क पर फुट ओवरब्रिज निर्माण तथा बिना मानक चल रहे स्कूल वाहनों पर रोक लगाने की मांग उठाई गई। बैठक में संगठन पदाधिकारियों ने प्रशासन से समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। इस दौरान कई किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारी मातम में बदली, सड़क हादसे में युवक की मौत

निंदूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ–महमूदाबाद मार्ग पर सोमवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों युवक आगामी रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए सामान लेकर लखनऊ से बाइक द्वारा घर लौट रहे थे। बहरौली क्षेत्र में जिओ पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार हाफ डाला वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिंडसावा निवासी जुनेद (20) पुत्र शहाबुद्दीन की मौत हो गई, जबकि नावेद आलम (21) गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का इलाज लखनऊ के निजी अस्पताल में चल रहा है। युवक की असमय मौत से परिवार और गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## विद्युत व्यवस्था पर डीएम सख्त, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी श्री ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 1912 हेल्पलाइन पर प्राप्त विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायतों का त्वरित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

वर्तमान मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंधी–बारिश अथवा अन्य कारणों से बाधित होने वाली विद्युत आपूर्ति को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र बहाल किया जाए और फील्ड स्तर पर टीमें सक्रिय रहें।

डीएम ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही बिलिंग प्रतिशत को निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों को छात्र–छात्राओं की सुरक्षा के मद्देनजर प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से शिफ्ट कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा जनपद में संचालित निर्माणाधीन महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में विद्युत संबंधी कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराने पर भी बल दिया गया।

बैठक में अधीक्षण अभियंता इ. राजबाला, अधिशासी अभियंता विद्युत बाराबंकी सहित विभागीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## किन्नर के घर से लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में एक किन्नर के घर से मंगलवार को नकदी व जेवर चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, मोहल्ला शिवाजी नगर गली नंबर 6 निवासी किन्नर ममता चौहान अपनी सहयोगी रुखसार के साथ रहती हैं। ममता ने 2 मई को किदवई नगर निवासी एक युवक को अपने घर में पुताई का ठेका दिया था। 3 मई की सुबह करीब 7 बजे उक्त युवक एक मजदूर के साथ पुताई करने के लिए घर पहुंचा। बताया गया कि कमरे में पुताई कराने के दौरान ममता ने अलमारी का सारा सामान निकालकर तख्त पर रख दिया था। सुबह करीब 9 बजे दोनों युवक अचानक बिना बताए मौके से चले गए। 4 मई को ममता जब आरोपित युवक के घर पहुंची तो वह नहीं मिला। 5 मई को घर में मेहमान आने पर जब ममता ने अपना थैला देखा तो उसमें से एक सोने का छल्ला, एक सोने की अंगूठी, दो जोड़ी चांदी की पायल और 50 हजार की नकद गायब मिले।

# अवैध अनाज भंडारण पर प्रशासन सख्त एसडीएम के निरीक्षण से मचा हड़कंप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने मंगलवार को बदोसराय, मरकामऊ व रसूलपुर क्षेत्र के निजी बाड़ों और गोदामों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान अनाज खरीद से जुड़े वैध दस्तावेज मौके पर उपलब्ध न होने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए सभी बाड़ा संचालकों को दस्तावेजों सहित तलब किया।

निरीक्षण टीम में नायब तहसीलदार आशुतोष उपाध्याय, मार्केटिंग इंस्पेक्टर प्रमोद द्विवेदी, सप्लाई इंस्पेक्टर सुनील कुमार व बदोसराय पुलिस मौजूद रही। टीम ने गोदामों में रखी अनाज की बोरियों की गिनती भी करवाई। एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि बिना वैध दस्तावेज अनाज का भंडारण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गेहूं, सरसों समेत अन्य अनाज खरीद करने वालों को बुधवार तक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की कार्रवाई से बाड़ा संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

# मेडिकल कॉलेज निर्माण में 4 लाख की धोखाधड़ी, कोर्ट के आदेश पर तीन कंपनियों पर केस दर्ज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य में 4 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। भुगतान न मिलने से परेशान ठेकेदार ने न्यायालय की शरण ली, जिसके बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) के आदेश पर पुलिस ने तीन निर्माण कंपनियों के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली नगर क्षेत्र के सीताकुंड निवासी मुकेश प्रताप सिंह ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी फर्म मुकेश कंस्ट्रक्शन ने दुबेपुर स्थित मेडिकल कॉलेज निर्माण में गिट्टी, मोरंग की सप्लाई और जेसीबी से खुदाई का काम किया था। यह काम यूनिक इन्फ्रा इंजीनियरिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पीसीपी प्रोटेक्ट लिमिटेड और यूनिक हाउस के प्रोजेक्ट के तहत किया गया था। पीड़ित का आरोप है कि काम पूरा होने के बावजूद कंपनियों ने करीब 4 लाख रुपये का भुगतान नहीं किया। कई बार मांग करने पर भी उन्हें सिर्फ आश्वासन मिलता रहा और भुगतान टाल दिया गया। प्राथमिकी के अनुसार मेडिकल कॉलेज का निर्माण पूरा हो चुका है और इसे सरकार को सौंप दिया गया है। यहां कक्षाएं भी शुरू हो चुकी हैं, लेकिन ठेकेदार का बकाया अब तक नहीं चुकाया गया है। मुकेश प्रताप सिंह का कहना है कि कंपनी के अधिकारियों ने साजिश के तहत उनकी रकम हड़प ली। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने यूनिक हाउस के साइड इंचार्ज अमित यादव, पीसीपी प्रोटेक्ट लिमिटेड (उदयपुर) के मैनेजर और यूनिक इन्फ्रा इंजीनियरिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक के खिलाफ केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि इससे पहले पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को भी शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद सिविल जज (अवर खंड) सत्येंद्र कुमार मिश्र ने मामले को गंभीर मानते हुए कोतवाली नगर पुलिस को मुकदमा दर्ज कर जांच के निर्देश दिए। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि सरकारी प्रोजेक्ट में भुगतान में इतनी बड़ी गड़बड़ी आखिर किस स्तर पर हुई।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निराश्रित गो संरक्षण की बैठक सम्पन्न

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में निराश्रित गो संरक्षण की समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में गेहूं की कटाई हो चुकी है इस समय हमें भूसा सस्ते दर पर मिल सकता है इसलिए सभी गौशालाओं में छः माह का भूसा का भंडारण सुनिश्चित करा लिया जाए तथा हरे चारे की पर्याप्त उपलब्धता के लिए गोचर भूमि का समुचित उपयोग किया जाए। गौशालाओं के आस-पास गोचर की भूमि को चिन्हित कर उनमें नेपियर घास लगायी जाये, जिससे गोवंशों के लिए हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए स्वच्छ पेयजल, जूट/तात के पर्दों, पंखों एवं पानी के छिड़काव के माध्यम से गोवंशों को लू एवं अत्यधिक तापमान से बचाने की प्रभावी व्यवस्था की जाए। बीमार गोवंशों के लिए पृथक सिक वार्ड की व्यवस्था तथा नियमित चिकित्सा निगरानी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया।

# कागजों में विकास, ज़मीन पर सूखा नल, बुधनई ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की गूंज, जिम्मेदारों पर उठे सवाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी जनपद के विकासखंड सिद्धौर अंतर्गत ग्राम पंचायत बुधनई इन दिनों सवालों के घेरे में है, जहाँ ल्लकाग़ज़ों पर विकासङ्क और ज़मीनी हकीकत के बीच गहरी खाई दिखाई दे रही है। ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों ने पंचायत स्तर पर हो रहे कार्यों की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।

गांव निवासी वीरेंद्र कुमार के घर के पास लगा हैंडपंप पिछले चार महीनों से खराब पड़ा है, जिससे करीब दस परिवारों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद हैंडपंप की मरम्मत नहीं कराई गई। हैरानी की बात यह है कि 26 अप्रैल को इसी हैंडपंप के रिबोर के नाम पर 61,394 रुपये का

**खंड विकास अधिकारी नाराज दिए जांच के आदेश**

भुगतान कागज़ों में कर दिया गया। यानी पानी नहीं आया, लेकिन पैसा ल्लबहङ्क गया। मामला यहीं तक सीमित नहीं है। गांव में एक नाली, जिसे ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से पहले ही बना लिया था, उसी को आधार बनाकर करीब 38,000 रुपये का भुगतान निकाल लिया गया। सवाल यह उठता है कि जब काम जनता ने खुद कर लिया, तो सरकारी खजाने से भुगतान किस बात का?

इसी तरह राममिलन के घर के पास लगा एक और हैंडपंप पिछले सात महीनों से खराब है। मरम्मत के नाम पर धनराशि निकाले जाने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में कई हैंडपंप खराब पड़े हैं, लेकिन कागज़ों में सब ल्लदुरुस्तङ्क दिखाए जा रहे हैं।

सबसे दिलचस्प मामला 95,000 रुपये की लागत से प्रस्तावित आरओ वाटर कूलर का है। आरोप है कि इस योजना के नाम पर भी धनराशि निकाल ली गई, लेकिन गांव में आज तक वाटर कूलर का कोई अता-पता नहीं है। यानी ल्लपानीङ्क अभी भी सिर्फ कागज़ों में ही बह रहा है।

ग्राम पंचायत सचिव सियाराम का कहना है कि धनराशि निकाली गई है और जल्द ही कार्य कराए जाएंगे, साथ ही रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी। वहीं खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह ने पूरे मामले को गंभीर बताते हुए जांच के निर्देश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

> बिना कार्य कराए भुगतान करना गंभीर अनियमितता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रकरण की जांच कराई जाएगी और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
>
> श्रीमती पूजा सिंह
> खंड विकास अधिकारी
> सिद्धौर बाराबंकी

अब देखना यह होगा कि यह जांच वास्तव में निष्पक्ष होकर सच्चाई सामने लाती है या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा। फिलहाल बुधनई के ग्रामीणों के लिए विकास अभी भी एक वादा ही नजर आ रहा है, जो कागज़ों में तो पूरा हो चुका है, लेकिन जमीन पर आने का इंतजार कर रहा ।

# भक्ति और सेवा भाव में डूबा जनपद, बड़े मंगल पर जगह–जगह सजे भंडारे







**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगलवार पर जनपद भक्तिरस में सराबोर नजर आया। शहर से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों तक संकटमोचन हनुमान जी के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जगह-जगह सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, भजन-कीर्तन एवं विशाल भंडारों का आयोजन कर भक्तों ने प्रसाद वितरण किया।

शहर के धनोखर चौराहा, लखपेड़ाबाग, कैलाश आश्रम और बड़ी देवी मंदिर स्थित हनुमान मंदिरों में सुबह से ही दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। धार्मिक आयोजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा और देर शाम तक भंडारों में प्रसाद वितरण चलता रहा।

वहीं रामनगर तहसील क्षेत्र में भी बड़े मंगल का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कस्बे के पक्के तालाब स्थित हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजन, हवन और सुंदरकांड पाठ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। तहसील परिसर में राजस्व कर्मियों द्वारा भी भंडारे का आयोजन किया गया।

कस्बे के रानीगंज वार्ड में सभासद प्रतिनिधि एवं अधिवक्ता अवनीश मिश्रा ने परिवार और समर्थकों के साथ सुंदरकांड पाठ कर भंडारे की शुरुआत की, जो देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान नगर में घर-घर प्रसाद भी पहुंचाया गया। आयोजन में महंत बीपी दास, भाजपा नेता शरद अवस्थी, चेयरमैन रामशरण पाठक, बाबा बोधायन दास, पूर्व चेयरमैन बद्री विशाल त्रिपाठी समेत हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

''मसौली'' ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगल के अवसर पर विशाल ढाबा के सौजन्य से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन लखनऊ अयोध्या हाईवे पर स्थित कस्बा रसौली के महावीर नगर में विशाल ढाबा परिसर में हुआ जहाँ श्रद्धालुओं के लिए पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। भक्तों ने ढाबे के परिसर में बैठकर श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा आयोजक राजेन्द्र प्रसाद ने आए हुए सभी भक्तों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर राजेश कुमार, आशीष कुमार, अजय कुमार, विशाल, करन, आकाश, विक्रम चौधरी, शिव विशाल, लल्लन, तनु गौतम, सुधा, पूनम, आरोही, रिया, सत्य नाम, राधे श्याम, अमित कुमार, गोबिंद कुमार, अतुल, सुचित कुमार सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

''सिद्धौर' ब्लाक क्षेत्र के चंद्रभानपुर गांव? स्थित हनुमान मंदिर समेत,कस्बा सिद्धौर व आसपास के विभिन्न स्थलों पर जेष्ठ माह के बड़े मंगलवार के अवसर पर समाजसेवियों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने हनुमत प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण किया।इस दौरान रामभक्त हनुमान जी के जयकारों की गूंज से वातावरण भक्तिमय रहा।